आश्विन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 04:56
उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 17 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 332, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चांद की सतह में दबे हैं बर्फ के विशाल भंडार 16

रकुल ने दिखाया समर्पण खराब तबीयत में किया काम 15

## भारत पर आरोप लगाते वक्त नहीं थे ठोस सबूत : ट्रूडो

ओटावा, एजेंसी

**निज्जर हत्याकांड**



- सार्वजनिक जांच के सिलसिले में कनाडा के प्रधानमंत्री ने किया स्वीकार

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार को स्वीकार किया कि जब उन्होंने पिछले साल खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था, तब उनके पास केवल खुफिया जानकारी थी और कोई ठोस सबूत नहीं था।

संघीय चुनावी प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप की सार्वजनिक जांच के सिलसिले में ट्रूडो ने गवाही देते समय यह बात कही। ट्रूडो ने इस दौरान दावा किया कि भारतीय राजनयिक कनाडा के उन लोगों के बारे में जानकारी एकत्र कर रहे थे जो नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार से असहमत हैं, और इसे भारत सरकार के उच्चतम स्तर तक और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह जैसे आपराधिक संगठनों तक पहुंचा रहे थे। ट्रूडो ने कहा मुझे इस तथ्य के बारे में जानकारी दी गई कि कनाडा और संभवतः 'फाइव आईज' सहयोगियों से खुफिया जानकारी मिली है, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भारत इसमें शामिल था।

## अधिवक्ता संघ अध्यक्ष समेत चार नामजद, 40 अज्ञात पर एफआईआर

**लखीमपुर खीरी।** विधायक थप्पड़ कांड में खूब फजीहत कराने वाली सदर कोतवाली पुलिस ने आखिरकार जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह, उनकी पत्नी पुष्पा सिंह समेत चार नामजद व 40 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अर्बन कोआपरेटिव बैंक के संचालक पद के लिए नामांकन के दौरान विवाद के बीच बैंक की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा सिंह के पति जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह ने भाजपा सदर विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ मारा था। उनके समर्थकों ने भी मारपीट की थी। व्यापारी नेता राजू अग्रवाल को भी पीटा गया था।

## क्षेत्रीय सहयोग में आतंकवाद बन रहा बाधा: जयशंकर

इस्लामाबाद, एजेंसी

### एससीओ सम्मेलन में विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को उसी की धरती से दिया परोक्ष संदेश

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को उसी की धरती से परोक्ष संदेश देते हुए बुधवार को कहा कि यदि सीमा पार की गतिविधियां आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की तीन बुराइयों पर आधारित होंगी तो व्यापार, ऊर्जा और संपर्क सुविधा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की संभावना नहीं है।

जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापार और संपर्क पहलों में क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दी जानी चाहिए और भरोसे की कमी पर ईमानदारी से बातचीत करना आवश्यक है। विदेश मंत्री ने इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ देशों के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) के 23वें शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने की। जयशंकर मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। वह करीब एक दशक में पाकिस्तान की यात्रा करने वाले पहले भारतीय विदेश मंत्री हैं। शरीफ ने एससीओ के सम्मेलन को सबसे पहले संबोधित किया जिसके तुरंत बाद जयशंकर ने सम्मेलन में अपनी बात रखी। इस सम्मेलन में चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग भी शामिल हुए। जयशंकर ने ये टिप्पणियां पूर्वी लद्दाख में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच जारी सैन्य गतिरोध और हिंद महासागर एवं अन्य रणनीतिक जलक्षेत्रों में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत को लेकर चिंताओं के बीच की।



एससीओ सम्मेलन को संबोधित करते जयशंकर।

#### आपसी भरोसे से ही एससीओ सदस्य देशों को होगा लाभ

जयशंकर ने कहा कि सहयोग आपसी सम्मान और संप्रभुता की समानता पर आधारित होना चाहिए। यदि समूह आपसी भरोसे के आधार पर मिलकर आगे बढ़ता है तो एससीओ सदस्य देशों को काफी लाभ हो सकता है। विदेश मंत्री ने एससीओ के प्रत्येक सदस्य राष्ट्र द्वारा समूह के चार्टर का सख्ती से पालन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा आपसी विश्वास, मित्रता और अच्छे पड़ोसी के भाव को मजबूत करने के इसके सार पर प्रकाश डाला।

#### एससीओ चार्टर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ होनी चाहिए

जयशंकर ने कहा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे प्रयास तभी आगे बढ़ेंगे जब एससीओ चार्टर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ रहेगी। यह स्वत: सिद्ध है कि विकास एवं वृद्धि के लिए शांति एवं स्थिरता अनिवार्य है। जैसा कि चार्टर में स्पष्ट किया गया है, इसका अर्थ है- तीन बुराइयों का मुकाबला करने में दृढ़ रहना और समझौता नहीं करना। हमें आत्मावलोकन करने की आवश्यकता है कि कहीं अच्छे पड़ोसी की भावना गायब तो नहीं है और भरोसे की कमी तो नहीं है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई बड़े फैसले, रबी की छह फसलों में 130 से 300 रुपये तक की वृद्धि

# गेहूं का एमएसपी 2,425 रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

- गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 150 रुपये बढ़ाया

सरकार ने बुधवार को 2025-26 के विपणन सत्र के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को 150 रुपये बढ़ाकर 2,425 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। यह कदम प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले उठाया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाले विपणन सत्र 2025-26 के लिए छह रबी फसलों के एमएसपी में 130 रुपये से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक की वृद्धि की मंजूरी दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा खरीफ फसलों की तरह, रबी फसलों के लिए एमएसपी में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि गेहूं का नया एमएसपी उत्पादन लागत से 105 प्रतिशत अधिक है, जो एक बड़ी बात है।

सरकार ने रैपसीड और सरसों बीज के लिए एमएसपी भी 300 रुपये बढ़ाकर 5,950 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया, जिसका उद्देश्य घरेलू तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देना और खाद्य तेल आयात को कम करना है। कुसुम का समर्थन मूल्य 2025-26 के लिए 140 रुपये बढ़ाकर 5,940 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया, जो पिछले सत्र में 5,800 रुपये प्रति क्विंटल था। दलहन के मामले में, मसूर का समर्थन मूल्य 275 रुपये बढ़ाकर 6,700 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया, जबकि चने का एमएसपी 210 रुपये बढ़ाकर 2025-26 के लिए 5,650 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया। जौ का समर्थन मूल्य वर्ष 2025-26 के लिए 130 रुपये बढ़ाकर 1,980 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया, जो पिछले सत्र में 1,850 रुपये प्रति क्विंटल था। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली जैसे राज्य चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, वैष्णव ने एमएसपी बढ़ोतरी और आगामी चुनावों के बीच किसी भी तरह के संबंध की बात को खारिज करते हुए कहा कि इस तरह की घोषणाएं आमतौर पर इसी समय होती हैं। मंत्री ने कहा कि किसानों में सरकार के प्रति अच्छी भावना है। उन्होंने किसानों के जीवन में आए परिवर्तनकारी बदलावों का हवाला दिया। एमएसपी में की गई बढ़ोतरी वर्ष 2018-19 के केंद्रीय बजट की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसमें अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत का कम से कम 1.5 गुना समर्थन मूल्य निर्धारित करने की बात कही गई थी। सरकार को उम्मीद है कि इस बढ़ोतरी से किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा और फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा।



मंत्रिमंडल मंडल के फैसलों की जानकारी देते केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव।

#### केंद्रीय कर्मचारियों, पेंशनधारकों का महंगाई भत्ता तीन प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते (डीए) में तीन प्रतिशत की वृद्धि की बुधवार को घोषणा की। यह एक जुलाई, 2024 से प्रभावी होगी। इससे दिवाली त्योहार से पहले एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों तथा पेंशनभोगियों को लाभ होगा। मंत्रिमंडल ने दिवाली से पहले केंद्र सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) में उनके मूल वेतन/पेंशन पर तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की मंजूरी दी है। इससे पहले मार्च में सरकार ने एक जनवरी, 2024 से डीए/डीआर को चार प्रतिशत अंक बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था। मंत्री ने कहा कि डीए बढ़ोतरी अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-औद्योगिक श्रमिकों के 12 महीने के औसत पर आधारित है। डीए/डीआर में वृद्धि से सरकारी खजाने पर 9,448 करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। यह वृद्धि स्वीकृत सूत्र के तहत है जो सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। इससे करीब 49.18 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों और 64.89 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

#### किसानों का जीवन और आसान होगा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सीसीईए की ओर से विपणन सत्र 2025-26 के लिए सभी अधिदेशित रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दिए जाने से किसानों का जीवन और आसान होगा। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा अपने किसान भाई-बहनों के कल्याण के लिए हम निरंतर बड़े फैसले लेने में जुटे हैं।

#### एमएसपी में वृद्धि का निर्णय सराहनीय



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पर लिखा कि अन्नदाता किसानों के कल्याण के लिए सतत समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दृढ़ नेतृत्व में कृषि क्षेत्र को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर किया है। इस क्रम में आज केंद्रीय कैबिनेट द्वारा रबी विपणन सीजन 2025-26 के लिए रबी फसलों गेहूं, जौ, चना, मसूर, रेपसीड और सरसों, कुसुम के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि का निर्णय अत्यंत अभिनंदनीय है।

#### पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के लिए 35,000 करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली।** सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के इरादे से बुधवार को पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) के लिए 35,000 करोड़ रुपये मंजूर किए। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। इसका उद्देश्य किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करना और उपभोक्ताओं के लिए बाजार मूल्य को स्थिर करना है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को फसलों की कटाई के समय जल्दबाजी में आकर अपनी फसल बेचने से रोकना है। इससे दलहन, तिलहन और अन्य जरूरी कृषि एवं बागवानी वस्तुओं के उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, किसानों की आय बढ़ेगी और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी।

## वीआईपी सुरक्षा अब सीआरपीएफ के हवाले

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने एनएसजी कमांडो को हटाने का आदेश दिया



केंद्र सरकार ने वीआईपी सुरक्षा से आतंकवाद निरोधी कमांडो बल एनएसजी को पूरी तरह हटाने और अत्यंत जोखिम वाले नौ अति महत्वपूर्ण लोगों (वीआईपी) की सुरक्षा अगले महीने तक सीआरपीएफ को सौंपने का आदेश दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

गृह मंत्रालय ने विशेष रूप से प्रशिक्षित जवानों की एक नई बटालियन को सीआरपीएफ के वीआईपी सुरक्षा प्रकोष्ठ के साथ जोड़ने की स्वीकृति भी दी है। इस बटालियन को हाल में संसद सुरक्षा से हटाया गया था। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के ब्लैक कैट कमांडो द्वारा संरक्षित जेड प्लस श्रेणी के नौ वीआईपी लोगों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा अध्यक्ष मायावती, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, भाजपा नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद, एनसी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू हैं, जिन्हें अब सीआरपीएफ का सुरक्षा घेरा प्रदान किया जाएगा।

#### राजनाथ और योगी आदित्यनाथ को उन्नत सुरक्षा संपर्क प्रोटोकॉल

सूत्रों के अनुसार, इन नौ वीआईपी में से दो को सीआरपीएफ द्वारा दिया जाने वाला उन्नत सुरक्षा संपर्क (एएसएल) प्रोटोकॉल भी प्रदान किया जाएगा। इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ हैं। एएसएल में वीआईपी के आगामी दौरे वाले स्थान की पहले से जांच की जाती है। सीआरपीएफ देश में पांच वीआईपी के लिए इस तरह का प्रोटोकॉल अपनाता है, जिनमें गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और गांधी परिवार के तीन कांग्रेस नेता शामिल हैं।




#### सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा स्थगित

**लखनऊ।** 27 अक्टूबर को होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा-2024 को स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक हर्षदेव पाण्डेय ने विज्ञप्ति जारी की है। उन्होंने परीक्षा दिसंबर में होने की संभावना व्यक्त की है।

## जम्मू-कश्मीर में अब उमर सरकार

श्रीनगर, एजेंसी



- सरकार में शामिल नहीं हुआ कांग्रेस का कोई विधायक

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अब्दुल्ला और पांच मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इनमें जम्मू से सुरिंदर चौधरी भी शामिल हैं, जिन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। दूसरी बार मुख्यमंत्री बने उमर अपने दादा शेख अब्दुल्ला और पिता फारूक अब्दुल्ला के बाद इस पद पर आसीन होने वाले अब्दुल्ला परिवार की तीसरी पीढ़ी के नेता हैं। वह इससे पहले 2009 से 2014 के बीच जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री थे, जब यह पूर्ण राज्य हुआ करता था। मोदी ने उमर अब्दुल्ला को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए उनके और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेगी।

**प्रशासनिक परिषद के अधिकार वापस :** जम्मू-कश्मीर में नवनिर्वाचित सरकार के कार्यभार संभालने के कुछ ही घंटों बाद प्रशासन ने कई ऐसे आदेशों को रद कर दिया जिनके तहत केंद्र शासित प्रदेश के शासन के लिए उपराज्यपाल की अध्यक्षता वाली प्रशासनिक परिषद को अधिकार सौंपे गए थे। बयान के अनुसार, 2020 में शुरू किए गए कुछ सरकारी आदेश वापस ले लिए गए हैं।

## नायब सिंह सैनी आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ



- प्रधानमंत्री मोदी केंद्रीय गृह मंत्री शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी होंगे शामिल

**चंडीगढ़।** भाजपा नेता नायब सिंह सैनी ने बुधवार को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से राजभवन में मुलाकात की और राज्य में अगली सरकार बनाने का दावा पेश किया। सैनी गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। इससे कुछ घंटे पहले ही पंचकूला में हुई बैठक में सैनी को सर्वसम्मति से हरियाणा में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए। नवनिर्वाचित विधायकों कृष्ण कुमार बेदी और अनिल विज ने सैनी के नाम का प्रस्ताव दिया था।

## मस्जिद के केंद्रीय गुंबद के नीचे खुदाई कराकर हो सर्वेक्षण

वाराणसी, एजेंसी

**ज्ञानवापी मामला**

- हिंदू पक्ष ने एएसआई की विशेषज्ञता का हवाला दिया



वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष ने बुधवार को स्थानीय अदालत के समक्ष कहा कि पुरातात्विक चीजों की खोज में एएसआई को महारत हासिल है, लिहाजा मस्जिद के केंद्रीय गुंबद के नीचे खुदाई कराके ज्योतिर्लिंग के स्थान का सर्वेक्षण कराना चाहिए।

हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) जुगल शंभू ने दलीलें सुनने के बाद मामले की सुनवाई की अगली तारीख 19 अक्टूबर तय की है। अधिवक्ता यादव ने कहा हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने न्यायाधीश शंभू के समक्ष अपनी दलील में कहा कि पांच महिला वादियों के मामले में एएसआई सर्वेक्षण की कार्रवाई पहले भी की जा चुकी है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को खोदाई कार्य में विशेषज्ञता हासिल है।

## ईरानी युवती को देश छोड़ने की धमकी

**मुरादाबाद।** महानगर के हिंदू युवक से प्रेम विवाह करने वाली ईरानी युवती फायजा को कट्टरपंथियों ने भारत छोड़ने की धमकियां देनी शुरू कर दी है। पीड़ित फायजा ने बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और अपने पति और परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के कांठ रोड इंद्रप्रस्थ कालोनी निवासी यूट्यूबर सुमित दिवाकर की इंस्टाग्राम के माध्यम से ईरान की रहने वाले युवती फायजा से दोस्ती हुई थी और बाद में दोनों के बीच प्रेम हो गया था। फायजा ने बताया कि बीती 14 अक्टूबर को उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर साहिल शेख नाम के अकाउंट से धमकी भरा संदेश मिला।

## तीन दिन में 19 उड़ानों में बम की धमकी मिली, बुधवार को सात उड़ानें प्रभावित

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले तीन दिन में 19 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है और धमकी के कारण रियाद जाने वाली इंडिगो की एक उड़ान को मस्कट की ओर मोड़ दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

चौबीस घंटे से भी कम समय में नौ उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त सभी धमकियां झूठी निकलीं। बुधवार को इंडिगो की चार उड़ानें, स्पाइसजेट की दो उड़ानें और अकासा एयर की एक उड़ान को बम से उड़ाने की धमकी मिली। मंगलवार देर रात विस्तारा और एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक-एक उड़ान को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

#### धमकी देने वालों पर चलाएंगे मुकदमा: नायडू

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बुधवार को कहा कि सरकार विमानों मे बम रखे होने की धमकी से जुड़े मामलों पर करीबी नजर रख रही है और इस तरह की गतिविधियों के खिलाफ सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उड़ानों के संचालन में व्यवधान के लिए जिम्मेदार अन्य लोगों की पहचान करके उन पर मुकदमा चलाया जाएगा।

#### मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ से किशोर को उठाया

**मुंबई/राजनांदगांव।** मुंबई पुलिस ने 14 अक्टूबर को सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से तीन विमानों में बम रखे होने की फर्जी धमकी देने के मामले में छत्तीसगढ़ के 17 वर्षीय एक लड़के को हिरासत में लिया है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि एक दुकानदार के साथ वित्तीय विवाद के बाद लड़के ने एक्स पर सोशल मीडिया अकाउंट बनाया और ये पोस्ट किए।

## अंधा नहीं कानून... न्याय की देवी की आंखों से हट गई पट्टी

### सुप्रीम कोर्ट में बदलाव, हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में ब्रिटिश काल की विरासत को पीछे छोड़ने के प्रयास में एक और अध्याय जुड़ गया है। सुप्रीम कोर्ट में न्याय की देवी यानि लेडी आफ जस्टिस की नई मूर्ति लगाई गई है। पहले इस मूर्ति की पहचान एक हाथ में तराजू, दूसरे में तलवार और आंखों पर पट्टी थी। अब इस मूर्ति की आंखों से पट्टी हटा दी गई है और हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब दी गई है। यह मूर्ति सुप्रीम कोर्ट के जजों की लाइब्रेरी में लगाई गई है। आंखों पर पट्टी अब तक कानून के अंधे होने का संकेत देती थी, साथ ही ये दर्शाती थी कि कानून की नजर में सब बराबर हैं। जबकि तलवार अथॉरिटी और अन्याय को सजा देने की शक्ति का प्रतीक थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस नई मूर्ति को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने ऑर्डर देकर बनवाया है। इसका उद्देश्य यह संदेश देना है कि देश में कानून अंधा नहीं है और यह सजा का प्रतीक नहीं है। मूर्ति के दाएं हाथ में तराजू बरकरार रखा गया है, क्योंकि यह समाज में संतुलन का प्रतीक है। तराजू दर्शाता है कि कोर्ट किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले दोनों पक्षों के तथ्यों और तर्कों को देखते और सुनते हैं। मूर्ति को ब्रिटिश शासन की विरासत को पीछे छोड़ने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। हाल ही में भारत सरकार ने ब्रिटिश शासन के समय से लागू भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू किया था। लेडी ऑफ जस्टिस की मूर्ति में बदलाव करना भी इसी कड़ी के तहत उठाया कदम माना जा सकता है। सीजेआई ऑफिस से जुड़े प्रमुख सूत्रों ने बताया कि सीजेआई का मानना है कि भारत को ब्रिटिश विरासत से आगे बढ़ना चाहिए।



#### जस्टिस संजीव खन्ना हो सकते हैं अगले सीजेआई

सुप्रीम कोर्ट के दूसरे सबसे वरिष्ठ जज जस्टिस संजीव खन्ना देश के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। वर्तमान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने जस्टिस खन्ना को अगला सीजेआई बनाने की सिफारिश केंद्र सरकार से की है। केंद्र सरकार यह सिफारिश मानती है तो 10 नवंबर को जस्टिस खन्ना सीजेआई पद संभालेंगे। वर्तमान जस्टिस चंद्रचूड़ उसी दिन सेवानिवृत हो रहे हैं। जस्टिस खन्ना का कार्यकाल 23 मई, 2025 तक होगा।



डीवाई चंद्रचूड़



संजीव खन्ना

## आज का मौसम

धूप खिलेगी और आसमान साफ रहेगा

32.0° अधिकतम तापमान | 19.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- रोटरी क्लब बरेली साउथ के 38वें विराट दशहरा मेला का बरेली क्लब में उद्घाटन शाम 7 बजे।
- जीआरएम स्कूल नैनीताल रोड पर दो दिवसीय अंतर विद्यालय शतरंज चैलेंज प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से।
- महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव मेला समिति की ओर से वाल्मीकि सद्भावना मेले में स्टार नाइट शाम 6 :30 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में कार्तिक माह में कार्यक्रम सुबह 9 बजे।
- 68 वीं प्रदेशीय विद्यालय वालीबॉल प्रतियोगिता राजकीय इंटर कॉलेज में बालिका वर्ग समापन और बालक वर्ग की शुरुआत दोपहर 1 बजे।

# विवाद: चौकी चौराहे से नेहरू जी की प्रतिमा हमेशा के लिए हटा दी या फिर लगेगी

## चौराहे के सौंदर्यीकरण के लिए हटाई गई थी, काम पूरा होने के बाद भी नहीं लगी, कांग्रेस ने मोर्चा खोला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी कंपनी की ओर से चौकी चौराहे की रोटरी के सौंदर्यीकरण के दौरान हटाई गई देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा अब तक दोबारा न लगाए जाने पर विवाद शुरू हो गया है। यह प्रतिमा दोबारा चौराहे पर लगेगी या नहीं, अफसर इस पर गोलमोल जवाब दे रहे हैं। कांग्रेस ने इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

चौकी चौराहे की रोटरी में नेहरू जी की प्रतिमा तमाम बरसों से स्थापित थी। छह महीने पहले स्मार्ट सिटी कंपनी की ओर से रोटरी को चौड़ा कराने के साथ उसके सौंदर्यीकरण का काम शुरू कराया गया तो प्रतिमा को यहां से हटा दिया गया। अब काम पूरा हो चुका है लेकिन नेहरू जी की प्रतिमा अब तक दोबारा अपनी जगह नहीं लग पाई है। कांग्रेस नेताओं ने इस पर अफसरों की मंशा पर सवाल खड़े करने शुरू करने के साथ तत्काल नेहरू जी प्रतिमा चौकी चौराहे पर स्थापित करने के लिए मुहिम शुरू कर दी है।

कांग्रेस नेता दबी जबान से अंदेशा जता रहे हैं कि चौकी चौराहे पर नेहरू जी की प्रतिमा के बजाय किसी और को स्थापित किया जा सकता है। मंगलवार को कांग्रेस के नेताओं का प्रतिमंडल इस बारे में मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल से मिलने पहुंचा था। उनके न मिलने पर अपर आयुक्त को ज्ञापन दिया था। अब एलान किया है कि प्रतिमा स्थापित नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे।



चौकी चौराहे की रोटरी पर प्रतिमा स्थापित करने के लिए बनाया गया फाउंडेशन काफी समय से खाली पड़ा है। ● अमृत विचार

### सरदार पटेल की प्रतिमा तो जहां के तहां लग गई

चौकी चौराहे से पहले स्मार्ट सिटी कंपनी की ओर से ही अयूब खां चौराहे का भी सौंदर्यीकरण कराया गया था। अयूब खां चौराहे की रोटरी पर देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थापित थी, उसे भी चौराहे का सौंदर्यीकरण करने से पहले हटा दिया गया था लेकिन सौंदर्यीकरण पूरा होने के बाद वहां पहले से भी विशाल प्रतिमा लगा दी गई। जनवरी में मेयर उमेश गौतम ने सरदार पटेल की नई प्रतिमा का अनावरण किया था।




### डीएम को कांग्रेस का ज्ञापन, एक सप्ताह में नेहरू जी की प्रतिमा न लगी तो आमरण अनशन करेंगे

**बरेली, अमृत विचार :** कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार को ज्ञापन देकर चौकी चौराहे से हटाई गई नेहरू जी की प्रतिमा वहीं पुनर्स्थापित करने की मांग की। जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि छह महीने पहले चौकी चौराहे का सौंदर्यीकरण कराने की बात कहकर वहां से जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा को हटा दिया गया था। उस दौरान कहा गया था कि सौंदर्यीकरण के बाद प्रतिमा को दोबारा वहीं स्थापित कर दिया जाएगा लेकिन अब तक प्रतिमा नहीं लगाई गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर नई प्रतिमा स्थापित कराकर पुरानी प्रतिमा कांग्रेस नेताओं को सौंप दी जाए। अगर प्रतिमा नहीं लगाई गई तो कांग्रेस धरना-प्रदर्शन के साथ आमरण अनशन भी करेगी। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष के साथ प्रदेश प्रवक्ता केवी त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश समेत कई लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### 31 अक्टूबर को ही मनाई जाएगी दिवाली

**बरेली, अमृत विचार :** ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक दीपावली का पर्व प्रदोष काल में मनाया जाता है। प्रदोष काल 31 अक्टूबर को लग रहा है। इसी दिन दिवाली मनाई जाएगी। पशुपति नाथ मंदिर के पुजारी मुकेश मिश्रा ने बताया कि विश्वकाशी पंचांग के अनुसार भी 31 अक्टूबर को प्रदोष काल है। सुरेश शर्मा नगर निवासी ज्योतिषाचार्य रमाकांत दीक्षित ने बताया कि यह पर्व एक ही तिथि को देश भर में एक साथ मनाया जाए। इसके लिए सभी शंकराचार्यों, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को पत्र भेजा जाएगा। दरअसल दिवाली 31 अक्टूबर मनाई जाएगी या 1 नवंबर को। इसको लेकर लोगों में संशय बना हुआ है।

### 31 हजार व्यवसायिक भवनों से वसूला जाएगा हाउस टैक्स

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम के कर विभाग ने वसूली लक्ष्य को पूरा करने के लिए 31 हजार व्यावसायिक भवनों की सूची तैयार की है। इन भवन मालिकों को नोटिस भेजकर कहा गया है कि अगर टैक्स से संबंधित कोई समस्या है तो नगर निगम में 31 अक्टूबर तक निराकरण करा लें और 10 प्रतिशत छूट का फायदा उठा सकते हैं। विभाग ने करीब 100 करोड़ रुपये के बकाया का डेटा तैयार किया है। सूची में 500 बड़े भवनस्वामी हैं। इस सूची में जीआईएस सर्वे के दौरान ऐसे भवनों को चिह्नित किया जो टैक्स दायरे में पहले नहीं थे। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्र ने टैक्स वसूली के लिए चारों जोन के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

# डोर टू डोर कलेक्शन..! यानी कूड़े के ढेरों पर नोटों की पैदावार

## नगर निगम की व्यवस्था पर आम लोगों के साथ कई पार्षदों ने भी उठाए सवाल, कहा- सिर्फ वीआईपी इलाकों में उठ रहा है कूड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कमजोर वर्ग की बस्तियों और सड़कों से कूड़ा न उठाने का आरोप
- सिकलापुर के पार्षद ने की अपने वार्ड में डोर टू डोर बंद कराने की मांग

**अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से डोर टू डोर कलेक्शन पर फिर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। एजेंसी की ओर से यूजर चार्ज की वसूली के बावजूद लोगों को उसकी रसीद न देने की तमाम शिकायतों के बीच अब कई पार्षदों ने आरोप लगाया है कि उनके वार्डों में कमजोर वर्ग की बस्तियों में कूड़ा ही नहीं उठाया जा रहा है। सिकलापुर के पार्षद जयप्रकाश राजपूत ने तो अफसरों से यह मांग तक कर दी है कि उनके वार्ड में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था फौरन बंद करा दी जाए।

नगर निगम के चारों जोन में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की जिम्मेदारी अलग-अलग फर्मों को दी गई है। दावा किया जाता है कि नगर निगम के इंटिग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर के जरिए कूड़ा उठाने में लगी गाड़ियों की लगातार निगरानी भी कराई जाती है। इसके बावजूद कूड़ा कलेक्शन में गड़बड़ी के साथ बड़े पैमाने पर वित्तीय हेराफेरी किए जाने के भी आरोप लगातार लग रहे हैं। अफसरों के दावे के मुताबिक नगर निगम क्षेत्र में कुल 2.09 लाख घर हैं जिनमें से से 1.25 लाख घरों से रोज कूड़ा कलेक्शन किया जाता है। कई पार्षद इस दावे को सिरे से खारिज कर रहे हैं।

> मार्च 2025 तक नगर निगम सीमा क्षेत्र में हर घर से डोर टू डोर कूड़ा उठना शुरू हो जाएगा। एजेंसी भवनों की श्रेणी के आधार पर शुल्क लेती है और 25 से 500 रुपये तक शुल्क वसूल कर सकती है। **- डॉ. भानु प्रकाश,** नगर स्वास्थ्य अधिकारी

सबसे गंभीर आरोप यह है कि वार्डों के सिर्फ वीआईपी इलाकों में कूड़ा उठाया जा रहा है, कमजोर और मलिन वर्ग की बस्तियों को छोड़ दिया जा रहा है। रामपुर बाग वार्ड की खुर्रम गौंटिया और सिकलापुर की किशनलाल गली, राधे गली, शास्त्रीनगर वार्ड में अशरफ खां छावनी, बांके छावनी जैसे इलाकों में कूड़े का उठान नहीं हो रहा है। कई वार्डों में कूड़ा उठाकर वहीं किसी खाली प्लॉट में फेंक दिए जाने की भी तमाम शिकायतें हैं।



कुष्ठ आश्रम रोड पर पड़ा कूड़ा खोल रहा डोर-टू-डोर कलेक्शन की पोल।

### पार्षद बोले- कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था फेल

> डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन फेल है। सड़क पर कूड़ा पड़ा रहता है। कर्मचारियों के आने तक का समय पता नहीं चलता। हमारे वार्ड में निम्नवर्गीय बस्तियों से कूड़ा उठना बंद हो गया है क्योंकि पता है कि वहां लोगों से पैसे नहीं मिलेंगे। अगर पूरे वार्ड का कूड़ा नहीं उठेगा तो कैसे स्वच्छता रैंकिंग में सुधार होगा। **- राजेश अग्रवाल,** पार्षद रामपुर बाग

> हमने तो कई बार डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का हिसाब मांगा लेकिन नहीं दिया गया। कई गलियां है, जहां के घरों से कूड़ा नहीं लिया जा रहा है। कागज में पांच कर्मचारी तैनात है लेकिन आता सिर्फ एक है। नगर निगम को मोटी चपत लगाई जा रही है। हमने अपने वार्ड में यह व्यवस्था समाप्त करने के लिए कहा है। **- जयप्रकाश राजपूत,** पार्षद सिकलापुर

> वार्ड में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले आते तो हैं लेकिन अगर सड़क पर कूड़ा पड़ा हो नहीं उठाते। वार्ड में दो मलिन बस्ती है, जहां वे जाते ही नहीं हैं। कहीं कूड़ा उठाते हैं तो खाली प्लाटों फेंक देते हैं। अगर इस व्यवस्था में सुधार हो जाए तो स्वच्छता के क्षेत्र में हम आगे हो जाए। इसको लेकर योजना बनानी चाहिए। **- गौरव सक्सेना,** नेता पार्षद दल सपा

### ज्यादा पैसे की वसूली ऊपर से रसीद भी नहीं देते

डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली एजेंसी को नगर निगम की ओर से प्रति घर 96 रुपये का भुगतान किया जाता है। एजेंसी की ओर से यूजर चार्ज वसूलकर नगर निगम में जमा किया जाता है। आरोप है कि ज्यादातर इलाकों में पूरी रकम घरों से ही ली जा रही है। प्रावधान है कि घर के आकार के हिसाब से 25 रुपये से लेकर सौ रुपये तक का यूजर चार्ज लिया जाए लेकिन एजेंसी के कर्मचारी सभी घरों से सौ रुपये की वसूली कर रहे हैं। बुधवार को सौ फुटा रोड स्थित एमईएस कॉलोनी में इस पर विवाद भी हुआ। लोगों का कहना था कि नगर निगम के वाहन लेकर कूड़ा उठाने वाले कर्मचारी एक तो पैसा ज्यादा मांग रहे हैं, दूसरे उसकी रसीद भी देने को तैयार नहीं हैं।

## प्लांट की मशीनें खराब, रास्ते में कूड़ा गिराते हुए आती मिलीं गाड़ियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर आयुक्त को औचक निरीक्षण में मिली कमियां, मांगा जवाब

**अमृत विचार:** नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बुधवार को बाकरगंज डलावघर में लगे लीगेसी प्लांट का निरीक्षण किया तो पोकलेन मशीनें खराब मिलीं। यहां गाड़ियां बिना तिरपाल से ढके कूड़ा लेकर आ रही थीं। इस पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जवाब-तलब किया है।

नगर आयुक्त के पास कई बार शिकायत आई कि बाकरगंज में डलावघर से लोग परेशान हैं।



प्लांट का निरीक्षण करते नगर आयुक्त।

नगर आयुक्त दोपहर बाद औचक निरीक्षण के लिए मौके पर पहुंच गए। उन्होंने रास्ते में देखा कि गाड़ियों में कूड़ा बिना ढके लाया जा रहा है और जगह-जगह रास्ते में गिर रहा है। प्लांट के पास भी खुली गाड़ियां कूड़ा लेकर आती मिलीं। इस पर उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि कूड़ा ढककर क्यों नहीं लाया जा रहा है। इस पर किसी ने अधिकारी ने जवाब नहीं दिया तो नगर आयुक्त नाराजगी जताई। वहीं कूड़ा निस्तारण के लिए लगी पोकलेन मशीनों खड़ी देखीं तो बताया गया कि मशीनें खराब हैं। नगर आयुक्त ने पर्यावरण अभियंता एसके राठी को निर्देश दिए हैं प्लांट की क्षमता बढ़ाने की व्यवस्था की जाए और मशीनों की संख्या बढ़ाई जाए।

## मौसम बदलने से निमोनिया के शिकार होने लगे बच्चे



जिला अस्पताल में भर्ती बच्चे।

**बरेली,अमृत विचार:** मौसम में लगातार बदलाव की वजह से बच्चे निमोनिया की चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में 1 से 15 अक्टूबर तक भर्ती हुए 19 बच्चों में निमोनिया की पुष्टि हुई है और गंभीर हालत होने पर दो बच्चों को हायर सेंटर रेफर किया गया। वार्ड में भर्ती तीन बच्चों का बुधवार को भी निमोनिया का इलाज चल रहा है।

जिला अस्पताल की एडीएसआईसी एवं वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अलका शर्मा के अनुसार बदल रहे मौसम में बच्चों के बचाव की जरूरत है। इसके लिए अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों को फ्रिज में रखी चीजें और आइसक्रीम का प्रयोग न करने दें। मच्छरदानी का प्रयोग करें। पंखे या एसी का प्रयोग अब न करें। सुबह और शाम हल्के गर्म कपड़े पहनाएं। खांसी और जुकाम होने पर चिकित्सक के परामर्श अनुसार दवा दें।

# फिर लोगों का सिरदर्द बनने लगे बिजली विभाग के मरम्मत कार्य

- कई इलाकों ने पूरे दिन झेला बिजली संकट, महानगर और रामगंगानगर में भी कटौती

**बरेली, अमृत विचार:** अनुरक्षण माह में मरम्मत कार्य की वजह से बुधवार को भी शहर के अलग-अलग इलाकों में शटडाउन लिया गया। ग्रीन पार्क और रामगंगानगर में 4 घंटे की कटौती की गई। सिविल लाइंस तृतीय और कैंट उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में काम कराने के लिए सप्लाई बंद रखी गई। सुभाषनगर और किला क्षेत्र में लोकल फाल्ट और कटौती की समस्या रही।

हरुनगला उपकेंद्र पर बुधवार को अनुरक्षण माह के तहत काम कराने की वजह से हरुनगला, गणेशपुरम, रुहेलखंड विश्वविद्यालय, पवन विहार, ग्रीन पार्क, सुपर सिटी, फाइक एन्क्लेव, सनराइज कॉलोनी, महेंद्र नगर, डोहरा रोड, रामगंगानगर, खुशबू एन्क्लेव, शिव शक्तिनगर, सुरेश शर्मा नगर, मेगा मेंशन, ट्रांसपोर्टनगर, गोल्डन ग्रीनपार्क, ग्रेटर ग्रीन पार्क, तुलसी नगर क्षेत्र में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक सप्लाई बाधित रही।

इसके अलावा सिविल लाइंस तृतीय उपकेंद्र के बालजती स्कूल, नवादा शेखान, क्रेन वाली गली में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रही। 33 केवी लाइन सदर कैंट पर भी काम कराने की वजह से सप्लाई बंद रही। किला के बाकरगंज, जसोली, मलूकपुर, किला फाटक, खन्नू मोहल्ला और गढ़ी चौकी से जुड़े इलाकों में ट्रिपिंग की समस्या रही।

# स्मार्ट टॉयलेट : ये छह करोड़ भी उन सपनों पर उड़े जो आपने दिन में देखे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शहर में 12 जगह बने सेंसरयुक्त शौचालय डेढ़ साल बाद भी नहीं आ रहे काम
- दो महीने पहले एजेंसी को चलाने की जिम्मेदारी देने का दावा भी निकला शगूफा

**अमृत विचार :** करीब एक हजार करोड़ के हवाई किले सरीखे स्मार्ट सिटी में छह करोड़ की हिस्सेदारी उन सेंसरयुक्त शौचालयों की भी है जो डेढ़ साल बाद भी किसी काम नहीं आ रहे हैं। शहर में 12 अलग-अलग जगहों पर बने इन सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग शुरू करने के लिए दो महीने पहले एक एजेंसी को जिम्मेदारी देने का दावा किया गया था लेकिन वह भी सिर्फ शगूफा निकला।

स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं पर करोड़ों रुपये फूंकने में किस तरह का कौशल दिखाया और निर्माण होने के बाद उनका सदुपयोग सुनिश्चित करने में किस कदर फिसड्डी साबित हुए, स्मार्ट शौचालय भी शहर में इसी का एक उदाहरण बने हुए हैं। अलग-अलग जगह बने स्मार्ट टॉयलेट पर करीब 5.97 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। डेढ़ साल तक बेकार पड़े रहने के बाद इसी साल 12 अगस्त को इन्हें चलाने की जिम्मेदारी कथित तौर पर सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन को दे दी गई लेकिन उनकी शुरुआत फिर भी नहीं हो पाई।



### अब हो रहे हैं बर्बाद

स्मार्ट टॉयलेट महिला-पुरुष के साथ दिव्यांगजन के लिए भी सुविधाजनक हैं। सेंसरयुक्त होने के कारण इनकी नियमित देखरेख की जरूरत थी लेकिन निर्माण पूरा होने के बाद अब धीरे-धीरे खराब हो रहे हैं। बताया जाता है कि अब तक इतना नुकसान हो चुका है कि इन्हें शुरू करने से पहले अब काफी काम कराने की जरूरत पड़ेगी, इसीलिए सुलभ इंटरनेशनल नाम की एजेंसी ने भी फिलहाल हाथ खींच रखे हैं। शहर में ये टॉयलेट रोहिला होटल के पास, आकाश विहार, सीआई पार्क, दशहरा ग्राउंड, धोपेश्वरनाथ मंदिर के पास, आरए बाजार, गांधी उद्यान, विकास भवन, बीआई बाजार, इज्जतनगर रेलवे स्टेशन, सीडीओ आवास के नजदीक और एससीएच तालाब के पास बनाए गए हैं।



> शहर में बने स्मार्ट टॉयलेट चलाने की जिम्मेदारी दी जा चुकी है। एजेंसी को इन्हें जल्द शुरू करने का निर्देश भी दिया गया है। अगर कहीं स्मार्ट टॉयलेट नहीं खुला है तो जल्द समुचित व्यवस्था की जाएगी। **– संजीव कुमार मौर्य,** नगर आयुक्त

### इसलिए थे स्मार्ट

स्मार्ट टॉयलेट में ऑटोमेटिक फ्लशिंग,इंटिग्रेटिड कंट्रोल कमांड सेंटर से निगरानी, पैसे डालने के लिए कलेक्शन बॉक्स, सेंसर आदि इनमें लगे हुए हैं। हालांकि काफी चीजें इस्तेमाल न होने से खराब हो चुकी हैं।

## नदौसी उपकेंद्र में पांच एमवी का ट्रांसफार्मर लगने से मिलेगी राहत

**बरेली, अमृत विचार :** नदौसी सब स्टेशन से जुड़े 30 से अधिक गांवों के लोगों को अब ओवरलोडिंग का संकट नहीं झेलना पड़ेगा। विभाग ने यहां एक और पांच एमवी का ट्रांसफार्मर लगाना शुरू कर दिया है।

नदौसी सब स्टेशन पर पांच एमवी का एक ही ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जो ओवरलोडिंग की वजह से दो महीने में दो बार फुंक चुका है। एसई ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि सब स्टेशन पर एक और पांच एमवी का ट्रांसफार्मर लगने से ओवरलोडिंग की समस्या दूर हो जाएगी।

**नदौसी और सरायतल्फी को मोबाइल ट्राली मिली:** नदौसी और सरायतल्फी सब स्टेशन को एक-एक मोबाइल ट्राली दी गई है। जिससे अचानक से ट्रांसफार्मर में खराबी होने पर मोबाइल ट्राली लगाकर आपूर्ति को बहाल कराया जा सके।



मॉडल टाउन की जर्जर सड़कों का निर्माण करने के साथ बीचोबीच खड़े खंभे भी हटाए जाएंगे। बिजली की सभी लाइनें अंडरग्राउंड की जाएंगी। ● अमृत विचार

# सीएम ग्रिड : सड़कों पर फिर 10 साल नहीं होगी खोदाई

## 46 करोड़ के बजट से चार वार्डों में होंगे काम, 70 फीसदी मॉडल टाउन में, बाकी 30 फीसदी तीन और वार्डों में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पंद्रह महीने में योजना पर क्रियान्वयन पूरा करने का लक्ष्य

**अमृत विचार:** सीएम ग्रिड योजना से मॉडल टाउन की तस्वीर तो बदलेगी ही, तीन और वार्डों के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। बेहतर सड़कों के निर्माण के बाद करीब एक लाख लोगों की आवाजाही आसान होगी। कार्ययोजना के अनुसार 46 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है। योजना के क्रियान्वयन के लिए पंद्रह महीने का समय निर्धारित किया गया है। दावा किया जा रहा है कि सड़कों को इस तरह बनाया जाएगा कि अगले 10 साल तक उन पर कोई खोदाई करने की जरूरत न पड़े।

मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम ( सीएम ग्रिड) अर्बन का लक्ष्य वार्ड 8 में आने वाले मॉडल टाउन को विकसित करने का है लेकिन इसका फायदा वार्ड 14 ब्रह्मपुरा, 16 संजय नगर, 50 जनकपुरी के लोगों को भी मिलेगा। इतना ही है कि मॉडल टाउन में 70 प्रतिशत काम होगा, बाकी 30 प्रतिशत इन तीन वार्डों में। मॉडल टाउन की जिन सड़कों का निर्माण होना है, वे फिलहाल काफी खराब हालत में हैं। रेलवे लाइन से डीडीपुरम चौराहा होते हुए गंगाशील अस्पताल तक कुष्ठ आश्रम रोड मार्ग पर एक हजार मीटर और सेंट फ्रांसिस स्कूल के सामने से गुप्ता वाच तक 440 मीटर सड़क का चौड़ीकरण भी किया जाएगा।

इसके अलावा सेलेक्शन प्वाइंट चौराहे से स्टेडियम रोड तक 574 मीटर लंबी और स्टेडियम रोड से संजयनगर पेट्रोल पंप से डेलापीर पेट्रोल पंप तक 1386 मीटर लंबी सड़क बनेगी। इसमें कुष्ठ आश्रम से कुछ दूर पर पुरानी रेलवे लाइन तक सड़क निर्माण होगा। इस मार्ग पर फिलहाल बिजली के तारों का उलझाऊ जाल है और सड़क भी टूटी हुई है। गंगाशील अस्पताल जाने वाली सड़क भी काफी खराब है। सेलेक्शन प्वाइंट के किनारे फुटपाथ धंस चुके है। इस चौराहे के आसपास बिजली के कई पोल यातायात बाधित करते हैं।



मॉडल टाउन में रेलवे लाइन के पास इस बदहाल सड़क की भी बदलेगी तस्वीर।

### सीएम ग्रिड के तहत मॉडल टाउन में होंगे ये काम

सड़कों के किनारे तीन मीटर चौड़े फुटपाथ, समान चौड़ाई की ट्रैफिक लेन, सार्वजनिक स्थान और स्ट्रीट फर्नीचर, ग्रीन कवर, ग्रीन सड़क सौर आधारित स्ट्रीट लाइट, चौराहों पर टेबल टॉप क्रॉसिंग फुटपाथ, बिजली के पोल हटाकर अंडरग्राउंड केबल डालने, ड्रेनेज निर्माण के साथ स्टेडियम रोड पर पाथ वे भी बनेगा।

> सीएम ग्रिड योजना से मॉडल टाउन का काफी विकास होगा। अभी सड़कें खराब होने से लोग दिक्कतें झेलते हैं। वार्ड में बिजली के तार भी बेतरतीब ढंग से फैले हुए हैं। इससे तीन और वार्डों के लोगों को फायदा मिलेगा। सबसे ज्यादा आवाजाही स्टेडियम रोड पर होती है जिसके बनने से काफी सहूलियत मिलेगी। **– सोनिया कपूर,** पार्षद

> सीएम ग्रिड योजना का टेंडर हो चुका है। सड़क बनाने के लिए 15 महीने का समय निर्धारित किया गया है। इसमें कई काम होने हैं। इस बात को ध्यान में रखकर काम कराए जाएंगे कि अगले 10 साल तक सड़क की खोदाई न करनी पड़े। **– मनीष कुमार अवस्थी,** मुख्य अभियंता निर्माण

# कहता है बरेली कॉलेज का अवैध कैफे... वो प्राचार्य भी थे ऐसे

## नियम-कायदों की धज्जियां उड़ाकर 2012 में साल भर के लिए शुरू कराया गया साइबर कैफे अब तक जहां का तहां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परिसर में व्यावसायिक गतिविधियां प्रतिबंधित, फिर भी 12 साल से अनदेखी
- किराया न मिलने के बावजूद बाद में आए प्राचार्यों ने भी नहीं की कोई आपत्ति

**अमृत विचार :** करीब 14 हजार विद्यार्थियों वाले बरेली कॉलेज में साइबर कैफे चलाने का मौका किस्मत चमकने से कम नहीं है। सारे कायदे-कानून ताक पर रखकर यह मौका मुफ्त मिल जाए तो कहने ही क्या। बरेली कॉलेज के सर्वाधिक चर्चित प्राचार्यों में रहे डॉ. आरपी सिंह ने करीब 12 साल पहले यह मौका अपने एक चहेते को दिया था, जिसके बाद तीन प्राचार्य और आए और चले गए लेकिन कैफे की ओर किसी ने आंख उठाकर नहीं देखा। कई बार कर्मचारी संगठन ने विरोध किया, कई बार कैफे में असामाजिक गतिविधियों का आरोप लगा, लेकिन उन्हें भी नजरंदाज कर दिया गया।

छात्रसंघ कार्यालय के बाहर साइकिल स्टैंड परिसर में बने एक कमरे में चल रहा यह कैफे बरेली कॉलेज में उस परंपरा की पहचान बना हुआ है जो छात्र राजनीति के जरिए अपने स्वार्थों को साधने के लिए कभी शुरू हुई थी और जिसे बाद में किसी ने नहीं छेड़ा। इस कैफे को चलाने के लिए फिलहाल आधिकारिक तौर पर कोई अनुमति नहीं है, न ही उसे चलाने वालों ने कॉलेज को कभी कोई किराया अदा किया। ऊपर से बिजली समेत कॉलेज के सभी उपलब्ध संसाधनों का भी यहां मुफ्त इस्तेमाल करने की छूट है। वर्ष 2012 में तत्कालीन प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह ने इसकी शुरुआत के पीछे छात्र हित का उद्देश्य बताया था। डॉ. आरपी सिंह ने सालभर की अनुमति की दी थी लेकिन उसी अनुमति से कैफे अब तक चल रहा है। दोबारा अनुमति अब तक नहीं ली गई। अब तक तीन प्राचार्य बदल चुके हैं।


खुद प्राचार्य के मुताबिक बरेली कॉलेज में चल रहा ये साइबर कैफे अवैध है।

### यहां व्यावसायिक गतिविधियां अवैध, अब रोक लगाएंगे

बरेली कॉलेज के मौजूदा प्राचार्य प्रो. ओपी राय का कहना है कि साइबर कैफे चलाने की कोई अनुमति कॉलेज प्रशासन ने नहीं दी है। बोले, कॉलेज परिसर में व्यावसायिक गतिविधियों की ही नहीं जा सकती हैं, इसलिए अनुमति देने का सवाल ही पैदा नहीं होता। ये कैफे अवैध है। बोले, यह तो नहीं पता कि तत्कालीन कॉलेज प्रशासन ने इस पर रोक क्यों नहीं लगाई लेकिन अब इस बारे में प्रबंधन से बात करके कैफे पर रोक लगाई जाएगी।

### बमुश्किल कैंटीन वापस ले पाया कॉलेज प्रशासन

बरेली कॉलेज प्रशासन ने वर्ष 2023-24 में कैंटीन चलाने के लिए टेंडर निकाला जिसे 13 हजार रुपये प्रतिमाह की दर से सक्सेना एसोसिएट को दिया गया। कैंटीन शुरू होने के तीन महीने के अंदर ही यहां इतने विवाद हुए कि उसे बंद कर दिया गया। इसके कुछ दिन बाद कैफे चलाने वालों ने कैंटीन में भी अपना सामान रख दिया। इस पर कर्मचारियों ने आपत्ति जताते हुए प्राचार्य से शिकायत की। तब कहीं कैंटीन का ठेका लेने वाली फर्म को ब्लैकलिस्ट करने के बाद उसमें ताला डाला गया।

### पेपर लीक कराने के भी लगे आरोप

बरेली कॉलेज के कई शिक्षकों का आरोप है कि अवैध साइबर कैफे से पिछले कई बरसों से प्रैक्टिकल और सेमेस्टर परीक्षाओं के पेपर लीक होने की बात सामने आती रही हैं। चूंकि कैफे को कॉलेज के आंतरिक लोगों का ही संरक्षण हासिल है, इसलिए इन मामलों पर न कोई जांच बैठी, न आरोप सिद्ध हो पाए।

### कॉलेज में ये फर्जीवाड़े भी रहे चर्चा में

- 4 सितंबर 2024 : एलएलबी में प्रवेश के दौरान चार विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा के अंकपत्र को एडिट कर प्रवेश लेने का खेल पकड़ा गया।
- 4 मार्च 2024 : बरेली कॉलेज में प्राचार्य की आईडी और पासवर्ड के जरिए स्नातक और परास्नातक की परीक्षा के सैकड़ों फार्म बिना फीस हुए जमा।
- 22 सितंबर 2020 : बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया में 35 विद्यार्थियों के प्रवेश में गड़बड़ी का मामला सामने आया।
- 01 फरवरी 2020 : प्रवेश प्रक्रिया के दौरान 40 फर्जी प्रवेश का मामला सामने आया।
- 04 सितंबर 2019 : प्रवेश प्रक्रिया में हुई सेंधमारी, 30 प्रमाणपत्रों में नौ प्रमाणपत्र फर्जी निकले।
- 16 सितंबर 2019 : प्रवेश प्रक्रिया में 27 दिव्यांग प्रमाणपत्रों की जांच में पाया गया कि छह विद्यार्थियों ने फर्जी प्रमाण पत्रों से प्रवेश लिया है।

### पर्स-मोबाइल भी होते हैं जमा

परीक्षा में मोबाइल, पर्स बैग पर पाबंदी रहती है, इसलिए परीक्षार्थियों की ओर से 20-30 रुपये शुल्क देकर कैफे में अपना निजी सामान रख जाता है। कई बार परीक्षार्थियों ने यहां रखे सामान के गायब होने की भी शिकायत की है। हालांकि इन शिकायतों को भी नजरंदाज कर दिया गया।

## धीरे-धीरे बढ़ने लगी ठंड, जल्द पारा 18 तक गिरने का पूर्वानुमान

**बरेली, अमृत विचार:** जिले के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट के आसार हैं, जिससे तापमान 18 डिग्री के आसपास पहुंचेगा।

बुधवार को भी जिले का तापमान सामान्य से कम रहा, इसकी वजह से सुबह और शाम को ठंड का अहसास हुआ। शाम को कुछ देर बादल छाए रहे। मौसम विभाग की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 31.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस कम 18.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक दो दिन बाद से अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड होगा, जिससे ठंड का अहसास और अधिक होगा।

## युवक से बाइक सवारों ने छीना मोबाइल

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने पैदल बात करते हुए जा रहे युवक का मोबाइल छीन लिया। युवक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नेकपुर निवासी राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि वह 22 सितंबर को एक निजी अस्पताल के पास मोबाइल फोन पर बात करते हुए जा रहे थे। इस दौरान दो बाइक सवार आए और उनके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। उन्होंने पीछा करने की भी कोशिश की लेकिन बाइक सवार बदायूं रोड की तरफ भाग गए।

थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शहर में मोबाइल छीनने की लगातार घटनाएं हो रही हैं लेकिन बदमाश पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। इससे पहले सेटेलाइट तिराहे के आसपास भी कई लोगों के मोबाइल बाइक सवार बदमाशों ने छीन लिए थे।

# करवाचौथ की खरीदारी के लिए 50 हजार नहीं दिए तो सिर फोड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पति ने थाना इज्जतनगर में पत्नी के खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार :** करवा चौथ पर खरीदारी करने के लिए 50 हजार रुपये न देने पर महिला ने पति के सिर में ईंट मार दी। पति ने थाना इज्जतनगर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

अहलादपुर निवासी हरीश कुमार ने बताया कि उसकी पहली पत्नी का निधन हो गया है। तीन साल पहले उसने दूसरी शादी की थी। दूसरी पत्नी के पहले पति से दो बच्चे हैं। करवाचौथ से पहले मंगलवार को उसकी पत्नी ने उससे खरीदारी करने के लिए 50 हजार रुपये की मांग की। वह साड़ी और जेवर समेत अन्य सामान खरीदना चाहती है। हरीश ने आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए पैसे देने से इन्कार कर दिया तो झगड़ा हो गया। इसी दौरान पत्नी ने ईंट उठाकर उसके सिर पर मार दी और सिर फट गया। पड़ोसियों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि मामले में शिकायत मिली है। जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आवारा कुत्ते ने दुकानदार पर हमला कर कई जगह काटा

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर रेलवे स्टेशन के पास आवारा कुत्ते ने दुकानदार पर हमला कर पैर और चेहरे पर काटकर घायल कर दिया।

रेलवे स्टेशन के सामने संतोष की दुकान है। वह बुधवार को दुकान के सामने बैठा था। वहां कई आवारा कुत्ते आपस में लड़ रहे थे। इसी बीच एक कुत्ते ने संतोष पर हमला कर दिया। कुत्ते ने संतोष के पैर पर दांत गड़ा दिया। संतोष ने बचने की कोशिश की तो कुत्ते ने उसके चेहरे पर हमला कर दिया और नाक के पास काटकर जख्मी कर दिया।

# पावर कॉरपोरेशन के रिश्वतखोर जूनियर इंजीनियर नंबर छह

## ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए 30 हजार लेते हुए एंटी करप्शन की टीम ने किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जेब से भी आठ हजार और घर से बरामद हुए 1.42 लाख कैश बरामद

**अमृत विचार :** नदौसी उपकेंद्र के जूनियर इंजीनियर आबिद हुसैन को एक किसान से ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आबिद के घर से भी 1.42 लाख का कैश मिला, जेब से 8200 रुपये मिले। आबिद पावर कॉरपोरेशन का छठा इंजीनियर है जिसे रिश्वतखोरी के मामले में कार्रवाई हुई है।

एंटी करप्शन टीम के इंस्पेक्टर प्रवीण सान्याल ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में जेई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके मुताबिक गांव बल्लिया निवासी सुनील कुमार ने एंटी करप्शन की टीम से शिकायत की कि उन्होंने पिता नत्थू लाल के नाम से खेत में ट्यूबवेल का कनेक्शन लेने के लिए 9 सितंबर को ऑनलाइन आवेदन किया था। जेई आबिद हुसैन ने स्थलीय सर्वेक्षण और एस्टीमेट बनाने के लिए 30 हजार रुपये की मांग की। शिकायत के बाद जेई को ट्रैप करने के लिए इंस्पेक्टर प्रवीण सान्याल के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जेई ने ने बुधवार दोपहर को जैसे ही रिश्वत के रुपये लिए उसे दबोच लिया गया। उसकी जेब की तलाशी ली तो 8200 रुपये बरामद हुए। टीम उसे उसके इज्जतनगर क्षेत्र के सनसिटी में घर पर ले गई जहां तलाशी में 1.42 लाख रुपये बरामद हुए। इसके बाद थाना फतेहगंज पश्चिमी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। आरोपी इंजीनियर को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। आबिद मूल रूप से कीरतपुर (बिजनौर) के मोहल्ला कायस्थान पीलीकोठी का रहने वाला है।

### 10 दिन पहले ही नदोसी उपकेंद्र पर किया था ज्वाइन

ट्यूबेल के कनेक्शन पर रिपोर्ट लगाने के नाम पर रिश्वत लेते पकड़े गए जेई आबिद हुसैन ने 10 दिन पहले ही नदोसी उपकेंद्र पर ज्वाइन किया था। इससे पहले वह रिठौरा उपकेंद्र पर तैनात था। वहां भी बिजली चोरों से वसूली जैसी शिकायतें अधिकारियों के पास पहुंची थीं लेकिन अधिकारियों ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

### मीरगंज एसडीओ और जेई भी फंसे हुए हैं जांच में

एसडीओ मीरगंज निखिल जायसवाल, जेई करुणेश मिश्रा पर भी बिजली चोरी का डर दिखाकर 80 हजार रुपये लेने का आरोप लगा है। जिसके बाद पीड़ित हेमराज की शिकायत पर एसडीआ और जेई की जांच कराई जा रही है। इस मामले में मध्यांचल मुख्यालय की तरफ से भी रिपोर्ट तलब की है।

> ट्यूबवेल के कनेक्शन के लिए 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते जेई को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ फतेहगंज पश्चिमी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।
> –यशपाल सिंह, सीओ एंटी करप्शन


जेई आबिद हुसैन।

### मुख्य अभियंता कार्यालय का बाबू 15 साल से एक ही पटल पर जमा

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्य अभियंता कार्यालय में तैनात एक बाबू 15 साल से अधिक समय होने के बाद भी एक पटल पर जमा है। बाबू पर साठगांठ से एक ही जगह टिके रहने का आरोप है। समय सीमा पूरी होने के बाद भी वह अधिकारियों की मेहरबानी से जमा हुआ है। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन के बरेली जिले में मुख्य अभियंता भले ही कोई रहे, लेकिन एक बाबू का सिक्का हमेशा चलता है। जिले में चार साल पूरे करने वाले अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों के तबादले हुए लेकिन बाबू का तबादला नहीं हुआ। वहीं 15 नवंबर से लागू होने वाली विद्युत प्रशासन कार्य प्रणाली व्यवस्था में भी मलाईदार पोस्टिंग के लिए बाबू ने अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जेई से संपर्क करना शुरू कर दिया है।

# नावल्टी चौराहे पर नगर निगम कर्मी को जेसीबी से उतारकर की मारपीट

## बाइक हटाने के लिए हार्न बजाने पर बोला हमला, कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नावल्टी चौराहे के पास नगर निगम कर्मी के साथ दुकानदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की और विरोध करने पर जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले में 10 से 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


जेसीबी चालक की पिटाई के मामले में पुलिस ने की पूछताछ। ● अमृत विचार

दीपक वाल्मीकि ने पुलिस से शिकायत की कि वह नगर निगम में जेसीबी के ड्राइवर हैं। वह बुधवार सुबह 11 बजे जेसीबी लेकर अयूब खां चौराहे की तरफ जा रहे थे, जैसे ही नावल्टी चौराहे के पास पहुंचा तो फैशन फुट वियर दुकान का मालिक बाइक लेकर खड़ा था। उन्होंने हार्न बजाकर उसे हटने के लिए कहा तो उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और जेसीबी से खींच कर नीचे उतार लिया। इस पर उसके साथ 10 से 12 अज्ञात लोग और आ गए और सभी ने उसके साथ जमकर मारपीट की। विरोध करने पर जातिसूचक गालियां दी। शोर-शराबा के बाद उसके अन्य साथियों ने आकर उसे बचाया। कोतवाली प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# बिजली विभाग में दौड़ रहा है करप्शन का करंट, उच्चाधिकारी रोकने में नाकाम

## महीने भर में ही दो जेई निलंबित, दो एसडीओ और एक जेई के खिलाफ कुछ समय पहले हुई थी कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली विभाग में इन दिनों करप्शन का करंट दौड़ रहा है। एक-एक कर रिश्वतखोरी मामले उजागर होने के साथ अब तक कई अफसरों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है लेकिन विभाग के उच्चाधिकारी यह सिलसिला रोक नहीं पा रहे हैं।

गर्मी भर पूरे जिले में छाए रहे बिजली संकट को दूर करने में पावर कॉरपोरेशन इतना ज्यादा नाकाम रहा कि यह मुद्दा शासन तक में गूंजा लेकिन विभाग में भ्रष्टाचार का करंट जमकर दौड़ा। किला उपकेंद्र पर बिजली चोरों को पैसे लेकर छोड़ने के मामले में एक महीने पहले जेई सुधीर कुमार और टीजी टू सूरज पाल को निलंबित करने के साथ संविदा कर्मचारी फुरकान की संविदा समाप्त की गई थी। इसके बाद 7 अक्टूबर को सनसिटी उपकेंद्र पर भूमिगत लाइन में बड़ा गोलमाल करने पर जेई अनिल कुमार को निलंबित कर दिया गया।

अब नदोसी उपकेंद्र पर तैनात जेई आबिद हुसैन को एंटी करप्शन की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। उनके निलंबन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। अधीक्षण अभियंता ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट मिलने के बाद जेई को निलंबित करके विभागीय जांच कराई जाएगी।

इससे पहले भी दो एसडीओ और एक जेई रिश्वतखोरी में निलंबित हो चुके हैं। कुतुबखाना पर रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार हुए संविदा कर्मचारी ने बताया था कि वह एसडीओ के लिए रिश्वत ले रहा था। तब एसडीओ गौरव शर्मा को निलंबित किया गया था। सुभाषनगर में भी संविदा कर्मचारी और जेई रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार हुए थे।

वहां भी रिश्वतखोरी में एसडीओ आरजे वर्मा के शामिल होने की पुष्टि हुई थी। वर्मा को भी रिपोर्ट दर्ज होने के बाद निलंबित किया गया था। शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ को भी पिछले दिनों लापरवाही के मामले में निलंबित कर दिया गया था।

## पुलिसकर्मी से की दो लाख की धोखाधड़ी

**आंवला, अमृत विचार :** पुलिसकर्मी के मकान में दरवाजे और खिड़की बनाने के नाम पर कारपेंटरों ने दो लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। पुलिसकर्मी ने मुख्यमंत्री कार्यालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मोहल्ला नगरिया सतन निवासी करवेंद्र सिंह ने बताया कि वह वर्तमान में कार्यालय अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) जनपद संभल में वाचक के पद पर नियुक्त है। नगरिया सतन में उसका मकान है, जिसमें दरवाजे और खिड़की का काम होना था। उसके पास ग्राम मानकपुर थाना बनियाठेर संभल निवासी जाहिद, जाकिर, आमिर अपने गांव के आसिफ, राशिद, विनोद को लेकर आए। उन्होंने उन्हें कारपेंटर बताया था। उन लोगों से ठेके में काम तय हो गया। वह लोग 18 अगस्त को उसके मकान में रखी लकड़ी बगैर बताए ले गये और उससे एक लाख 47 हजार रुपये नकद, 50 हजार एक सौ तीस रुपये ऑनलाइन खाते में डलवाकर ले गए।

## वित्तीय अनियमितताओं पर दो प्रधानों के अधिकार सीज

- तीन सचिवों के खिलाफ भी कार्रवाई का निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** भोजीपुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत तजुआ और चकदहा भगौतीपुर में वित्तीय अनियमितताओं पर दोनों प्रधानों के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए गए हैं। दोषी पाए गए तजुआ के दो और चकदहा भगौतीपुर के एक सचिव के खिलाफ भी कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

तजुआ के गोपाल सिंह, मुजफ्फर अली, सुरेश पाल आदि ने ग्राम प्रधान मिजबत पर सीसी सड़क और नाली निर्माण में सरकारी धन को हड़पने समेत कई शिकायतें की थीं। डीसीओ और आरईएस के एई से कराई गई जांच में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं पाई गईं। निर्माण कार्यों के दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए गए। डीएम ने जांच रिपोर्ट पर ग्राम प्रधान मिजबत के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज करने के साथ , सचिव मनीष अग्रवाल और आशीष कुमार के खिलाफ डीपीआरओ को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अंतिम जांच के लिए पीडी डीआरडीए और आरईएस के अधिशासी अभियंता को नामित किया है। चकदहा गांव के नबी हसन, अबरार अहमद, कमरेज ने शिकायत की थी। इसकी भी जांच डीसीओ और आरईएस के एई से कराई गई। आरोपों की पुष्टि के बाद डीएम ने ग्राम प्रधान छोटे के अधिकार सीज कर दिए। उपायुक्त स्वतः रोजगार और पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को अंतिम जांच सौंपी है।

# घनी आबादी में बने दो गोदामों से 60 क्विंटल पटाखे बरामद


पुलिस के साथ गोदाम में भरे पटाखों का निरीक्षण करतीं एसडीएम। ● अमृत विचार

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

- फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला खेड़ा और कुरतरा गांव में छापे

**अमृत विचार :** घनी आबादी के बीच कस्बे के मोहल्ला खेड़ा और गांव कुरतरा में एक ही व्यापारी के दो गोदामों में करीब 60 क्विंटल पटाखों का जखीरा मिला तो पुलिस और प्रशासन के अफसरों के होश उड़ गए। पटाखों की जखीरा जब्त कर दोनों गोदामों को सील कर दिया गया है।

सिरौली के गांव कल्याणपुर में 2 अक्टूबर को एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में सात लोगों की मौत के बाद जिले में अवैध पटाखा भंडारण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत एक सूचना पर पुलिस ने बुधवार शाम पहले मोहल्ला खेड़ा और फिर गांव कुरतरा में छापा मारा था। दोनों गोदामों 60 क्विंटल से ज्यादा पटाखों का जखीरा मिला तो अफसर सकते में आ गए। एसडीएम तृप्ति गुप्ता के मुताबिक दुकानदार के पास सिर्फ पटाखे बेचने का लाइसेंस था, लेकिन उसकी आड़ में उसेन करीब 60 क्विंटल पटाखों का भंडारण कर लिया था। देर रात गोदामों से पटाखे निकालकर उन्हें सील कर दिया गया। छापा मारने के दौरान एसडीएम के अलावा सीओ हाईवे नितिन कुमार और थाना प्रभारी राजेश बाबू मिश्र मौजूद रहे।

### रसोईघर के पास रखे मिले आठ क्विंटल पटाखे

मोहल्ला ठाकुरद्वारा में भी एक घर से करीब आठ क्विंटल पटाखे बरामद किए गए हैं। नायब तहसीलदार दीपक कुमार ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो पाया कि जहां पटाखे रखे गए थे, वहीं बराबर में रसोईघर बना हुआ था और पास ही में गैस सिलेंडर भी रखा था।

## युवक की जेब काट कर 40 हजार किए पार

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र स्थित बटलर प्लाजा में मोबाइल फोन खरीदने पहुंचे युवक की जेब काट कर चोरों ने 40 हजार रुपये पार कर दिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ककराला बदायूं निवासी जाहिद अली खां ने बताया कि 14 सितंबर को वह बटलर प्लाजा में मोबाइल फोन खरीदने आए थे।

# किसान बोले- छुट्टा पशु, बंदर और चीनी मिलें सबसे बड़ा सिरदर्द

## किसान दिवस में अफसरों के सामने किसानों ने गिनाईं समस्याएं, खाद की कालाबाजारी का भी आरोप लगाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वादे के मुताबिक गन्ना भुगतान न करने पर डीएम ने दी जेल भेजने की चेतावनी

**अमृत विचार :** तमाम आश्वासनों के बाद भी गांवों में छुट्टा पशुओं के फसलों को नष्ट करने की समस्या तो खत्म नहीं हो पाई, अब बंदरों ने भी किसानों को परेशान करना शुरू कर दिया है। विकास भवन सभागार में बुधवार को आयोजित किसान दिवस में किसानों ने अफसरों के सामने यह समस्या रखी। इसके साथ गन्ने का भुगतान न होने और खाद की कालाबाजारी के मुद्दे पर भी गुस्सा जताया।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किसान दिवस में पहले पिछले किसान दिवस में रखीं गई शिकायतों के निस्तारण पर बिंदुवार जानकारी दी गई। इसके बाद किसानों ने समस्याएं रखीं। नवाबगंज क्षेत्र से आए किसान छेदालाल ने चीनी मिल से निकलने वाली मैली किसानों को न मिलने का मामला उठाया। कहा, अब चीनी मिलों में पेराई चालू होने से पहले ही मैली का ठेका हो जाता है। मैली खरीदकर उसका गुल्ला बनाया जाता है इसलिए किसानों को खेत में डालने को मैली नहीं मिल पाती।

आंवला क्षेत्र से आए एक किसान ने छुट्टा पशुओं की समस्या उठाई। उन्होंने कहा कि हर बैठक में अफसर छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने का आश्वासन देते हैं लेकिन यह दिक्कत तो अब तक खत्म नहीं हुई, अब बंदरों का भी आतंक बढ़ता जा रहा है। बंदर तो छुट्टा पशुओं से भी ज्यादा नुकसान पहुंचा रहे हैं। फसलों को नष्ट करने के साथ घरों में भी घुस जाते हैं। बहेड़ी के वीरेंद्र ने गन्ना भुगतान न होने पर गुस्सा जताया। कहा, 14 दिन में भुगतान का नियम है, लेकिन साल भर बाद भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। बैठक में मौजूद चीनी मिल के जीएम ने अक्टूबर और नवंबर में 40-40 करोड़ और अवशेष भुगतान 20 दिसंबर तक करने का वादा किया। नवाबगंज शुगर मिल ने भी अक्टूबर तक सारा भुगतान करने का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने किसानों को आश्वस्त किया कि मिलों ने वादे के मुताबिक भुगतान न किया तो उसके जिम्मेदार अधिकारियों को जेल भेजा जाएगा। बहेड़ी के ही सीताराम ने बताया कि उनके नजदीक बैंक होने के बावजूद गन्ने का भुगतान दूर वाली बैंक में आता है। डीएम ने जिला गन्ना अधिकारी को समस्या का समाधान कराने का निर्देश दिया। सीताराम ने डीएपी की कालाबाजारी का भी मुद्दा उठाया। कहा, सोसाइटी पर 1350 की डीएपी है, लेकिन बाहर 15 सौ रुपये की बेची जा रही है। बहेड़ी सोसाइटी पर खाद न होने की समस्या उठाई। एक किसान ने मृदा परीक्षण की रिपोर्ट सही न दिए जाने की शिकायत की। सीडीओ जग प्रवेश, कृषि विभाग, बिजली विभाग, सिंचाई विभाग, उद्यान विभाग, नलकूप विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।



किसानों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी रविंद्र कुमार। ● अमृत विचार

### किसानों को बताया, कैसे कमाएं ज्यादा मुनाफा

किसान दिवस में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. रंजीत कुमार ने किसानों को खेती की नई तकनीक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रबी सीजन में गन्ना बुवाई के बाद बीच की दो लाइनों में सह फसलों के रूप में सरसों, मटर, मसूर, चना की बुवाई कर ज्यादा मुनाफा कमाया जा सकता है। जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने तिलहनी फसलों में बुवाई के समय सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग करने का सुझाव दिया। कहा, गन्ना आदि दूसरी फसलों में डीएपी की जगह एनपीके प्रयोग करने से ज्यादा फायदा होगा।

SHIKHAR NURSING HOME
शिखर
नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्सः-
Dr. R.K. Verma
M.D., P.D.C.C. Critical Care Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya
M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta
M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh
M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी. (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगों की कम्प्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगों के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशुल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट
ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम.
(A.N.M.) For Females only
Course Code- 13
Recognized by Indian Nursing Council
Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow
College Code - 092
बी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow)
College Code - 969
डी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to B.T.E. (Lucknow)
College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com,
shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

# वाल्मीकि मेले में पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## रंगारंग कार्यक्रमों के साथ तीन दिवसीय मेला शुरू, जेपी आर्केस्ट्रा ग्रुप ने गीतों से समा बांधा

कार्यालय संवाददाता, बरेली


वाल्मीकि सद्भावना मेले में मेधावी बच्चों को किया गया सम्मानित।

**अमृत विचार:** माधोबाड़ी नई बस्ती स्थित वाल्मीकि मेला ग्राउंड में बुधवार देर शाम तीन दिवसीय 44 वें वाल्मीकि सद्भावना मेला रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुरू हो गया। भाजपा के ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, पूर्व विधायक राजेश मिश्रा, राहुल जौहरी, मेला अध्यक्ष मनोज थपलियाल ने संयुक्त रूप से मेला का उद्घाटन किया। इस मौके पर सभी वर्ग के 50 छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं एवं दर्शकों ने जल बचाओ, वृक्ष बचाओ के नारे के साथ पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

दुर्विजय शाक्य ने भगवान वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने युगों पहले रामायण के जरिए परिवार, भाई, पिता, पुत्र, पति-पत्नी के रिश्तों के बारे में बता दिया था। राजेश मिश्रा (पप्पू भरतौल) ने कहा कि वाल्मीकि का प्रकट दिवस हम सबको उत्साह के साथ मनाना

- सभी वर्ग के 50 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

चाहिए। रात में मेले में मुम्बई से आए डांस ग्रुप ने नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन किया। दिल्ली से आए जेपी आर्केस्ट्रा ग्रुप ने गीत संगीत से कार्यक्रम में समा बांध दिया। मेले में खान-पान का लोगों ने आनंद लिया। विभिन्न स्टॉल से खरीदारी भी की। मेला की मुख्य आयोजन समिति के मनोज थपलियाल, दक्ष शर्मा पराशर, राजेन्द्र गुप्ता, आकाश पुष्कर, सुनील दत्त, विकास महर्षि, तरुण गंगवार, कंवल विग, आशीष जौहरी, योगेश बंटी, बंटी सिंह, विक्रम सिंह, अनिल नायर, संजीव सिंह, समित अग्रवाल, मोहित थपलियाल, रोहित थपलियाल, संजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

### वाल्मीकि प्राकट्य दिवस पर शहर में निकलेगी शोभायात्रा

मेला समिति के मीडिया प्रभारी विकास महर्षि ने बताया कि तीन दिवसीय मेले के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, वन एवं पर्यावरण डॉ. अरुण कुमार और विधायक संजीव अग्रवाल मुख्य अतिथि रहेंगे। शरद पूर्णिमा पर वाल्मीकि प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में शहर में विभिन्न स्थानों से शोभायात्रा निकाली जाएगी। विशेष आकर्षण स्टार नाइट होगी, जिसमें बॉलीवुड के अदाकर एवं गायक अरुण बख्शी अपनी प्रस्तुति से समा बांधेंगे।

### विश्व शांति के लिए हवन कर रामायण पाठ किया

बुधवार सुबह हरिद्वार से आए बाबा ब्रह्मदास ने विश्व शांति के लिए हवन किया। साथ ही कीर्तन एवं वाल्मीकि रामायण का पाठ किया। सुबह 10 बजे से जूनियर, सब जूनियर वर्ग की 100 , 200 मीटर दौड़, लंबी कूद की प्रतियोगिता कराई गई।

# कष्टों से बचने के लिए संतों के बताए मार्ग पर चलना होगा


आनंद आश्रम मंदिर में प्रवचन करते संत। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आनंद आश्रम में नरेश शास्त्री ने शरद पूर्णिमा का किया वर्णन

**अमृत विचार :** रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में 65 वें वार्षिकोत्सव में बुधवार को आचार्य पं. नरेश शास्त्री ने शरद पूर्णिमा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि इसी रात्रि में अमृत की वर्षा हुई थी। इसी रात्रि में प्रभु ने गोपियों के साथ महारास किया था।

महामंडलेश्वर स्वामी असंगानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि मनुष्य संसार में इसीलिए दुखी है क्योंकि कि वह माया से बंधे हैं। इस माया से बचने के लिए मनु भक्ति रूपी अमृत प्रकट होता है। मनुष्य को निरंतर प्रभु के भजन में लगे रहना चाहिए। महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चेतन ने कहा कि सभी दुखों का कारण मन को प्रभु भक्ति में लगाने के बजाए सांसारिक कार्यों में लगा दिया है। इस कष्ट से निकलने के लिए जो संतों के बताए मार्ग पर चलेगा और उनकी शरण में रहेगा उसके जीवन में दुख नहीं रहेगा। स्वामी ज्योतिर्मानंद ने कहा कि प्रभु की कथा सत्संग संसार में रहना सिखाती है। आनंद आश्रम ट्रस्ट के उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मंत्री नर सिंह मोदी, अनिल अग्रवाल, अनिल गुप्ता, रजनीश अग्रवाल, शशिकांत मोदी, प्रेम शंकर अग्रवाल, आनंद स्वरूप अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## जश्ने वारिस पाकः कव्वालों ने बांधा समा

**बरेली, अमृत विचार :** कोहाड़ापीर के एक शादी हॉल में बुधवार को जश्ने वारिस पाक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की सदारत अजमेर शरीफ के गद्दीनशीन सैयद फरदीन अली चिश्ती ने की। खानकाह ए वामिकिया के गद्दीनशीन सैयद असलम मियां वारसी ने वारिस पाक की जिंदगी पर रोशनी डाली। दरगाह अजमेर शरीफ से आए फरदीन अली चिश्ती ने ख्वाजा गरीब नवाज के मिशन को आगे बढ़ाने को कहा। देर रात महफिल कव्वाली का कार्यक्रम चलता रहा। कव्वाल अफान वारसी देवा शरीफ और जीशान फैजान बरेली ने कलाम से महफिल में समां बांध दिया। सुबह 4 :13 बजे कुल की रस्म अदा की गई। सैयद शबाब हुसैन वारसी, अख्तर हुसैन वारसी, नदीम हुसैन वारसी, अमन वारिस, इस्लाम, वारिस खान, सैयद मुबाशिर अली, मो. अज्जम वारसी, मिर्जा मोअज्जम बेग मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव
प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

चरक हैल्थ केयर
चरक पैथलैब
डॉ. राकेश मिश्रा
(MD, Dip Cardiology)
हृदय, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ
नियर चाट बाजार रोड़, 39-बी, एकता नगर, बरेली।
समय : प्रातः 9:00 am-10 am एवं सायं 3:00 pm-5:30 PM
मो. 9410200042, 9410200047

# बरेली क्लब ग्राउंड पर विराट रोटरी दशहरा मेला आज से


बरेली क्लब ग्राउंड पर देर शाम तक तैयारियां चलती रहीं।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तीन दिन के मेले में प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब बरेली साउथ का 38 वां विराट तीन दिवसीय दशहरा मेला बृहस्पतिवार शाम 5 बजे बरेली क्लब के ग्राउंड में शुरू होगा। मेले का उद्घाटन एडीजी जोन रमित शर्मा करेंगे। मेले में प्रवेश को सर्किट हाउस चौराहा और बिजलीघर दफ्तर सड़क की ओर प्रवेश द्वार बनाए गए हैं।

आयोजकों के अनुसार दशहरा मेले के पहले दिन जूनियर और सीनियर ग्रुप फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता होगी। प्रविष्टियां मेला प्रांगण में ली जाएंगी। जूनियर और सीनियर वर्ग में डांस बरेली डांस प्रतियोगिता भी होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन सीडीओ जग प्रवेश करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जाल मशहूर बैंड प्रस्तुति देगा।

**किड्स जोन बनाया, पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी :** मेले में बच्चों के लिए किड्स जोन बनाया गया है। वहीं, आयोजन को लेकर मेला डायरेक्टर अजय जसोरिया, सह मेला डायरेक्टर अंकुर बंसल, सह मेला डायरेक्टर विभोर अग्रवाल, अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव हिमांशु कौशिक, कोषाध्यक्ष विभोर भारतीय, विशाल अरोड़ा, रोहित जिंदल, अनिल अग्रवाल, राजीव बूबना, घनश्याम खंडेलवाल, संदीप मेहरा, रवि प्रकाश अग्रवाल, हरीश मलिक, मुकेश खंडेलवाल, राजीव तनेजा को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

### मेला उद्घाटन से पहले ब्रह्मदेव का किया पूजन

बुधवार को मेला ग्राउंड पर ब्रह्मदेव का पूजन किया गया। इस दौरान मेला डायरेक्टर अजय जसोरिया, सह मेला डायरेक्टर अंकुर बंसल, सह मेला डायरेक्टर विभोर अग्रवाल, मुकेश खंडेलवाल, संदीप मेहरा, हरीश मलिक, राजीव बूबना आदि मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए बर्तन खरीदने के आदेश

**बरेली, अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने जिला पोषण समिति की बैठक में अति कुपोषित बच्चों को कुपोषण से बाहर लाने के लिए कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने समीक्षा में पाया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए खाना बनाने वाले बर्तन, गैस सिलेंडर अभी तक नहीं खरीदे गए हैं। उन्होंने सीडीओ से कहा कि सभी बीडीओ और सीडीपीओ के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग करते हुए एक सप्ताह के अंदर बर्तन खरीदारी की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जिन जगहों पर 23 अक्टूबर तक सामान की खरीद नहीं हो पाती है, उनकी सूची मांगी है। उन्होंने रामनगर ब्लॉक के मऊचंदपुर में लर्निंग लैब शुरू करने के निर्देश दिए। इसके अलावा डीएम ने ब्लॉकों में सीडीपीओ कार्यालय बनाने के लिए भूमि चिह्नित करने, अक्रियाशील आंगनबाड़ी कर्मियों को नियमानुसार नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सीडीओ जग प्रवेश, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार यादव, पीडी डीआरडीए चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# त्योहारी सीजन के लिए बॉब उत्सव जमा योजना शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) ने बुधवार को बॉब उत्सव जमा योजना की शुरुआत की। यह 400 दिन की अवधि वाली सावधि जमा योजना है, जिसे विशेष रूप से त्योहारी सीजन के लिए शुरू किया गया है।

इसमें आम लोगों के लिए 7.30 प्रतिशत प्रति वर्ष, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.80 प्रतिशत प्रति वर्ष, अति वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष और उससे अधिक आयु के) के लिए 7.90 प्रतिशत प्रति वर्ष और नॉन-कॉलेबल जमा पर 7.95 प्रतिशत प्रति वर्ष तक की ब्याज दर प्रदान की जा रही है। यह योजना 3 करोड़ रुपये से कम की सावधि जमाओं पर लागू होगी। त्योहारी अभियान के एक हिस्से के रूप में बैंक ने 3 से 5 वर्ष से अधिक की अवधि के लिए ब्याज दरों में 30 आधार अंकों (बीपीएस) 6.50 प्रतिशत प्रति वर्ष से 6.80 प्रतिशत प्रति वर्ष तक की वृद्धि की है। दरों में इस वृद्धि से बॉब एसडीपी (सिस्टमेटिक डिपॉजिट प्लान) ग्राहक भी लाभान्वित होंगे। बॉब के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी देवदत्त चांद का कहना है कि ग्राहक बैंक ऑफ बड़ौदा की किसी भी शाखा के माध्यम से सावधि जमा या बॉब एसडीपी खाता खोल सकते हैं।

## छात्रों ने सीखे संचार कौशल के गुण



**बरेली, अमृत विचार :** इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में शिक्षा विभाग की ओर से 14 और 15 अक्टूबर को दो दिवसीय संचार वर्कशॉप का आयोजन हुआ, जिसमें बीएससी, बीए, बीएड और बीएलएड के प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने संचार कौशल के गुण सीखे। वर्कशॉप कुलाधिपति एवं मेयर डॉ. उमेश गौतम और कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम के निर्देशन में हुई। डॉ. रुबीना वर्मा, डॉ. वजीहा फातिमा, अमृतांश मिश्रा और बुशरा खानम ने सार्वजनिक भाषण, व्यक्तित्व विकास और लेखन कौशल पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो. वाईडीएस आर्या ने बताया कि शब्दों में बहुत ताकत होती है। आरके शुक्ला, डॉ. वैभव चौहान, दीपिका शर्मा, सारंधा शर्मा मौजूद रहीं।

## निशुल्क योग शिविरों का उठाएं लाभ



**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय योग संस्थान एवं साउथ सिटी रेसिडेंट सोसाइटी की ओर से पार्क में आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर का बुधवार शाम समापन हो गया। मुख्य अतिथि एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने लोगों से निशुल्क योग शिविरों का लाभ उठाने का आह्वान किया। बताया कि वह 20 वर्षों से योग से जुड़े हैं। योग शिक्षकों में डॉ. सौदान सिंह, एचडी सिंह, रामप्रवेश गंगवार, राजकुमार अग्रवाल, डोरी लाल गंगवार, तेजपाल गंगवार, डीडी गंगवार, पंकज कपूर, बृजेश सिंह, आरएल शर्मा आदि ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम का अभ्यास कराया। संयोजक डॉ. सुरेश रस्तोगी ने योग के फायदे बताए। समिति अध्यक्ष प्रभाकर बाबू, सचिव सौरभ पांडे एडवोकेट, जिला व्यवस्था प्रमुख डॉ. सौदान सिंह आदि ने एमएलसी का अभिनंदन किया। कोषाध्यक्ष अरुण मौर्य, महाराज सिंह, पूर्णेश मिश्रा, मिलन सिंह, राजेंद्र पाठक, डॉ अभिनव भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## इंटर स्कूल ड्रामेटिक में विद्या वर्ल्ड, जिंगल बेल्स स्कूल प्रथम




**बरेली, अमृत विचार :** इंडिपेंडेंट स्कूल्स एसोसिएशन की ओर से विद्या वर्ल्ड स्कूल में आयोजित आईएसए इंटर स्कूल ड्रामेटिक प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति दीं। प्रतियोगिता में विद्या वर्ल्ड स्कूल और जिंगल बेल्स स्कूल ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य डॉ. योहान कुंवर खेलों के प्रति छात्रों को जागरूक किया। इससे पहले मुख्य अतिथि एसपी सिटी मानुष पारिक ने कार्यक्रम की शुरुआत की। गेस्ट ऑफ ऑनर आईएसए अध्यक्ष निर्भय बेनिवाल, सचिव डॉ. अंकित बग्गा और सौभाग्य चौधरी रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. पूर्णिमा अनिल, डायरेक्टर रवि प्रकाश अग्रवाल, डॉ. संयोगिता चौधरी और डॉ. विपुल कुमार मेहरोत्रा शामिल रहे।

## फ्यूचर में फाइनेंशियल अवेयरनेस पर हुआ सेमिनार



**बरेली, अमृत विचार :** फ्यूचर यूनिवर्सिटी में बुधवार को फाइनेंशियल अवेयरनेस पर आयोजित सेमिनार में एमबीए और बीबीए के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि इन्वेस्टर सर्विस सेंटर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के वाइस प्रेसिडेंट मानिकंदन हरिहरन, चांसलर मुकेश गुप्ता, वाइस चांसलर प्रो. केपी यादव, उप कुलपति पंकज कुमार मिश्रा ने की। डॉ. हेमंत यादव ने वर्तमान में निवेश की जरूरत और उसके दूरगामी लाभों के बारे में बताया। मुख्य अतिथि ने रिस्क एवं रिटर्न, शेयर्स, म्यूचुअल फंड्स, सिक्योरिटीज मार्केट के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि, विवेक दुआ और श्रुति शर्मा को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।

## निबंध में अमित, जीलन जावेद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया




**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में बुधवार को विश्व खाद्य दिवस पर कई प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि संस्थान के संयुक्त निदेशक शैक्षणिक डॉ. एसके मेंदिरत्ता ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रत्येक व्यक्ति को पर्याप्त पौष्टिक, विविध, किफायती और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराना होना चाहिए। निबंध में अमित गंगवार, जीलन जावेद, उत्तम खाद्य उत्पाद में अभिषेक, कमल सोखल, पोस्टर में अदिति मंडल, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अभिषेक मिश्रा और कोमल सोखल प्रथम स्थान पर रहे। डॉ. एआर सेन, डॉ. गीता चौहान, डॉ राघवेंद्र सिंह, डॉ. असीम विश्वास, डॉ प्रिंस देवदासन, डॉ. सुमन तालुकदार, डॉ. तनवीर अहमद, डॉ. देवेंद्र, डॉ. सागर, डॉ ज्योति, डॉ. नेहा ठाकुर मौजूद रहीं। आयोजन पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग और संयुक्त निदेशालय प्रसार शिक्षा ने किया।

## बरेली कॉलेज के गेस्ट फैकल्टी को दिवाली पर वेतन वृद्धि का तोहफा

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में कार्यरत 27 गेस्ट फैकल्टी को दिवाली के मौके पर प्रबंधन ने तोहफा देते हुए 20-30 प्रतिशत की वेतन वृद्धि की है। शिक्षक लंबे समय से वेतन वृद्धि की मांग कर रहे थे। गेस्ट फैकल्टी में नॉन पीएचडी को 10 हजार और पीएचडी को 12 हजार रुपये वेतन मिलता है जो अब बढ़कर नॉन पीएचडी को 12 हजार और पीएचडी को 14 हजार रुपये हो जाएगा। नवंबर से गेस्ट फैकल्टी को बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि इस निर्णय के पीछे प्रबंधन की सोच है कि शिक्षकों का मनोबल बढ़ेगा और वे और अधिक मेहनत से छात्रों को शिक्षित कर सकेंगे।

# प्रदेशीय वालीबॉल: बरेली की टीमें क्वार्टर फाइनल में

### अंडर-14 में आगरा और अंडर-19 में आगरा और कानपुर को हराया, अंडर- 17 में गोरखपुर से हारी

कार्यालय संवाददाता,बरेली

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज में 68 वीं वालीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को अंडर 14 और 19 में बरेली की टीमों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

अंडर 14 में बरेली ने आगरा को 25-19, 25-16 से हराया। इसके बाद बरेली-गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज के बीच मुकाबले में बरेली को 25-5, 25-9 से हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा गोरखपुर ने अयोध्या को 2-0 से, झांसी ने सहारनपुर को 2-0 से, वाराणसी ने विंध्याचल को 2-0 से, प्रयागराज ने



राजकीय इंटर कॉलेज में वालीबॉल प्रतियोगिता में भिड़तीं झांसी और सहारनपुर की टीमें। ● अमृत विचार

आजमगढ़ को 2-1 से, मेरठ ने कस्तूरबा गांधी स्कूल को 2-0 से, लखनऊ ने मुरादाबाद को 2-0 से, अयोध्या ने सहारनपुर को 2-0 से, विंध्याचल ने प्रयागराज को 2-0 से, मुरादाबाद ने कस्तूरबा गांधी को 2-0 से और गोरखपुर ने सहारनपुर को 2-0 से हराया। अंडर-19 में बरेली ने पहले मैच में आगरा को 26-24, 25-15 से हराया और दूसरे मैच में कानपुर को 25-22, 25-16, 25-23 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज , मेरठ, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और बस्ती की टीम भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने में सफल रहीं। अंडर-17 वर्ग में बरेली को पहले मैच में वाराणसी और दूसरे मैच में गोरखपुर से हार का सामना करना पड़ा। लीग में बेहतर प्रदर्शन कर स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, अलीगढ़, गोरखपुर मंडल, झांसी, लखनऊ, वाराणसी, आगरा और प्रयागराज ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

## आजमगढ़ मंडल की टीम बाहर, जांच का आदेश

- वालीबॉल प्रतियोगिता में बाहरी खिलाड़ियों के खेलने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज में प्रदेशीय वालीबॉल प्रतियोगिता से आजमगढ़ मंडल की टीम को बाहर कर दिया गया। टीम में दूसरी जगह की दो खिलाड़ियों को शामिल करने का आरोप है। मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

मंडलीय क्रीड़ा सचिव नईम अहमद ने बताया कि अंडर-19 वर्ग में आजमगढ़ मंडल की टीम का अलीगढ़ से मैच था। पहला मैच खत्म होने ही वाला था कि आजमगढ़ की दो खिलाड़ियों के संदिग्ध होने की शिकायत आई। दोनों खिलाड़ियों के दस्तावेजों की जांच करने पर पता चला कि जो खिलाड़ी खेल रही थीं, उनके ही फोटो पात्रता के फार्म पर लगे हुए थे। खिलाड़ियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर पता चला कि अंशु के नाम पर रेनू राजभर और निशा के नाम पर अंशिका पासवान खेल रही थीं। जांच के अनुसार रेनू और अंशिका मऊ की रहने वाली हैं और महात्मा गांधी इंटर कॉलेज दलन छपरा बलिया की कक्षा 11 की छात्राओं के स्थान पर खेल रही थीं। छात्राओं ने पूछताछ करने पर बताया कि वह अपने शिक्षक के कहने पर यहां खेलने पहुंची हैं। खिलाड़ियों के बयान के बाद बलिया के रामनगर में कंपोजिट स्कूल में कार्यरत शिक्षक एवं टीम मैनेजर संजय सिंह पर भी कार्रवाई हो सकती है। रिपोर्ट तैयार कर जेडी बरेली और आजमगढ़ को भी भेज दी गई है।

## कोलकाता कांड के विरोध में आईएमए ने मनाया काला दिवस



आईएमए में कोलकाता कांड के विरोध में मनाया काला दिवस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**अमृत विचार :** कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद हुई हत्या पर आईएमए के डॉक्टरों ने बुधवार को काला दिवस मनाया। पीड़ित परिवार को न्याय में देरी पर चिंता जताई।

आईएमए अध्यक्ष डॉ. आरके सिंह ने कहा कि कई डॉक्टर और मेडिकल छात्र भूख हड़ताल पर हैं। उनका स्वास्थ्य गंभीर है। इसके बावजूद पश्चिम बंगाल सरकार ने डॉक्टरों की सुरक्षा और उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया है। चेतावनी दी कि मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो डॉक्टर्स राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने को मजबूर होंगे। आईएमए भवन में डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।

इस दौरान आईएमए पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल, डॉ. शालिनी माहेश्वरी, डॉ. विनोद पगरानी, डॉ. अनुजा सिंह, डॉ. संध्या गंगवार, डॉ. आशु हिरानी, डॉ. आर. के. भास्कर, डॉ. प्रगति अग्रवाल, डॉ. आरजी शर्मा, डॉ. विनय श्रीवास्तव, डॉ. दुष्यंत गुप्ता, डॉ. सोमेश मेहरोत्रा, डॉ. अल्पना गंगवार मौजूद रहीं।

## बरेली कॉलेज में मिड टर्म परीक्षाएं 21 से शुरू

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में स्नातक विषम सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षाएं 21 से 25 अक्टूबर तक होंगी। प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर के छात्रों की परीक्षाएं चार पाली में होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजेंद्र सिंह ने परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। बुधवार को एमएससी प्रथम सेमेस्टर की मिड टर्म की परीक्षाएं हुईं।

प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने सभी विभाग प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने संबंधित विषयों के मेजर और माइनर प्रश्न पत्र तैयार करें और 18 अक्टूबर तक परीक्षा नियंत्रक को सौंपें।

परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि विभाग प्रभारियों को विशेष रूप से ध्यान देने की सलाह दी गई है कि प्रश्नपत्रों में न केवल पाठ्यक्रम का समावेश हो, बल्कि छात्रों की समझ और कौशल को भी परखा जाए। छात्रों को परीक्षा केंद्रों पर समय से पहुंचने की सलाह दी गई है।

## फार्म जमा करने के लिए छात्र-छात्राओं को एक ही लाइन में लगाने का विरोध



प्राचार्य का घेराव करते एबीवीपी पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बरेली कॉलेज के प्राचार्य का किया घेराव

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बुधवार को बैक परीक्षा के फार्म जमा करने के लिए छात्र-छात्राओं के एक ही लाइन में लगने का विरोध जताते हुए प्राचार्य प्रो. ओपी राव का घेराव किया। कार्यकर्ता लगातार 2 घंटे तक प्राचार्य कार्यालय में विरोध करते रहे।

कॉलेज ईकाई के पदाधिकारियों का कहना है कि हर वर्ष फार्म जमा करने के लिए अलग-अलग काउंटर खुलते हैं लेकिन इस बार ऐसा नहीं करने से विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है। परिसर में सूचना केंद्र होना चाहिए ताकि छात्रों को दिक्कत न हो। आरोप लगाया कि प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम कोई देखरेख नहीं कर रही है और लगातार बाहरी छात्र अपना अड्डा जमाए हुए हैं।

महानगर मंत्री आनंद कठेरिया, इकाई अध्यक्ष आकाश दीप सिंह, विभाग सह संयोजक श्रेयांश बाजपेयी, हर्षवर्धन सिंह, कुनाल मिश्रा, गौरव गंगवार, माधव माहेश्वरी, गौरव पंत, प्रभाकर, लक्की शर्मा आदि मौजूद रहे।

## अंतर्मंडलीय कबड्डी में इज्जतनगर ने वाराणसी को हराकर जीती ट्रॉफी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रेलवे सुरक्षा बल अंतर्मंडलीय कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में इज्जतनगर मंडल ने वाराणसी मंडल को 67-19 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

रेलवे सुरक्षा बल रिजर्व लाइन इज्जतनगर के मैदान पर हुए फाइनल मैच में इज्जतनगर मंडल ने शुरू से ही अपनी बढ़त बना ली। मध्यांतर से पहले इज्जतनगर मंडल प्रतिद्वंदी टीम को तीन बार आल आउट कर 36-06 अंकों से बढ़त बनाने में सफल रही। उसके बाद वाराणसी मंडल की टीम के आनंद यादव ने इज्जतनगर मंडल की टीम को कुछ चुनौती जरूर दी लेकिन इज्जतनगर के जयदीप एवं मनदीप और अन्य युवा खिलाड़ियों के सामने टिक नहीं पाए और इज्जतनगर ने चौथी बार भी वाराणसी को आल आउट कर अंकों की बढ़त बरकरार रखी



इज्जतनगर मंडल की विजेता टीम के साथ रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी।

- दो दिवसीय रेलवे सुरक्षा बल अंतर्मंडलीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

और 67-19 अंकों एक तरफा जीत दर्ज की।

मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने विजेता और उप विजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इज्जतनगर मंडल के जयदीप को मैन ऑफ द टूर्नामेंट, मंदीप को बेस्ट कैचर और वाराणसी मंडल के आनंद यादव को बेस्ट रेडर का इनाम दिया गया। इसके अलावा रेलवे सुरक्षा बल इज्जतनगर महिला टीम के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जो इकलौती प्रतिभागी होने के कारण निर्विरोध विजेता घोषित की गई। इस मौके पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समवन्य) अरुन कुमार , वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर प्रवेश कुमार, वरिष्ठ कार्मिक एवं क्रीड़ा अधिकारी संदीप सिंह मौजूद रहे।



सही परामर्श सही इलाज



डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236
नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरुष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।
यदि आप
- मर्दाना कमजोरी
- शुक्राणु की कमी
- शीघ्रपतन

का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें
- जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
- क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा.आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drrpkakkarclinic.com
मिलने का समय
प्रातः 10 से 5 बजे तक

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षो से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 13 अक्तूबर 2024, रविवार
27 अक्तूबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

## कैदी हरपाल की पत्नी शरण देने के आरोप में गिरफ्तार

- कोर्ट ने थाने से ही जमानत देने का दिया निर्देश

बरेली, अमृत विचार : सेंट्रल जेल के कृषि फार्म से फरार कैदी हरपाल को शरण देने के आरोप में उसकी पत्नी नगीना देवी को थाना इज्जतनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नगीना को कोर्ट में पेश किया लेकिन कोर्ट ने सात साल से कम सजा वाली धाराओं की वजह से पुलिस को थाने से ही जमानत देने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस ने नगीना को नोटिस देकर थाने से ही जमानत दे दी। पुलिस उसके दोस्त रमेंद्र की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि कैदी हरपाल के 10 अक्टूबर को फरार होने के बाद उसकी पत्नी नगीना ने उसे शरण देने और भगाने में मदद की थी। जिसे पुलिस टीम ने बुधवार को इज्जतनगर रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया।

## बैंड पार्टी बुक करने के बहाने बुलाकर युवक को पीटा

बरेली, अमृत विचार : थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र में तीन नकाबपोश बदमाशों ने एक व्यक्ति की बैंड पार्टी बुक करने के बहाने जमकर पिटाई की। विरोध पर चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव त्रिकुनिया निवासी रमेश चंद्र सागर ने बताया कि वह हरूनगला में श्री कृष्णा बैंड के नाम से दुकान चलाते हैं। आरोप है कि बुधवार को सुबह 11:30 बजे के करीब उनके पास एक फोन आया और शादी के लिए बैंड बुक करने को कहा। आरोप है कि उसने चांदपुर बिचपुरी बुलाकर कहा कि यहीं पर आ जाओ बैठकर बातचीत कर लेंगे। आरोप है कि वह बिथरी चैनपुर में टंकी के पास चौराहे पर पहुंचे कि तभी तीन अज्ञात नकाबपोश ने घेर लिया और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने लाठी डंडों और चाकू से हमला कर दिया।

## दो युवकों का तमंचे के साथ वीडियो वायरल

बरेली, अमृत विचार : तमंचा हाथ में लेकर दबंगई दिखाते हुए दो युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो इज्जतनगर के फरीदापुर चौधरी का बताया जा रहा है। पुलिस वीडियो की जांच कर रही है। वीडियो में एक गली में दो युवक आते दिख रहे हैं। एक युवक हाथ में खुलेआम तमंचा लेकर चल रहा है। वहां खड़े तीन-चार लोग उसे देखकर डर जाते हैं। उसका साथी भी हाथ में असलहा के साथ दिख रहा है।

## युवक पर तमंचा तानकर ईंट से फोड़ा सिर

बरेली, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में एक युवक पर चार लोगों ने सिर पर तमंचा तानते हुए ईंट से हमला कर घायल कर दिया। लोगों की भीड़ आती देख जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुभाषनगर के मढ़ीनाथ निवासी अभिषेक कश्यप ने बताया कि वह 13 अक्टूबर को रात 10 बजे सिविल लाइन्स में खड़े थे। आरोप है कि इस दौरान प्रशांत रघुवंशी उर्फ बंटू ठाकुर का उसे फोन आया और पैसे की मांग करते हुए गाली-गलौज करने लगे। पैसे देने से इन्कार करने पर बंटू उनके पास अपने साथी रोहित यादव, छोटू यादव और नन्हे यादव के साथ आया और बंटू ने सिर पर तमंचा तान दिया और सभी ने मारपीट की। इस दौरान किसी ने उसके सिर में ईंट मार दी।

## कमरे में मिला महिला फॉलोवर का शव

बरेली, अमृत विचार : पुलिस लाइन के कमरे में महिला फॉलोवर का शव मिला। मुरादाबाद की रहने वाली 53 वर्षीय अतर कली के रिश्तेदारों ने बताया कि वर्ष 2004 में पति हरिशंकर के निधन के बाद वह फॉलोवर के पद पर बरेली पुलिस लाइन में तैनात थी। लंबे समय से वह सांस की बीमारी से जूझ रहीं थीं। बुधवार सुबह वह अपने कमरे में मृत पाई गईं। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## युवती को दूसरे समुदाय का युवक लेकर फरार

बरेली, अमृत विचार : अपनी चाची के घर जा रही एक युवती को दूसरे समुदाय के तीन लोग कार में बिठाकर बहलाफुसला कर भगा ले गए। युवती की 27 नवंबर को शादी है। परिजनों ने थाना किला में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक व्यक्ति ने बताया कि मंगलवार की शाम करीब 4 बजे उसकी 20 वर्षीय बेटी अपनी चाची के घर जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में गुलाम हुसैन अपने दो साथियों के साथ उसे बहलाफुसला कर ले गया। दो समुदाय से जुड़ा मामला होने से तनाव का माहौल है। आरोपी युवक एक संगठन से भी जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# फेस्ट मिराज : डीजे की धुनों पर छात्र-छात्राओं ने मचाया धमाल

## रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में हुआ आयोजन, गीत- संगीत के साथ डांडिया नृत्य की दी प्रस्तुति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रांगण में बुधवार को वार्षिक फेस्ट मिराज के तहत डांडिया और डीजे नाइट कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की शुरुआत बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल और रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह ने की।

उत्सव में संस्थान के 2021 बैच के एमबीबीएस के छात्र-छात्राएं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान डीजे की धुनों पर छात्र जमकर थिरके और गीत, डांडिया नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। शिक्षकों और चिकित्सकों ने भी डांडिया नृत्य में भाग लिया।

संचालन फेस्ट कमेटी प्रेसिडेंट एमबीबीएस के छात्र सुपर्व गंगवार, आयुष, आजाद सिंह, सूर्य सिंह, सेक्रेटरी आर्यन मिश्रा, शिवम त्रिवेदी, नित्या अग्रवाल, हर्षिता पांडेय, हर्ष, आशिया, मृदुल, नवदीप, तारिणी, खुशी केसरी ने किया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रजनीश पठानिया, डॉ. ज्योति पठानिया, डॉ. शलिनी चंद्रा, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. रश्मि कत्याल, डॉ. मिथिला बिष्ट, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान और छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।


रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज के झंडा ग्राउंड में आयोजित डांडिया-डीजे नाइट कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं।


डीजे की धुनों पर देर रात तक थिरकते रहे छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार


उत्सव में छात्र-छात्राओं ने कई शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### स्वच्छता अभियान : महिलाओं को नव देवी सम्मान



**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मेयर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने नवरात्र में चलाए गए स्वच्छता अभियान में विशेष योगदान देने वाली नौ महिलाओं को नव देवी सम्मान से सम्मानित किया। मेयर ने कहा कि नवरात्र के नौ दिन देवी के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। इन नौ दिनों में स्वच्छता के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं के सम्मान से मनोबल बढ़ेगा। यह महिलाएं समाज के लिए अपना योगदान दे रहीं, इससे अन्य लोगों को भी सीख मिलेगी। अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार यादव, उप सभापति सर्वेश रस्तोगी, योगेंद्र आदि मौजूद रहे। **इन महिलाओं को किया सम्मानित :** कार्यक्रम में पारूल मलिक, शालू, गीतू अरोड़ा, नीतू गुप्ता, सरोज सिंह, राशि पारासरी, प्रतिभा जौहरी, डॉ. शबीन अहसान और हरजीत कौर को सम्मानित किया गया।

### सतर्कता जागरूकता सेमिनार आयोजित



**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर मंडल के कार्मिक विभाग ने बुधवार को अधिकारी क्लब में सतर्कता जागरूकता सेमिनार मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव की अध्यक्षता में किया। सेमिनार में मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी डॉ. अजय सुआल ने बताया कि कि किसी दंड न्यायालय के आदेश के खिलाफ अपील के बारे में जानकारी दी। गोरखपुर मुख्यालय से आए उप मुख्य सतर्कता अधिकारी लेखा जेए वैन्ड्रीन ने चार केसों का जिक्र करते हुए बताया कि आज कल फर्जी प्रमाण पत्रों का चलन बहुत ज्यादा हो गया है। ऐसे मामलों में सतर्कता बरतने के बारे में जागरूक किया। वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक ओम प्रकाश मीणा ने जीईएम पोर्टल पर सामग्री खरीद के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने अपने अनुभवों के आधार पर रेल अनुशासन और अपील नियम के तहत कार्रवाई करते हुए बरती जाने वाली सतर्कता के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस मौके पर उप मुख्य सतर्कता अधिकारी यातायात शिवेन्द्र सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय अरुण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यूएस नाग, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रत्नेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

### हिमानी ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया



**बरेली, अमृत विचार :** इंद्रा नगर निवासी हिमानी राणा ने महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने थारू जनजाति की सांस्कृतिक धरोहर, पूर्वजों और उनकी परंपराओं को प्रस्तुत किया था। हिमानी बरेली कॉलेज की छात्रा हैं। बेटी की इस उपलब्धि पर पिता सहदेव सिंह राणा और माता माया देवी उत्साहित हैं।

### बच्चों को बाल रामायण की उपयोगिता बताई



**बरेली, अमृत विचार :** बाल रामायण जनमानस में सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और शैक्षिक चेतना के साथ आदर्शवादी चरित्र का निर्माण करती है। वह बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ उच्च संस्कारों को जागृत करती है। यह विचार लोकमान्य तिलक मेमोरियल विद्या मंदिर स्कूल की बाल सभा में डॉ दीपंकर गुप्त ने व्यक्त किये। उन्होंने आज के संदर्भ में बच्चों के लिए बाल रामायण की उपयोगिता के विषय में बताया। उन्हें श्रीराम के आदर्शमयी जीवन से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों को बाल रामायण की प्रतियां भी दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार, अध्यापक मोहम्मद इमरान, अध्यापिका कनक गुप्ता, डाली शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### यातायात नियमों के प्रति किया जागरुक



**बरेली, अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा पखवाड़े के समापन पर बुधवार को नेकपुर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर उमेश गौतम ने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। आरटीओ प्रशासन कमल प्रसाद गुप्ता ने बताया कि जब भी बाइक सवार घर से निकलें तो हेलमेट जरूर लगाएं। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने गोल्डन आवर में सही समय पर अस्पताल पहुंचने पर घायल व्यक्तियों की जान बचाने के लिए ट्रैफिक पुलिस के चार पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। इस मौके पर विष्णु इंटर कॉलेज के प्रवक्ता प्रवीण कुमार शर्मा, पीटीओ रमेश चंद्र प्रजापति मौजूद रहे। इस दौरान 42 लोगों को निशुल्क हेलमेट दिए गए।

# बरेली कॉलेज : नवंबर में पूरी होगी शिक्षक प्रोन्नत प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **12 विषयों के 18 शिक्षकों की होगी प्रोन्नति, 13 नवंबर को विश्वविद्यालय में होगी बैठक**

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए 13 नवंबर को बैठक होगी। इसमें बरेली कॉलेज के 12 विषयों के 18 शिक्षकों की प्रोन्नति होगी। इसमें पांच एसोसिएट प्रोफेसर को प्रोफेसर, दो असिस्टेंट प्रोफेसर को एसोसिएट प्रोफेसर और शेष के पे ग्रेड बढ़ाने के लिए रिपोर्ट देखी जाएगी।

18 शिक्षकों की प्रोन्नत प्रक्रिया करीब एक महीने पहले शुरू हुई। इसमें एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर बनने वालों में डॉ. संजय मल्होत्रा, डॉ. शैव्या त्रिपाठी, डॉ. बीनम सक्सेना, डॉ. ऋतु अग्रवाल और डॉ. शुभ्रा हैं। असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के लिए डॉ. रुपाली टंडन और डॉ. राकेश कुमार और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पूजा मालकर, डॉ. रामरतन, डॉ. आलोक कुमार यादव, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. शैलेष कुमार गुप्ता, डॉ. मजेंद्र दत्त समां, डॉ. रामअवध प्रजापति, डॉ. आनंद सागर, डॉ. हुकुम चंद, डॉ. अमित चिकारा और डॉ. विकास के ग्रेड पे में बढ़ोत्तरी होनी है। स्थापना प्रभारी डॉ. दयाराम गंगवार ने बताया कि नवंबर में ये प्रक्रिया पूरी होने के बाद निदेशालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## तुलसी मठ में मना शरद पूर्णिमा महोत्सव

**बरेली, अमृत विचार :** किला स्थित तुलसी मठ में बुधवार को शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। महंत स्वामी नीरज नयन दास ने राधा - कृष्ण, सीता राम आदि देवी देवताओं की पूजा की। दीप प्रज्जवलन, गणेश , सरस्वती वंदना के साथ हनुमान चालीसा, गोपी गीत, भ्रमण गीत गायन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बांसुरी वादक पं. सम्यक पराशरी ने विभिन्न रागों पर आधारित वादन कर पूरा वातावरण भक्तिमय बना दिया। प्रशांत उपाध्याय ने तबले पर संगत दी। पं. अवधेश गोस्वामी, आचार्य रीता शर्मा, रागनी, डा. निधि , रमेश पाल, पं. आशुतोष शर्मा, पं. योगेंद्र चतुर्वेदी ने विभिन्न रागों पर प्रस्तुति देते हुए प्रभु का गुणगान किया। एसपी सिटी मानुष पारिक, पूर्व रजिस्ट्रार रामेंद्र मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# संचारी रोग अभियान के लिए सैन्य क्षेत्र में भी स्वास्थ्य कर्मियों को मिलेगा प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में मलेरिया और डेंगू की रोकथाम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सैन्य क्षेत्र में भी संचारी रोग अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को प्रवेश देने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य समिति की इससे पहले हुई बैठक में बताया गया था कि कैंट क्षेत्र में संचारी रोग के केस मिले हैं लेकिन बाहर के स्वास्थ्य कर्मियों के प्रवेश पर रोक हैं। इस बार बैठक में सैन्य कार्यालय से प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में निर्देश दिए कि जो आशा व एएनएम सैन्य क्षेत्र में जाती हैं उनकी लिस्ट मोबाइल नंबर सहित मिलिट्री अस्पताल को उपलब्ध कराएं, जिससे आवश्यक औपचारिकता के बाद उनका प्रवेश हो सके। उन्होंने एएनसी रजिस्ट्रेशन, आभा आईडी, आशा व एएनएम की ट्रेनिंग, आयुष्मान कार्ड, व्यय की स्थिति, जननी सुरक्षा योजना के भुगतान और परिवार कल्याण कार्यक्रमों आदि की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने 90 आशाओं का प्रशिक्षण पूरा होने पर गुरुवार से ही संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सहयोग करने के निर्देश दिए। विकास खंड भोजीपुरा की एएनएम राजकुमारी को कार्य के प्रति लापरवाही पर नोटिस जारी किया जाए और सुधार न होने पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने डीपीओ को एएनसी रजिस्ट्रेशन बढ़ाने के लिए विकास खंड बहेड़ी, दमखोदा और मझगवां के एमओआईसी और आशा व एएनएम की बैठक करने के निर्देश दिए।

सभी एमओआईसी को निर्देश दिए कि अपनी-अपनी सीएचसी की कमियों को नोट करें और किस स्तर से कमी है उस पर मंथन करें और एक सप्ताह में इसमें सुधार किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# हवेली में सजी मुकेश के गानों की महफिल



मुकेश गायन प्रतियोगिता में अतिथियों के बीच अभिनेता मुश्ताक खान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता बरेली

**अमृत विचार :** बुलेट आर्केस्ट्रा की ओर से बुधवार देर शाम हवेली फन सिटी में मुकेश कुमार की याद में आयोजित गायन प्रतियोगिता में कलाकारों ने गीतों से समा बांध दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला, व्यापारी नेता गोपेश अग्रवाल, उद्यमी अनिल अग्रवाल, डॉ. सत्येन्द्र सिंह, पूर्व सीओ जगदीश पाटनी ने की। मुख्य अतिथि मशहूर अभिनेता मुश्ताक खान ने कसमे वादे प्यार वफा सब, बातें हैं बातों का क्या...गाना गाया तो दर्शक झूम उठे। उन्होंने कई डायलॉग भी सुनाए। दर्शकों ने तालियों से उनका स्वागत किया।

### मुश्ताक बोले, छोटे पर्दे से कम हुई थिएटर की वैल्यू

मुंबई से कार्यक्रम में पहुंचे अभिनेता मुश्ताक खान ने बताया कि वह 45 वर्षों से फिल्म और थिएटर में काम कर रहे हैं। छोटे पर्दे के चलते आज थिएटर की वैल्यू कम हो चुकी है। पहले कलाकारों को थिएटर के माध्यम से काफी कुछ सीखने को मिलता था। लोगों के बीच आपसी सौहार्द बनता था, लेकिन आज केवल पैसे की ही कीमत रह गई है। बरेली ने बॉलीवुड में कई स्टार दिए हैं।

● **मुंबई से पहुंचे अभिनेता मुश्ताक खान ने गीतों से बांधा समा**

पूजा सिंह ने ए हवा मेरे संग संग चल गाना गाकर प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने उन्हें सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि जगदीश पटनी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से युवाओं को फिल्म जगत में जाने की प्रेरणा मिलती है। बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आयोजक राजकुमार सम्दर्शी ने बताया कि कार्यक्रम गायक मुकेश कुमार की याद में 38 वर्षों से कराया जा रहा है। हर्षित दुबे, लईक अंसारी, रॉबर्ट जॉनसन, जितेंद्र गौतम, सलिल शुक्ला, पारस शुक्ला, महेश पंडित, अनुराग सिंह, ऋषि कुमार शर्मा, राजू, नवीन प्रेमी, बिलाल, शोयब सिद्दीकी, वसीम सिद्दीकी, मुशर्रफ चाचा आदि उपस्थित रहे।

## सात महीने बाद भी 50 हजार से अधिक बच्चों को नहीं मिली यूनिफार्म

● **सत्यापन नहीं हो पाने के चलते खातों में नहीं पहुंच पा रही धनराशि**

**बरेली, अमृत विचार :** शैक्षिक सत्र अप्रैल में शुरू होने के सात महीने बाद भी परिषदीय स्कूलों में बच्चों को यूनिफार्म और बैग के लिए धनराशि नहीं मिली है। जिले के 52,720 विद्यार्थियों के अभिभावक डीबीटी के माध्यम से 12 सौ रुपये का इंतजार कर रहे हैं।

अधिकारियों का कहना है कि बच्चों के आधार कार्ड का सत्यापन नहीं होने की वजह से योजना का लाभ नहीं मिल सका है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। प्रेरणा पोर्टल पर सितंबर में जिले के सभी ब्लॉकों के 2483 परिषदीय स्कूलों में 2,23,347 पंजीकृत विद्यार्थियों के सापेक्ष 1,70,627 की यूनिफार्म के साथ फोटो अपलोड की गई है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि सभी ब्लॉकों में आधार और सत्यापन कार्य तेजी से कराया जा रहा है। सभी ब्लॉक संसाधन केंद्रों में बच्चों का आधार बनाने के लिए विभाग की ओर से काउंटर भी लगवाए गए हैं। सत्यापन होने के बाद इस महीने के अंत तक सभी के खातों में धनराशि पहुंच जाएगी।

# आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया का महत्व बताया



प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. रतन पाल सिंह, डॉ. आरके भास्कर और डॉ. आशु हिरानी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **आईएमए और इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट ने प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया**

**अमृत विचार :** विश्व एनेस्थीसिया दिवस पर आईएमए और इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट की ओर से बुधवार को बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न अस्पतालों के 200 से अधिक पैरामेडिकल स्टाफ ने भाग लिया।

आईएमए भवन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर का संचालन करते हुए इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट के अध्यक्ष डॉ. आशू हिरानी और पूर्व अध्यक्ष डॉ. आर के भास्कर ने चिकित्सा आपात स्थितियों के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वित प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। आईएमए अध्यक्ष डॉ. आरके सिंह ने कहा कि ये प्रशिक्षण शिविर हमारे निरंतर प्रयास का हिस्सा है कि अस्पताल के कर्मचारी चिकित्सा आपात स्थिति के दौरान तेजी से और निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए तैयार हों। आईएमए के सचिव डॉ. रतन पाल सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. शिवम कमठान, डॉ. विनोद पगरानी, उपाध्यक्ष डॉ. डीपी. गंगवार, डॉ. ज्ञानेंद्र लाल गुप्ता, डॉ. सचिन अग्रवाल, डॉ. मोहम्मद खालिक अंसारी आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज तीसरी बार बना विजेता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **आईएसपीपीडी की ओर से आयोजित ओरल हेल्थ कांटेस्ट में लिया था भाग**

● **एक माह चलाया था जागरूकता अभियान, देश भर के डेंटल कॉलेज थे शामिल**

**अमृत विचार :** इंडियन सोसाइटी ऑफ पीडियाट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री (आईएसपीपीडी) की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ओरल हेल्थ कांटेस्ट में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (आईडीएस) लगातार तीसरी बार विजेता बना है। इससे प्रबंधन में खुशी का माहौल है।

गौरतलब है कि हर वर्ष आईएसपीपीडी एक माह (20 मार्च से 20 अप्रैल) तक ओरल हेल्थ कांटेस्ट आयोजित कराती है, जिसमें देश भर के डेंटल कॉलेज भाग लेते हैं। कांटेस्ट के तहत इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के बाल दंत रोग विभाग ने एक माह बाल दंत रोग चिकित्सा, जांच और जागरूकता अभियान चलाया था। एक माह के अथक प्रयास, लगन, मेहनत और डॉक्टर्स के समाज कल्याण के भाव ने इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज को तीसरी बार राष्ट्र विजेता बनाया।



कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत नायक को सम्मानित किया गया।

सितंबर के अंत में हुई आईएसपीपीडी की 45 वीं नेशनल कान्फ्रेंस में विजेता बने इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत नायक को कर्नाटक उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री डॉ. सुधाकर और महिला आयोग की चेयरमैन डॉ नागलक्ष्मी ने उन्हें सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किया था।

इस उपलब्धि पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल और प्रति कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल ने खुशी व्यक्त की है। प्राचार्य डॉ. सत्यजीत नायक ने इसका श्रेय कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकों और सभी छात्र-छात्राओं को दिया है।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र राघवेन्द्र को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **पुतान सिंह पुत्र बाबू सिंह निवासी मो. देवस्थान कस्बा व थाना बण्डा जिला शाहजहांपुर।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### नाबालिग को भगाने के आरोपी को भेजा जेल

**शेरगढ़ ,अमृत विचार :** पुलिस ने गश्त के दौरान नाबालिग को भगाकर ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गांव मवई काजियान निवासी शमीम के खिलाफ नाबालिग की मां ने भगाकर ले जाने की रिपोर्ट लिखाई थी ।तब से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी शमीम उसकी पुत्री को भगा ले गया था, जब उसके घर पर शिकायत करने गई तो उसके परिवार वाले उससे मारपीट पर उतारु हो गए। इसके बाद उसने नामजद रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर, आरोपी को जेल भेज दिया।

### ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे की शिकायत

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** ग्राम समाज की जमीन को दबंगों से कब्जा मुक्त कराने के लिए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम आंवला को दिया। मिर्जापुर गांव के बिजेंद्र और पप्पू ने मुख्यमंत्री को संबोधित दिए ज्ञापन में बताया कि गांव के तालाब की जमीन पर कुछ दबंग कब्जा करके मकान बना लिए हैं, घूरा भी डालते हैं तालाब पाट दिया है जिसमें पशु बांधते हैं। यदि कोई विरोध करता है तो गाली- गलौज पर उतारू हो जाते है। ग्रामीणों ने सरकारी भूमि से कब्जा हटवाने की मांग की है।

### युवतियों पर फब्तियां कसने वाला गिरफ्तार

**शीशगढ़, अमृत विचार :** कस्बे में चल रहे रामलीला मेले में लगी मीना बाजार में आने -जाने वाली युवतियों पर फब्तियां कसने वाले मजनू को पुलिस ने गिरफ्तार कर उस पर अग्रिम कार्रवाई की। मेला प्रभारी भूरे लाल ने बताया कि मंगलवार रात वह हमराह सिपाहियों के साथ मेले में ड्यूटी पर थे, मीना बाजार में एक युवक युवतियों पर फब्तियां कसते हुए उनसे दोस्ती करने की बात कहते हुए एक पर्ची पर लिखें फोन नंबर दिखा रहा था, इससे युवतियों और लड़कियों को परेशानी हो रही थी। उसे हिरासत में लेकर थाने लाया गया, तलाशी में उसकी जेब से 3070 रुपये बरामद हुए। उसने अपना नाम जुनैद निवासी जाफरपुर बताया।

### सत्यम ने नेट जेआरएफ में पाई 182 वीं रैंक

**देवरनियां , अमृत विचार :** दमखोदा ब्लॉक के ग्राम बंजरिया निवासी सत्यम गंगवार ने भौतिक विज्ञान विषय में 182 वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है । सत्यम गंगवार ने पूर्ण शिक्षा बरेली कॉलेज बरेली से प्राप्त की जिन्होंने एमएससी भौतिक विज्ञान परीक्षा 2021 में 79 प्रतिशत से उत्तीर्ण की थी । सत्यम के पिता डॉ सीएम गंगवार निहाल श्याम कॉलेज बरखापुर बरेली में प्राचार्य और मां पुष्पा रानी सीएसएन पीजी कॉलेज हरदोई में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है । बरेली सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने सत्यम को इस सफलता पर बधाई दी।



# डायरेक्टर के बाद अध्यक्ष के लिए खींचतान

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पिता ने 34 में से 30 मत पाकर दर्ज की एकतरफा जीत



गन्ना समिति के चुनाव में निर्वाचित होने के बाद प्रत्याशी प्रमाण पत्र के साथ।

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** गन्ना समिति के चुनाव में डायरेक्टर पद के लिए चुनाव जिले में शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। अब गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए मतदान होना है। अब तक के आंकड़ों पर नजर डाले तो अध्यक्ष पद का चुनाव भी निर्विरोध होना तय हैं।

गन्ना परिषद के परोथी मंडल से हुए डायरेक्टर पद के चुनाव में पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद दिवाकर के पिता गौरीशंकर ने 34 में से 30 मत प्राप्त कर इकतरफा जीत दर्ज की । उनके प्रतिद्वंदी कढ़ेराम को सिर्फ चार मत ही प्राप्त हुए । इसके साथ परिषद के सभी 9 मंडलों के प्रतिनिधियों का चुनाव संपन्न हो गया। परोथी के अलावा बाकी के आठ मंडलों क्योलड़िया, सिठौरा, पंडरी, पुरैनिया, बबूरी, बीजामऊ, महमुदापुर और सुन्दरी से पहले ही क्रमशः राकेश कुमार, सुरभीत सिंह, कृष्णा देवी, गौरव गंगवार, रामलली, निर्भय कुमार, सर्वेश कुमार व गिरजा शंकर निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। अब गुरुवार को इन्ही प्रतिनिधियों से अध्यक्ष का चुनाव होना है । परिणामों के अनुसार अध्यक्ष का चयन भी निर्विरोध तय माना जा रहा है।

### मीरगंज में 11 में से 10 प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए

**मीरगंज, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड मीरगंज के प्रबंध कमेटी सदस्यों ( गन्ना डायरेक्टरों ) का चुनाव शांतिपूर्ण हो गया। डायरेक्टर पद के लिए हुए चुनाव में प्रेमपाल निवासी मीरापुर 15 मतों से विजयी हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी धीरेंद्र सिंह को मात्र चार मत ही मिले। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम तृप्ति गुप्ता ने प्रमाण पत्र दिया। अब समिति के चेयरमैन पद के लिए घमासान होने की उम्मीद हैं। मतदान के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस फोर्स तैनात रही। सहकारी गन्ना विकास समिति के प्रबंध कमेटी और डायरेक्टर के लिए 11 में से 9 पदों के लिए एक एक पर्चा दाखिल होने के कारण निर्विरोध निर्वाचित हुए। आनन्दपुर एवं मोहम्मदगंज क्षेत्र के प्रबंध कमेटी सदस्यों के लिए मतदान होना था। आनंदपुर क्षेत्र से मैदान में उतरे प्रत्याशियों में समझौता होने से मुन्नी देवी पत्नी लक्ष्मण सिंह भी निर्विरोध चुनी गई। इससे पहले अगरास से रामगोपाल, केरा से वीरावती, खमरिया आजमपुर से रमेश कुमार, गोरा लोकनाथपुर से योगेंद्र सिंह, जुन्हाई से हरीराम, ठिरिया खुर्द से तेजपाल सिंह फौजी, नरखेड़ा से कल्यान राय , बसई से सूर्यकांत, सिंधौली से चन्द्र प्रकाश को पहले ही प्रबंध कमेटी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। अब समिति के चेयरमैन पद के लिए प्रत्याशियों ने जोड़तोड़ शुरू कर दी है, जिसके लिए गुरुवार को मतदान होगा। गन्ना समिति के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि डायरेक्टर पद के चुनाव होने के बाद अब गुरुवार को चेयरमैन के पद का चुनाव होगा ।इस दौरान सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### पिकअप की टक्कर से ई- रिक्शा चालक की मौत

**फरीदपुर अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुद्वारे के पास तेज रफ्तार आ पिकअप ने ई- रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे चालक की मौके पर मौत हो गई। पिकअप को राहगीरों ने घेराबंदी कर पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया, लेकिन चालक फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फरीदपुर के लाइन पार मठिया निवासी इसरार ई -रिक्शा चलाकर परिवार का पालन करता था। वह गुरुवार को सवारी छोड़कर जैसे ही गुरुद्वारे के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई । हादसे के वक्त राहगीरों की भीड़ लग गई पिकअप चालक ने गाड़ी दौड़ा दी, लेकिन लोगों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। इस बीच चालक भाग गया। इसरार के सात बच्चे हैं, जिसमें तीन लड़के और चार लड़कियां हैं,उसकी मौत से घर में कोहराम मचा गया।

## टांडा में शिवांगी के नाम राशन की दुकान का हुआ प्रस्ताव

संवाददाता, आंवला

- कड़ी सुरक्षा के बीच ब्लॉक अधिकारियों ने कराया चुनाव

**अमृत विचार :** राशन की दुकान के चयन को लेकर सरकारी स्कूल में खुली बैठक हुई, जिसमें दो प्रत्याशियों के बीच चुनाव हुआ। अधिक मत मिलने पर शिवांगी के नाम दुकान का प्रस्ताव किया गया।


ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद के गांव टांडा में राशन दुकानदार रामकिशोर की मौत के बाद से दुकान रिक्त थी। अधिकारियों ने बुधवार को गांव में खुली बैठक आयोजित की। दुकान के लिए शिवांगी पुत्री भूपेंद्र सिंह, रुबी पत्नी ज्ञानेंद्र सिंह, सुनीता पत्नी लाल सिंह ने आवेदन किया। मतदान के समय शिवांगी और रूबी के बीच सहमति बन गई। दो प्रत्याशियों के बीच हुए चुनाव में सुनीता देवी को 529 और शिवांगी को 660 मत मिले। अधिकारियों ने शिवांगी को 131 मतों से विजयी घोषित कर उनके नाम प्रस्ताव पारित कर दिया। इस दौरान ब्लॉक के अधिकारी, पुलिसकर्मी और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## ओवरब्रिज पर स्ट्रीट लाइटें बंद, हादसे का डर

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** लालफाटक ओवरब्रिज पर एक सप्ताह से स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, जिससे पुल और उसके नीचे बनी सर्विस रोड पर रात में यात्रा करना खतरनाक हो गया है। लालफाटक पुल चालू होने के बाद पुल के ऊपर प्रकाश व्यवस्था की जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारी क्यारा को दी गई थी, लेकिन बीच-बीच में कभी आठ कभी 15 दिन के लिए पुल की लाइटें बंद रहने लगीं। लोगों ने कई बार शिकायतें कीं।

शिकायत के बाद कुछ ही दिन पुल की प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रहती है। इसके बाद फिर अंधेरा छा जाता है। इस वजह से हादसे की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय निवासी संदीप राठौर, संजय चौहान, अनिल श्रीवास्तव, राकेश पटेल, अजय साहू, वीरपाल साहू आदि ने अलग।अलग शिकायतें की। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। वह इस संबंध क्यारा बीडीओ दीपराज सिंह का कहना है कि मेरी ब्लॉक पर नवीन तैनाती है। मामला संज्ञान में नहीं है। जानकारी लेकर शीघ्र समस्या का निराकरण कराया जाएगा।



लाल फाटक ओवरब्रिज पर लाइटें बंद होने से छाया अंधेरा।

## काम के बदले रुपये मांगने का आरोप

संवाददाता मीरगंज



- एबीएसए कार्यालय के बाहर धरने पर बैठीं अनुदेशिका

**अमृत विचार :** एबीएसए कार्यालय में काम के बदले रिश्वत मांगने का आरोप लगाकर एक अनुदेशिका कार्यालय के बाहर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गई।

अनुदेशिका ने सुनीता सिंह निवासी चुराई दलपतपुर ने बताया कि वह स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा की अनुदेशक हैं। उन्हें मुगरा, हल्दी और नथपुरा के विद्यालय मिले थे, तीनों जगह उन्होंने प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कर लिया, इसके बदले उन्हें ढाई हजार रुपये मिलने थे। उन्होंने 31 जुलाई को अपना प्रपत्र एबीएसए कार्यालय मीरगंज में जमा किया था, वह आज तक वैसा ही रखा है। जब इसकी शिकायत एबीएसए ( खंड शिक्षा अधिकारी मीरगंज ) से की तो उन्होंने कहा कि हमारे पास आपके काम के अलावा और कोई काम नहीं है, क्या जो आपका ही काम करते रहें। आपका काम है आप स्वयं काम कीजिए। अनुदेशिका का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी उसे मानदेय नहीं नहीं मिला। उसने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी 2:00 बजे आए थे उन्होंने कहा कि आपने हमें बताया नहीं। अनुदेशिका सुनीता सिंह ने कई गंभीर आरोप लगाए।

इस विषय में मीरगंज खंड शिक्षा अधकारी राजेश कुमार ने बताया कि बुधवार को कार्यालय पर अनुदेशिका से वार्ता हुई उन्होंने अपनी समस्याएं लिखित में बताई हैं ।मेरे स्तर से जो भी समाधान करने का होगा मैं करूंगा। उनका प्रशिक्षण प्रपत्र बना दिए हैं।उनका भुगतान बीएसए के हस्ताक्षर के बाद जारी हो जाएगा पत्रावली भेज दी गई है ।

## कूड़ा जला रहे दो युवकों से नगर पालिका ने वसूला जुर्माना

**बहेड़ी, अमृत विचार:** नगर पालिका ने कूड़ा करकट जलाने वालों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। अधिशासी अधिकारी और स्वास्थ्य निरीक्षक ने नगर में भ्रमण के दौरान दो युवकों को कूड़ा जलाते हुए पकड़ा है। दोनों से 500-500 रुपये का जुर्माना वसूला है।

अधिशासी अधिकारी और स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा है कि कूड़ा और कबाड़ा जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अगर कोई व्यक्ति कूड़ा या कबाड़ जलाता हुआ पकड़ा जाता है तो पहली बार में जुर्माना और दूसरी बार पकड़े जाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

### पराली जलाने वाले पर केस

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी के गांव उतरसिया महोलिया में पराली जलाने वाले किसान के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कर जुर्माना लगाया गया है। उतरसिया महोलिया निवासी किसान सोहन सिंह ने राली को जलाया। सैटेलाइट से हुई निगरानी में पराली जलाने की बात पकड़ में आ गई। कृषि विभाग की तरफ से सोहन सिंह पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

## सार-संक्षेप

### श्रीराम के जन्मोत्सव का कलाकारों ने किया मंचन



**फरीदपुर, अमृत विचार :** श्री आदर्श रामलीला कमेटी के बैनर तले 47वें रामलीला के उद्घाटन के बाद मंचन शुरू हुआ। उद्घाटन समारोह में विधायक डॉ. श्याम लाल ,उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, व्यापार मंडल के आदेश जसोलिया, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह, आतिश अग्रवाल, बबलू पांडे मौजूद रहे । दूसरे दिन अयोध्या में राज गुरु वशिष्ठ ने राजा दशरथ को पुत्र प्राप्ति के लिए श्रृंगी ऋषि के पास जाने की सलाह दी। पुत्रकमेष्ठी यज्ञ से राजा दशरथ को चार पुत्र श्रीराम, लक्ष्मण, भरत ,शत्रुघ्न की प्राप्ति हुई। श्री राम के जन्म के बाद अयोध्या को सजाया गया, नगर वासियों ने महल पर जाकर बधाइयां दी।

### श्रीराम के दिखाए रास्ते का करें अनुसरण



**फतेहगंज पूर्वी,अमृत विचार :** कस्बे बुधवार से रामलीला मंचन हुआ। मेले का आरंभ विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप , पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। विधायक ने श्रीराम के आचरण पर प्रकाश डालते हुए लोगों से उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की। श्री आदर्श रामलीला मंचन से पहले गणेश प्रार्थना व गणेश पूजन पंडित उमेश शर्मा और मुनीष शर्मा ने कराया। उद्घाटन कार्यक्रम में भाजपा युवा जिला अध्यक्ष राजू उपाध्याय, मेलाध्यक्ष पवनराज मिश्रा, डॉ. यशपाल सिंह, अजय गुप्ता , उपेंद्र कठेरिया ने आगंतुकों का स्वागत कर आभार जताया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के संयोजक कामराज मिश्रा, प्रदीप पंडित, अजय गुप्ता, रवि प्रकाश, कुमार , कैलाश गुप्ता, सभासद राजीव अग्रवाल, पूर्व सभासद राकेश गुप्ता, आदि लोग मौजूद रहे।

### हनुमान ने किया कुम्भकर्ण के पुत्रों का वध

**नवाबगंज, अमृत विचार :** मेघनाद के वध के बाद आक्रोशित रावण ने कुम्भकरण के पुत्रों कुंभ और निकुंभ को रणभूमि में भेजा । इन दोनों भाइयों ने श्रीराम की वानर सेना को पटखनी देते हुए रणभूमि में हाहाकार मचा दिया । वानर सेना को विचलित होते देख पवनपुत्र हनुमान ने मोर्चा संभालते हुए मुठिका प्रहार कर दोनों भाइयो का वध कर दिया । जिसके बाद लंकेश रावण भी शोक में डूब गया और अपनी मृत्यु को सुनिश्चित जान विचलित हो गया । वहीं पति के वध के बाद सुलोचना भी सुधबुध खो बैठी और सास मंदोदरी के पास जाकर विलाप करने लगी । जिस पर मंदोदरी ने कहा कि राम लक्ष्मण भगवदावतार हैं और न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं ऐसे में तुम उनके पास जाकर अपने पति का शीश मांगने के साथ ही उनके दर्शन कर अपना भी उद्धार करो । जब सुलोचना शत्रु की सेना में जाने से सकुचाई तब मंदोदरी ने ये कहते हुए कि वहां तेरे श्वसुर विभीषण के साथ ही मेरे पुत्र के समान बालिपुत्र अंगद मौजूद हैं ऐसे मे तुझे निस्संकोच होकर वहां जाना चाहिए ।

### स्कूल में लोक कल्याण के लिए यज्ञ किया गया



**फरीदपुर अमृत विचार :** आवासीय विद्यालय मानस स्थली में लोक कल्याण के लिए यज्ञ किया गया। बरेली से आए आचार्य मनोज कुमार शास्त्री ने यज्ञ कराया। यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में प्रधानाचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। विद्यालय के सभी शिक्षक,शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं के साथ यज्ञ में आहुतियां डाली । विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं ने यज्ञ के उपरांत लोक कल्याण के लिए प्रार्थना की ,यज्ञ के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर रमेश चंद्र , विशाल पांडे ,गिरीश जोशी ,चंचल सिंह, रंजना उपाध्याय ,कुशल सिंह बिष्ट ,हरबंस सिंह शैलजा गोयल, आदित्य मिश्र उपस्थित रहे।

### बहराइच कांड के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग



**नवाबगंज, अमृत विचार :** बहराइच में मूर्ति विसर्जन यात्रा के दौरान समुदाय विशेष की ओर से की गई पत्थरबाजी और फायरिंग में एक युवक की हत्या की ब्राह्मण समाज ने घोर निंदा की है । इसके साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र एसडीएम को सौंप कर ब्राह्मणों ने हमले के शिकार युवक रामगोपाल मिश्रा के परिजनों को 50 लाख की राहत राशि और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिए जाने और हत्यारोपियों को पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। ब्राह्मण समाज के संरक्षक पूर्व प्रवक्ता सुरेश चंद्र शुक्ला के नेतृत्व में मांग पत्र देने वालों में अखिलेश उपाध्याय बब्बू महाराज, ब्रजेश शर्मा, आचार्य अरविंद शुक्ला, कपिल शर्मा, पूर्व प्रधान मनोज शर्मा, राजीव शुक्ला, कपिल , मोहित शर्मा, रामलीला कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मंडलीय प्रतियोगिता में छात्राओं ने जीते गोल्ड मेडल



**नवाबगंज, अमृत विचार :** परमवीर चक्र नायक जादुनाथ सिंह स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित मंडलीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स बालक - बालिका प्रतियोगिता में नगर के श्री कृष्ण इंटर कालेज की छात्राओं ने दो प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कक्षा 10 की छात्रा अंजलि ने 800 और 1500 मीटर दौड़ में तो कक्षा 11 की रुबी गंगवार ने सौ और दो सौ मीटर दौड़ में पहला स्थान प्राप्त किया । इस मौके पर कालेज के अध्यक्ष नत्थू लाल गंगवार , प्रबन्धक प्रदीप सूरी और प्रधानाचार्य शम्भू दयाल के साथ ही पूर्व प्रबन्धक राजेन्द्र कुमार शुक्ला व शिक्षण स्टाफ ने बधाई दी है।

### छात्रों को गुड टच और बैड टच के बारे में बताया



**रिठौरा, अमृत विचार :** रिठौरा केदरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय,पीएन दीवान पब्लिक स्कूल में मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत बाल संरक्षण, सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया गया। छात्र-छात्राओं को कोमल वीडियो क्लिप के माध्यम से लघु फिल्म दिखाकर जागरूक किया। हवलदार रुपदेई ने गुड टच, बैड टच, के बारे में बताया गया। एसआई अरविंद बाबू ने हेल्पलाइन नंबर, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट और अपनी सहायता किस प्रकार करनी चाहिए आदि के बारे में भी जागरूक किया। इस दौरान प्रतियोगिता में छात्रों से प्रश्न पूछे गए, हेल्पलाइन नंबरों के की जानकारी ली। जिसमें ज़ोया खान प्रथम,अर्श खान द्वितीय ,आराध्या गंगवार तृतीय, अनामिका यादव चतुर्थ, अंशु कश्यप पांचवें स्थान पर रहे। सभी को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य आशीष कुमार सिंह, प्रदीप कुमार गुप्ता, एकता सक्सेना, मीनू सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### सिम पोर्ट कराकर ठगे एक लाख उन्तीस हजार

**आंवला, अमृत विचार :** जालसाज ने एक युवक का सिम दूसरी कम्पनी में पोर्ट कराकर उसके बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड से एक लाख उन्तीस हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। आंवला के मोहल्ला ताड़गंज निवासी राजेश कुमार ने बताया कि बुधवार को उसका एयरटेल का सिम किसी ने फर्जी तरीके से जियो कम्पनी में पोर्ट करा लिया। उसने आरोप लगाया कि उस जालसाज ने उसके बैंक खाते से 9 हजार 5 सौ रुपये और क्रेडिट कार्ड से एक लाख 19 हजार 9 सौ रुपये निकाल लिए। उसके मोबाइल पर कोई भी मेसेज नहीं आया था।

### स्मैक बनाकर बेचने वाला गिरफ्तार , साथी फरार

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** पुलिस ने बुधवार को एक स्मैक तस्कर को राधा कृष्ण मंदिर के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। तलाशी में उसके पास से 15 ग्राम स्मैक और 96 ग्राम पावर पाउडर और 535 ग्राम कट पाउडर बरामद हुआ। थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा ने बताया कि पूछताछ में उसने बताया की वह पावर पाउडर और कट पाउडर को मिलाकर स्मैक तैयार करके कस्बो में अपने दोस्त सैफ हसन के साथ मिलकर फतेहगंज, मीरगंज, हाफिजगंज आदि क्षेत्र सप्लाई करते है। पुलिस ने बब्लू को गिरफ्तार करके बुधवार को जेल भेज दिया, जबकि सैफ हसन फरार है।

### मछली पकड़ने के विवाद में युवक से की मारपीट

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** मछली पकड़ने के विवाद में दबंगों ने युवक पर धारदार हथियार से हमला करके घायल कर दिया ।पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव मौजम नगला ठाकुरदास निवासी विपिन कुमार अपने खेत की तरफ घूमने गया था गांव के ही अर्जुन, बाबूराम ,सुरेश बाबू, मछली पकड़ रहे थे, वह भी मछली पकड़ने लगा ।तभी एक आरोपी ने उसे को धक्का देकर गिरा दिया, उसके विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ धारदार हथियार से हमला करके घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### रिश्तेदारी में आया युवक युवती को भगा ले गया

**भुता, अमृत विचार :** रिश्तेदारी में आया युवक एक युवती को भगा ले गया। युवती के पिता ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित पिता ने बताया उनके गांव में सचिन निवासी ग्राम करनपुर थाना फरीदपुर का अपने मौसा के यहां आना-जाना था। वह मेरी बेटी को भगा ले गया । थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपी और युवती की तलाश कर रही है।

### विधायक ने पहलवानों को किया पुरस्कृत

**नवाबगंज, अमृत विचार :** रामलीला मेले में चल रहे दंगल में बुधवार को कई इनामी कुश्ती हुई। विधायक डॉ. एमपी आर्य ने दंगल में पहुंच हाथ मिलवाकर कुश्ती शुरू कराई तो विजयी पहलवानों को नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार भी मौजूद रहे।

### गौसे पाक की यौमे पैदाइश पर हुआ लंगर

**नवाबगंज, अमृत विचार :** शेख अब्दुल कादिर जीलानी ( सरकार गौसे पाक ) की यौमे पैदाइश 11 रवी उल आखिर के मौके पर नगर की सब्जी मंडी में लंगर का आयोजन किया गया । जिसमें नदीम असरफी, मोबीन, राजू, इकबाल डिपो और इस्लाम आढ़ती आदि के साथ ही बड़ी तादात में मुस्लिमों ने भाग लिया ।

## बच्चों ने लगाया आरोप मां ने प्रेमी के साथ की पिता की हत्या

**रिठौरा, अमृत विचार:** भोजीपुरा क्षेत्र के एक गांव की महिला थाना हाफिजगंज के गांव डंडिया फैजुल्लापुर के प्रेमी के साथ एक माह पहले चली गई थी, जिसकी तलाश में निकले पति की हत्या करके गांव के बाहर फेंक दिया गया। यह आरोप गांव की मुंहबोली दादी के साथ एसएसपी आफिस पहुंचे बच्चों ने लगाया।

बच्चों ने बताया कि उस समय ग्रामीणों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बच्चों ने दिए शिकायती पत्र में आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि महिला प्रेमी के साथ मिलकर पति के मकान और जमीन को बेचना चाहती है, इससे बच्चों के सामने सिर छिपाने तक को जगह नहीं बचेगी। वहीं अनाथ हो चुके बच्चे एक माह से गांव की ही एक वृद्ध महिला के साथ रहकर जीवन यापन कर रहे है।

### बदला-बदला सा नजर आया चांद





शरद पूर्णिमा से शरद ऋतु के आगमन के साथ चंद्रमा की किरणों मे अलग -अलग दृश्य देखने को मिले। शाम 5 : 45 बजे चांद कुछ ऐसा नजर आया।

- मोहित कुमार सिंह

### ग्राम देवता की पूजा कर कराया भंडारा

**भदपुरा, अमृत विचार :** गांव डंडिया सफदर अली में बुधवार को ग्रामीणों ने ग्राम देवता के रूप में भवसेन महाराज और भवानी मइया पर रामायण पाठ के बाद हवन कराया है। मान्यता है कि ग्राम देवता की इजाजत के बिना कोई दैवीय शक्ति या बाहरी शक्ति गांव में प्रवेश नहीं कर सकती। यदि गांव में किसी प्रकार की विपत्ति या पशुओं पर बीमारी जाए तो पवित्र देवस्थान या मंदिर में पूजा हवन और भंडारा लगाकर ग्राम देवता को प्रसन्न किया जाता है। इस मौके पर सुरेंद्र कुमार ,तुलाराम ,प्रमोद कुमार,धर्मेंद्र, रमेश,बुधसेन, श्री पाल,आकाश,लोकेश, विकास सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

### ट्रेनों के ठहराव के लिए सांसद ने लिखा पत्र

**बिशारतगंज, अमृत विचार:** बिशारतगंज और आंवला रेलवे स्टेशन पर बंद हुई ट्रेनों को संचालित करने कई ट्रेनों के ठहराव को लेकर आंवला सांसद नीरज मौर्य ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखकर अवगत कराया है।

सांसद ने अपने पत्र में लिखा कि सुल्तानपुर से आनंद विहार को जाने वाली ट्रेन संख्या 14015 सद्भावना एक्सप्रेस को बिशारतगंज स्टेशन पर ठहराव की अति आवश्यकता है, जिससे स्थानीय लोगों को फायदा मिलेगा। वहीं आंवला स्टेशन पर हरिद्वार, कलियर, रुढ़की, पंजाब को जाने वाली कोई ट्रेन नहीं है जिस कारण क्षेत्र की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आंवला रूट पर बंद हुई ट्रेनों को संचालित करने की अति आवश्यकता है एवं आंवला स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज के निर्माण का भी अनुरोध किया है।

## वीडियो वायरल करने के संदेह में युवक को पीटा

संवाददाता, राजपुर कलां

- मारपीट के बाद गांव में तनाव भीम आर्मी के थाना घेरने पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** नर्तकियों के डांस का वीडियो वायरल करने के संदेह में अनुसूचित जाति के युवक से कुछ लोगों ने मारपीट की, बीच बचाव में उसके माता-पिता को भी पीटा उस समय रामलीला कमेटी ने घायल और उसके परिवार को घर भेज दिया।

इसके बाद अपने समाज के युवक के साथ मारपीट से बौखलाए अनुसूचित जाति के लोग लाठी- डंडे तलवार लेकर रामलीला मैदान की तरफ चल दिए, रामलीला देखकर लौट रहे वैश्य समाज के अंशु गुप्ता को पीट दिया। इसकी जानकारी होने पर कस्बे में दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति हो गई, जिसे पुलिस ने किसी तरह संभाल लिया। सोमवार को दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर दी गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई करने की बजाय समझौते का प्रयास किया। लेकिन अनुसूचित जाति के लोग इसके लिए तैयार नहीं हुआ और मंगलवार रात तक मुकदमा दर्ज नहीं होने पर थाने के सामने बुधवार को भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन कर मार्केट बंद करने का ऐलान कर दिया। इसके बाद बैकफुट पर आई अलीगंज पुलिस ने एक पक्ष के राजेश, मनु, सचिन, सनी, रवि, नितिन, अंशु, शिवम, आकाश मौर्य, तथा शनि, सहित अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध तथा दूसरे पक्ष के भीमरतन, संघ प्रताप, पीयूष ,अमर सिंह ,रवि, अमन, पुष्पेंद्र, आकाश, पीयूष, सहित 10 ,12 अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भुता, अमृत विचार :** गांव कुरमुरी में बिजली विभाग के अधिकारियों ने छापामारी कर बिजली चोरी कर रहे तीन लोगों को पकड़ा, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। बिजली चोरी की सूचना पर जेई रमेश चंद्र ने गांव कुरमुरी में बुधवार को बिजली चेकिंग अभियान चलाकर बिजली चोरी कर रहे ओमप्रकाश, लक्ष्मण प्रसाद और रामौतार को पकड़ा, उन पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जेई ने बताया कि बिजली चोरों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। किसी भी कीमत पर बिजली चोरों को बख्शा नहीं जाएगा।

## सार-संक्षेप

### रैली निकालकर सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज और कॉलेज ऑफ फार्मेसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने रैली निकालकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत कॉलेज में कार्यक्रम हुआ, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। भाषण और निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कॉलेज के वाहन चालकों के लिए स्वास्थ्य और नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली का आयोजन किया, जिसमें लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। कॉलेज में सड़क सुरक्षा क्लब की स्थापना की गई। प्रधानाचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया ने कहा कि एनएसएस इकाई का यह अभियान समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने सभी को बधाई दी और भविष्य में ऐसे कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित किया। संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी बबिता शर्मा और अंकित कुमार ने किया।

### भूगोल पीजी फोरम के अध्यक्ष बने अमन सिंह



**बरेली अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के भूगोल विभाग में स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए पीजी फोरम का गठन किया गया। इसमें एमए फाइनल से अमन सिंह को अध्यक्ष और प्रथम वर्ष से प्रतिभा सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया। फाइनल से हिना मलिक को सचिव और प्रथम वर्ष से हर्ष जायसवाल को सह-सचिव बनाया गया। कार्यक्रम विभाग प्रभारी डॉ. अक्षय कुमार शुक्ल और पीजी फोरम की अध्यक्षा डॉ. नमिता यादव के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीताराम ने किया। इस दौरान डॉ. नाजिया खान, पंकज कुमार, डॉ. गिरीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### एथलेटिक मीट में एंजेल खुराना ने जीता कांस्य पदक



**बरेली, अमृत विचार :** इंडिपेंडेंट स्कूल्स एसोसिएशन की ओर से डीपीएस में 14 और 15 अक्टूबर को आयोजित एथलेटिक मीट में सेंट फ्रांसिस स्कूल की छात्रा एंजेल खुराना ने बालिका वर्ग अंडर 14 में लंबी कूद में कांस्य प्राप्त किया है। जबकि 26 से 28 सितंबर के बीच स्कूल में लंबी कूद, 1500 मीटर रेस में पहला और शार्टपुट में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने एंजेल खुराना को मेडल प्रदान किया।

### खेल प्रतियोगिताओं में नेहरू हाउस बना विजेता



**बरेली,अमृत विचार :** संत थॉमस स्कूल नवाबगंज में दो दिवसीय वार्षिक इंटर हाउस खेल प्रतियोगिताओं का समापन बुधवार को हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन जूनियर, सब जूनियर और सीनियर वर्ग की दौड़, रिले, मिक्सड रिले, लंबी कूद, जैवलिन थ्रो और शॉर्ट पुट खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने भाग लिया। जिसमें नेहरू हाउस के छात्रों ने प्रथम स्थान, टैगोर हाउस द्वितीय स्थान और सुभाष हाउस ने तीसरे स्थान पर रहा। सब जूनियर श्रेणी की व्यक्तिगत चैंपियनशिप में सकलैन हैदर और अमीक्षा ने अपना पहला स्थान मिला। जूनियर श्रेणी में जीशान और अंशिका गंगवार को प्रथम स्थान मिला। जबकि सीनियर श्रेणी में बिलाल अहमद, रुचि गंगवार व आकांक्षा गंगवार ने प्रथम दर्जा प्राप्त किया। इस दौरान प्रधानाचार्या सिस्टर ग्रेसी मंतेरो, फादर सुनील क्रास्ता, पीटीआई ईयू खान, पीटीआई हेमंत कुमार, सिस्टर संगीत, सिस्टर कल्पना व अन्य उपस्थित रहे। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### हवन के बाद कराया कन्याभोज

**शेरगढ़, अमृत विचार :** शरद पूर्णिमा पर नगरिया कलां गांव स्थित ब्रह्मदेव स्थल पर यज्ञ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति दी। वहीं गोधूलि के समय गांव के चारों ओर पगधार लगाकर माता भवानी से सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। गांव की महिलाओं ने रात्रि में जगराता कर मनमोहक भजनों के माध्यम से मां भवानी का गुणगान किया। गांव की सुख समृद्धि के लिए ब्रह्मदेव स्थल पर यज्ञ का आयोजन होता चला आ रहा है। इस दौरान यज्ञ के साथ ही देवी स्वरूप कन्याओं को भोजन जिमाकर पूजन किया जाता है। यज्ञ कार्यक्रम पंडित भगवान दास शर्मा एवं चौधरी जसवंत सिंह ने संपन्न कराया।

# गैरइरादतन हत्या की कोशिश में दो भाइयों समेत चार को तीन वर्ष कैद

## मुकदमा लिखाने की रंजिश नौ साल पहले हुई थी वारदात

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नौ वर्ष पहले गांव में धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुई वारदात में मुकदमा लिखाने की रंजिश में युवक की गैर इरादतन हत्या की कोशिश में बहेड़ी ग्राम फैजगंज कमठैना निवासी तौफीक शाह, शौकीन शाह, शमशाद शाह और यासीन परीक्षण में दोषी पाए गए। अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने प्रत्येक अभियुक्त को 3-3 वर्ष सश्रम कारावास और प्रत्येक को साढ़े तीन हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

सरकारी वकील सुनील कुमार पांडेय के अनुसार मनोज यादव ने थाना बहेड़ी में तहरीर देकर बताया कि 1 सितंबर 2015 को सुबह 7 बजे वह घर पर थे, तभी गांव के तौफीक, शौकीन शाह, शमशाद शाह और यासीन लाठी डंडे और तमंचे से लैस होकर दरवाजे पर आ गए और गालियां देने लगे। कहा कि उनके खिलाफ मुकदमा लिखाकर उसने अच्छा नहीं किया है।विरोध किया तो तौफीक आदि ने फायर किया, जिसमें वह बाल बाल बच गया। गांव वालों ने तौफीक को मौके पर पकड़ लिया और उसके हाथ से तमंचा छीन लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस से अन्य मुल्जिम भिड़ गए। राइफल तोड़ दी गई। पुलिस ने बलवा, हत्या का प्रयास, अपमानित करने आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। शासकीय अधिवक्ता ने मामले में 10 गवाह पेश किए थे। दोषियों में तौफीक शाह और शौकीन शाह दोनों भाई हैं।

### दो मुकदमों में चार गैंगस्टरों को चार-चार वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली :** स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट गगन कुमार भारती ने चार गैंगस्टरों को परीक्षण में दोषी पाते हुए प्रत्येक को 4-4 वर्ष सश्रम कारावास और 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। सरकारी वकील अचल कुमार सक्सेना ने बताया कि 14 साल पहले गिरोह बनाकर समाज विरोधी क्रियाकलाप करने पर कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला कोट, पुराना शहर निवासी सिराज अहमद, अजहर उर्फ सनी और थाना बारादरी के सहसवानी टोला निवासी आबिद के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वहीं दूसरे मामले में फरीदपुर पुलिस ने वर्ष 2009 में ढाकन लाल आदि के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। ट्रायल के दौरान मुल्जिम ढाकन लाल और रामौतार की मृत्यु होने पर फरीदपुर के गांव बक्सरिया निवासी गैंग सदस्य सुनील को दोषी पाते हुए अदालत ने चार वर्ष सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

# पिता की दवा लेकर आ रहे युवक पर चुनावी रंजिश में जानलेवा हमला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **फरीदापुर चौधरी की घटना, एक पूर्व सभासद पर भी आरोप**
- **लकवाग्रस्त पिता को भी कुर्सी से गिराया, सात पर रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** फरीदापुर चौधरी में चुनावी रंजिश में एक युवक को घेरकर सात लोगों ने जमकर पिटाई की और रॉड से हमला कर दिया। युवक को बचाने आई उसकी मां के साथ भी अभद्रता की गई। थाना इज्जतनगर पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

फरीदापुर चौधरी की रहने वाली सीमा खान ने बताया कि उनके पति शमसाद को पैरालाइसिस हो गया है। उनका बेटा सलमान उत्तराखंड में फेरी लगाकर कपडे. बेचता है। सलमान सोमवार को घर आया था और पिता की दवा लेने पास के मेडिकल स्टोर पर गया था। वापस आते समय गांव के मोहित, शाबाज, नदीम, गुड्डू, फहीम, मेहंदी, असद और दो तीन अज्ञात लोगों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों और बेल्टों पिटाई की। गले में बेल्ट डालकर जान से मारने की कोशिश की। सलमान घर की तरफ भागा तो उस पर लोगे की रॉड से हमला कर दिया।

हमलावर घर में घुस आए और उनके साथ भी अभद्रता की। सलमान के पिता को कुर्सी से गिरा दिया। पुलिस के मुताबिक मारपीट नगर निगम में पार्षद के चुनाव की रंजिश को लेकर हुई है। मारपीट करने वालों में एक पूर्व पार्षद भी शामिल है और रिपोर्ट दर्ज कराने वाला परिवार भी एक सभासद का करीबी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 10 लाख और कार ने देने पर महिला पर तलवार से हमला

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज में कार और 10 लाख रुपये न देने पर महिला पर ससुराल वालों ने तलवार से हमला किया। उसे कमरे में बंद कर भूखा प्यासा रखा। थाना इज्जतनगर पुलिस ने ससुराल वालों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सैनिक कालोनी निवासी राधा ने बताया कि उसकी शादी 20 अप्रैल 2018 में पुराना शहर के बुखारपुरा निवासी शिवम से हुई थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग 10 लाख रुपये और कार की मांग कर रहे थे। 12 अक्टूबर को उस पर पति ने तलवार से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में 12 टांके आए हैं। जब उसने विरोध किया तो पति शिवम, सास कलावती, ससुर रामकुमार, जेठ विन्टल, जेठानी राजो देवी, देवर रजत, नन्द सीमा, नन्दोई प्रमोद ने उसे कमरे में बंद कर दिया।

### आंवला में पराली जलाने पर किसान पर लेखपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** धान की फसल काटने के बाद पराली जलाने के आरोप में एक किसान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आंवला के गांव कसूमुराह हल्का लेखपाल श्रीदत्त शर्मा ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि टाह गांव निवासी संदीप सिंह ने दो खेतों में पराली जलाए हैं। जबकि ग्रामीणों के साथ बैठक कर पराली जलाने पर प्रतिबंध होने की बात बताई गई थी।

# नदी के किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

**देवरनियां, अमृत विचार :** सेमीखेड़ा-बरौर मार्ग पर बुधवार सुबह देवरनियां नदी के पुल के किनारे एक युवक का शव मिला। पुलिस ने लाश की शिनाख्त कराई, लेकिन पहचान नहीं हो सकी, इसके बाद पंचनामे के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार सुबह राहगीरों ने नदी किनारे एक 25 वर्षीय युवक का शव नदी के किनारे देखा तो पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। शव की पहचान कराने की कोशिश की, मगर देर शाम तक कोई शिनाख्त नहीं कर सका। पुलिस ने बताया कि युवक के शरीर पर चोट के निशान थे।

# अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए 1070 बीटकर्मी करेंगे निगरानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **एसएसपी ने बीट प्रणाली लागू की, 1 नवंबर से होगा प्रभावी**
- **जिले में बनीं 244 महिला बीट, दो सिपाहियों की रहेगी तैनाती**

**अमृत विचार :** जिले में अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिले में नए सिरे से बीट प्रणाली को लागू किया है। जिले में 826 पुरुष और 244 महिला बीट बनाई गई हैं। प्रत्येक बीट पर पुलिसकर्मियों की तैनाती भी हो गई है। नई बीट प्रणाली 1 नवंबर से लागू हो जाएगी, जिससे जिले में हो रहे अपराध पर शिकंजा कसेगा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि जिले में बीट प्रणाली को एकीकृत और सुव्यवस्थित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। प्रत्येक बीट को विशिष्ट संख्या जनपदीय पुलिस बीट क्रमांक और महिला बीट को विशिष्ट संख्या बीट क्रमांक आवंटित किया गया है। इसमें जनपद के 29 थाना क्षेत्रों को 826 पुरुष और 244 महिला बीट में बांटा गया है। प्रत्येक महिला बीट में 3 से 4 औसतन सामान्य बीट हैं। दोनों तरह बीट के कर्मचारियों के लिए दो अलग-अलग तरह की बीट बुकों का प्रकाशन कराया गया है।

प्रत्येक जनपदीय बीट में एक पुरुष आरक्षी या मुख्य आरक्षी को रखा जाएगा। प्रत्येक महिला बीट में दो महिला आरक्षियों को रखा जाएगा।

महिला बीट के कार्य में महिला, बच्चों संबंधी मुद्दों, अपराध एवं जागरूकता शामिल है। बीट के सभी कर्मचारियों के लिए शनिवार 2 से लेकर रविवार शाम 6 बजे तक अपनी बीट में रहना, सूचना एकत्र करना, जनसंपर्क बनाना एवं अन्य बीट संबंधी कार्य करना अनिवार्य होगा। यह प्रणाली 1 नवंबर से लागू कर दी जाएगी।

# कारीगर नहीं लौटा रहा सोना शिकायत पर भी कार्रवाई नहीं

- **सराफा व्यापारी ने भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की अगुवाई में एसएसपी को सौंपा ज्ञापन**

**बरेली, अमृत विचार :** कारीगर की ओर से सोना न लौटने के मामले में सराफा व्यापारी रोहिली टोला निवासी रमाशंकर ने बुधवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल की अगुवाई में एसएसपी अनुराग आर्य को ज्ञापन सौंपा। उन्हें बताया कि मामले में शिकायती पत्र देने के बाद भी न तो कार्रवाई और न ही जांच की जा रही है।

व्यापारी ने बताया कि चक महमूद मौर्य गली के निवासी एक कारीगर को कई माह पहले आभूषण बनाने के लिए 200 ग्राम सोना दिया था। आरोप है कि कारीगर ने न तो आभूषण बनाकर दिए गए और न ही सोना वापस किया। सोना मांगने पर कारीगर ने कहा कि चोरी में चला गया। व्यापारी के अनुसार पुलिस जांच में इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी कि चोरी हुई है। 20 जुलाई को मामले में कांकर टोला चौकी इंचार्ज को शिकायती पत्र दिया। चौकी इंचार्ज और बारादरी इंस्पेक्टर से मिलकर पूरी बात बताई, मगर मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। एसएसपी ने मामले में जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। व्यापारी मंजीत सिंह, संजू कटिया, आकाश, मोहित, पारस अग्रवाल, नवरतन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# प्रेमजाल में फंसाकर अश्लील वीडियो बनाया, पांच लाख मांगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पैसे की मांग पूरी न होने पर वीडियो वायरल करने की दी धमकी**

**अमृत विचार :** एक युवती का एक युवक ने प्रेमजाल में फंसा कर अश्लील वीडियो और फोटो बना लिए और शादी करने का दबाव बनाया। उसने वीडियो और फोटो डिलीट करने के बदले में पांच लाख रुपये की मांग की और न देने पर वायरल करने की धमकी दी। युवती ने थाना सुभाषनगर में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

युवती ने बताया कि थाना कैंट क्षेत्र के चनेहटा के रहने वाले रोहित ने एक साल पहले उससे दोस्ती की और फिर प्रेमजाल में फंसा लिया। आरोप है कि इस दौरान उसने उसके अश्लील वीडियो और फोटो बना लिए। उसने फोटो और वीडियो उसे भेजकर शादी करने का दबाव बनाया। आरोप है कि 14 अक्टूबर को रोहित ने उसे बदायूं रोड पर बालाजी मंदिर में बुलाया और कहा कि उसके फोटो और वीडियो उसके सामने डिलीट कर देगा। जब वह रोहित से मिली तो उसने पांच लाख रुपयों की मांग की और जब विरोध किया तो मारपीट की।

# मेले में छात्रों को दी रोजगार की जानकारी

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** राजकीय हाईस्कूल अलीनगर में माध्यमिक शिक्षा समग्र शिक्षा अभियान के तहत करियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने भाग लिया।

मेले में छात्र - छात्राओं को पोस्टर एवं मॉडलों की सहायता से रोजगार की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर छात्र फैजान खान को जनपद स्तरीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ एवं 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान एवं 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

# 1050 लैब-अस्पतालों के बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के लिए निजी एजेंसियों से करार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जिला पर्यावरण औ गंगा समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग ने बताया सत्यापन का कार्य पूरा**
- **2040 तक जनसंख्या वृद्धि के हिसाब से एमएलडी सीवेज डिस्चार्ज के बारे में मांगी रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** जिले की 1050 लैब और अस्पतालों के बायो मेडिकल वेस्ट (जैव चिकित्सा अपशिष्ट) के निस्तारण के लिए दो निजी संस्थाओं से करार हो गया है। इसके सत्यापन का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। बुधवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण और गंगा समिति की बैठक में सीएमओ के प्रतिनिधि की ओर से इसकी जानकारी दी गई।

डीएम ने अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय और पर्यावरण अभियंता नगर निगम से कहा है कि 15 सालों यानी की 2040 तक जनसंख्या वृद्धि के हिसाब से कितना एमएलडी सीवेज (मिलियन लीटर पर डे) डिस्चार्ज होगा और इसके शुद्धिकरण के लिए कितने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की जरूरत होगी, इसकी वैज्ञानिक गणना करते हुए संयुक्त रिपोर्ट दें।कहा है कि रिपोर्ट में नगरीय क्षेत्र के सभी नालों के डिस्चार्ज को भी शामिल किया जाए।

क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जिले में स्थित 315 भट्ठों का शत प्रतिशत सर्वे करने और प्लास्टिक रिसाइकलर से अनुबंध नहीं करने वाली चीनी मिल इकाइयों के खिलाफ पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के लिए जुर्माना लगाते हुए प्रस्ताव देने के लिए कहा। बीडीए के प्रतिनिधि से कहा कि परसाखेड़ा और सीबीगंज औद्योगिक क्षेत्र में प्रवाहित नाले में निर्माण सामग्री युक्त अपशिष्ट को बहाने वाली इकाइयों को नोटिस जारी करें। सीडीओ जगप्रवेश, डीएफओ दीक्षा भंडारी, एसपी यातायात अकमल खान, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर आदि मौजूद रहे।

### 15 दिन में मांगी पौधरोपण की सत्यापन रिपोर्ट

2024 में पेड़ बचाओ अभियान 3 अक्टूबर से 14 जनवरी 2025 तक चलाया जाएगा, इसको लेकर डीएम ने कहा कि सभी विभागों के नोडल अधिकारी रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा, सिंचाई की व्यवस्था, मृत व सूखे पौधों की जगह नए पौधे लगाकर इसकी मासिक रिपोर्ट दें। बड़े स्तर पर जहां पर पौधरोपण हुआ है, उस क्षेत्र को गोद लेने के लिए कहा। 2024 में हुए पौधरोपण की सत्यापन रिपोर्ट 15 दिन के अंदर समिति को देने के लिए कहा। जिला गंगा समिति की बैठक में अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड को निर्देश दिए कि उनके स्तर से तहसील मीरगंज के गोरालोकनाथपुर, आंवला तहसील के सूदनपुर में पौधारोपण के लिए चिह्नित 2 स्थलों का सत्यापन एसडीएम सदर से कराने के लिए कहा।

# छोटे खाद्य प्रतिष्ठानों पर स्वच्छता के नियम लागू कराने में अनदेखी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कुतुबखाना में ठेले वाले स्वच्छता की अनदेखी कर बेच रहे खाद्य सामग्री।

- **खाद्य पदार्थ बनाते समय दस्ताने और मास्क का नहीं हो रहा इस्तेमाल**

**अमृत विचार :** खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, गंदी चीजों की मिलावट की रोकथाम को सरकार की तरफ से सख्त निर्देश दिए गए हैं, मगर शहर में छोटे प्रतिष्ठानों में स्वच्छता की अनदेखी की जा रही है। विभाग की ओर इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

अय्यूब खां चौराहे, कुतुब खाना, सिविल लाइंस, सेटेलाइट, सुभाष नगर, कचहरी आदि स्थानों पर तमाम छोटे-छोटे खाद्य प्रतिष्ठान हैं। जहां सीसीटीवी लगाना तो दूर साफ-सफाई की दृष्टि से दस्ताने और मास्क का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। जगतपुर में नान वेज की अधिकतर दुकानों पर खाना बाहर की ओर बनाया जाता है, जिससे अधिकांश प्रदूषण सीधा खाने की तरफ आता है। कुछ दुकानदारों ने बताया कि यहां तो कोई इस विषय में बताने अब तक नहीं आया है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने बताया कि ये जिम्मेदारी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को जोन के हिसाब से बांटी गई है, अगर कोई साफ-सफाई के मानक पूरे नहीं करता तो पहले जागरूक किया जाता है। लगातार लापरवाही बरतने पर संबंधित पर कार्रवाई की जाती है। जिले में करीब 17 हजार छोटे और 3800 बड़े खाद्य प्रतिष्ठान हैं। कुछ दिन पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से बड़े प्रतिष्ठानों को सीसीटीवी लगवाने के लिए कहा गया था।



हाथ में नहीं पहनते दस्ताने।

खाद्य सुरक्षा उपायुक्त द्वितीय अपूर्व श्रीवास्तव का कहना है कि दुकानदारों को स्वच्छता के नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# बिना लाइसेंस के उर्वरक की बिक्री पर दुकान सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कृषि विभाग की टीम ने भदपुरा ब्लॉक के भौआ बाजार में बिना लाइसेंस के उर्वरक बेचने पर दुकान सील कर दी और दुकानदार के खिलाफ थाना क्योलड़िया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मजिस्ट्रेट की निगरानी में मंगलवार को उर्वरक के सैंपल लिए गए।

जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने बताया कि सितंबर के अंत में एक किसान ने गांव भौआ बाजार में अवैध रूप से उर्वरक की बिक्री की शिकायत की थी। दुकान पर 10 अक्टूबर को टीम ने छापा मारकर जांच की तो शिकायत सही मिली। दुकानदार पर उर्वरक बिक्री का लाइसेंस नहीं था और दुकान में भारी मात्रा में उर्वरक का भंडारण था। इस पर दुकान सील कर जिला प्रशासन को सूचना दी गई। प्रशासन स्तर से मजिस्ट्रेट को नामित किया गया और मजिस्ट्रेट की निगरानी में मंगलवार को दुकान की सील खोलकर उर्वरकों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए। अब जांच रिपोर्ट आने के बाद साफ होगा कि जो उर्वरक यहां अवैध रूप से बेचे जा रहे हैं वो असली हैं या नकली। जिला कृषि अधिकारी के अनुसार जिस दुकान को सील किया गया है, इसका संचालन भुता के गांव अंगदपुर निवासी केदारनाथ कर रहा था। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि जयंती पर गुरुवार को नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष मदन लाल गांधी और महामंत्री अनिल चौधरी के अनुसार पुराना रोडवेज स्थित महर्षि के मन्दिर पर प्रातः 11 बजे हवन और रामायण पाठ के बाद शाम 4 बजे भजन कीर्तन और शाम 6 से नगर के मुख्य मार्ग से बाइपास खारिजा होते हुए शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### पराली न जलाने के लिए किया जागरूक

**बहेड़ी, अमृत विचार :** एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने किसान गोष्ठी में किसानों से कहा कि वह लोग पराली न जलाएं बल्कि पराली का प्रबंध करें। पराली जलाने से वातावरण को नुकसान पहुंचेगा और पराली प्रबन्धन से किसान को फायदा होगा। इस अवसर पर सरसों की मिनी किट का वितरण किया गया। इस मौके भाजपा के सुरेश गंगवार समेत कृषि रक्षा इकाई के अधिकारी मौजूद रहे।

# बाबू विरंचि लाल के जरिए किया भ्रष्टाचार पर व्यंग्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **रिद्धिमा में रंग महोत्सव में नाटक ने दर्शकों को जमकर गुदगुदाया**

**अमृत विचार:** एसआरएमएस रिद्धिमा में रंग महोत्सव इंद्रधनुष के चौथे दिन बुधवार को नई दिल्ली के बेला थिएटर कारवां ने नाटक बाबू विरंचि लाल का मंचन किया। भ्रष्टाचार पर फोकस नाटक व्यवस्था पर चोट करने के साथ बाबू विरंचि लाल के जीवन के उतार-चढ़ाव को हास्य पूर्ण तरीके से व्यक्त करता है।

नाटक की शुरुआत पति-पत्नी की खट्टी-मीठी नोकझोंक से होती है। विरंचि के दोस्त का आगमन होता है, जो एक वक्त भ्रष्ट अधिकारी हुआ करता था और अब रिटायरमेंट के बाद उसी भ्रष्टाचार से पीड़ित है। उसे ऊंचा सुनने की आदत है। विरंचि के दो बेटे हैं, जिन्होंने कपूत होने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। डॉ. चतुर्भुज लिखित और अमर शाह निर्देशित नाटक में विरंचि का किरदार रितिक, उसकी पत्नी का पल्लवी मिश्रा, दोस्त का आदित्य लांबा, बड़े बेटे पांचू का अलंकृत और छोटे बेटे अनोखे का साहिल और खैराती का किरदार शिवम ने निभाया। इससे पहले एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति ने दीप प्रज्ज्वलन कर नाटक की शुरुआत की। इस मौके पर आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. रीटा शर्मा मौजूद रहे।



नाटक का मंचन करते कलाकार।

### पिता ने नाबालिग को भगाने की रिपोर्ट कराई

**मीरगंज, अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग के फ्लाईओवर पर चढ़कर प्रेमी से शादी कराने के लिए जिद्द करने वाली किशोरी के पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने में बेटी को भगाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। किशोरी के पिता ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ ऋषिकेश में रहकर मजदूरी करते है। दहशरा मनाने के लिए वह परिवार के साथ गांव आया हुआ था। मंगलवार रात 9 बजे उसकी नाबालिग बेटी घर से शौच के लिए निकली, उसे गांव का ही रहने वाला भुपेन्द्र बहलाकर अपने साथ कही ले गया। जो खोजने पर कही नहीं मिली, पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### किशोरों के स्वास्थ्य देखभाल के बारे में बताया

**देवरनियां, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिछा पर पूर्व माध्यमिक शिक्षकों की चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षकों ने किशोर-किशोरियों में होने वाले बदलाव, उनकी स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं, सोशल मीडिया के दुरुपयोग आदि के बारे में बताया। इसके अलावा लैंगिक समानता, पोषण और स्वास्थ्य- स्वच्छता, मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम जैसे अहम विषयों को शामिल किया गया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम्।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव संपदः ॥

विवेक में न रहना सबसे बड़ा दुर्भाग्य है इसलिए बिना सोचे समझे कोई काम नहीं करना चाहिए। जो व्यक्ति सोच समझकर कार्य करता है मां लक्ष्मी स्वयं उसका चुनाव करती हैं।

## संपादकीय

# एससीओ में भारत

पाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन का समय ऐसा है जब दुनिया कठिनाई के दौर से गुजर रही है। दो बड़े संघर्ष जारी हैं, जिनका असर पूरे विश्व पर पड़ रहा है। ऐसे में आतंकवाद क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा है। क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत अभिसरण का एक मजबूत समर्थक है और उसने एससीओ में राज्य प्रायोजित आतंकवाद के मुद्दों को हमेशा उठाया है। भारत पहले ही एससीओ में चीन-पाकिस्तान धुरी के खिलाफ अपनी नाराजगी प्रकट कर चुका है। बुधवार को सम्मेलन में भारत की ओर से विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद से लड़ने और संयुक्त राष्ट्र जैसे विश्व निकायों को अधिक समावेशी, प्रतिनिधि और लोकतांत्रिक बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत ने एससीओ के मंच का इस्तेमाल चीन के अपने पड़ोसियों के प्रति आक्रामक दृष्टिकोण अपनाने के मुद्दे को उठाने के लिए किया। भारत एससीओ का एकमात्र देश है, जिसने चीन की विवादास्पद 'वन बेल्ट वन रोड' संपर्क परियोजना का समर्थन नहीं किया है। एससीओ राजनीति, व्यापार और अर्थव्यवस्था, अनुसंधान तथा प्रौद्योगिकी एवं संस्कृति में प्रभावी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। पिछले दो दशकों में एससीओ पूरे एशियाई क्षेत्र में शांति, समृद्धि और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनकर उभरा है। एससीओ का उद्देश्य आतंकवाद, उग्रवाद, अलगाववाद की 'तीन बुराइयों' से लड़ना रहा है। शुरुआती दिनों में और क्षेत्र की स्थिति के कारण, एससीओ ने सदस्य देशों के सामने आने वाली तत्काल चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें आतंकवाद, अलगाववाद, उग्रवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी का खतरा शामिल था।

विदेश मंत्री ने साफ कर दिया कि यदि सीमा पार गतिविधियां आतंकवाद, उग्रवाद और विभाजनवाद से प्रभावित हैं, तो वे संभवतः व्यापार, ऊर्जा प्रवाह, कनेक्टिविटी और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन नहीं देंगे। वास्तव में सहयोग आपसी सम्मान और संप्रभुता की समानता पर आधारित होना चाहिए। इसमें क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दी जानी चाहिए। विकास और वृद्धि को शांति व स्थिरता की आवश्यकता होती है। अगर वैश्विक व्यवस्थाओं, खासकर व्यापार और पारगमन के क्षेत्रों में अपने फायदे के हिसाब से चयन करेंगे तो सहयोग आगे नहीं बढ़ सकता। एससीओ के मंच से क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। चुनौतियों से निपटने के लिए सदस्य देशों के बीच सहयोग के महत्व पर जोर दिया। अंततः यह कहा जा सकता है कि सम्मेलन में भारत ने विचार-विमर्श में सकारात्मक और रचनात्मक योगदान दिया।

# बेमौसम बस्ती में क्यों आ रहा है तेंदुआ



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश में तो भेड़िये, सियार, कुछ जगह गुलदार और बाघ के कारण लोगों में दहशत है, लेकिन असम, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश से भी तेंदुए के गांवों तक आने की खबर को सामान्य नहीं माना जा सकता। यह सच है कि जंगलों में बाघ की संख्या बढ़ने से तेंदुओं को पलायन अकरना पड़ रहा है, लेकिन बरसात में पलायन का बड़ा कारण बदलता मौसम है।

ऐसा कहा जाता है कि बरसात के मौसम में जंगल में मंगल होता है। घने वन झूमते हैं और हर जानवर के लिए पर्याप्त भोजन होता है, लेकिन इस बार अकेले उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के अलग-अलग हिस्सों में तेंदुए ऐसे मौसम में बस्ती की तरफ आ रहे हैं और उनकी भिड़ंत इंसान से हो रही है। मुरादाबाद- अमरोहा के सैंकड़ों किसान तेंदुए के डर से खेत नहीं जा रहे तो लोगों ने दिन में भी जंगल या एकांत से गुजरना छोड़ दिया है। हापुड़ और मेरठ में भी घनी बस्ती में तेंदुआ पालतू जानवरों का शिकार कर चुका है। बिजनौर में तेंदुआ 25 से अधिक जान ले चुका है। पीलीभीत के आसपास एक हजार से अधिक तेंदुओं के घूमने की बात जंगल महकमा कह रहा है।

उत्तर प्रदेश में तो भेड़िये, सियार, कुछ जगह गुलदार और बाघ के कारण लोगों में दहशत है, लेकिन असम, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश से भी तेंदुए के गांवों तक आने की खबर को सामान्य नहीं माना जा सकता। यह सच है कि जंगलों में बाघ की संख्या बढ़ने से तेंदुओं को पलायन अकरना पड़ रहा है, लेकिन बरसात में पलायन का बड़ा कारण बदलता मौसम है। तेंदुए जैसे जानवर को क्या जलवायु अपरिवर्तन से जूझने में दिक्कत हो रही है? यह सच है कि जब जंगल का जानवर बस्ती में दिखता है तो इंसान में भी डर की भावना आती है। एक तो समझना होगा कि तेंदुआ बस्ती की तरफ आ क्यों रहा है, दूसरा यह स्वीकार करना होगा कि कोई भी जानवर इंसान पर हमला करने के लिए गांव-शहर में आता नहीं, फिर इस बात का ऐसा निदान खोजा जा सकता है कि प्रकृति की यह सुंदर देन अपने नैसर्गिक पर्यवास में निरापद रहे।

गत 9 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच, जिसमें जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे, ने दुर्लभ पक्षी ग्रेट इंडिया बस्टर्ड को संरक्षण वाले मामले में माना है कि लोगों को मौलिक अधिकारों के दायरे में जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त होने का अधिकार है। वहीं धरती के अन्य जीव भी उतने ही कीमती हैं जितना इंसान।



तेंदुआ अपना जंगल छोड़कर यदि लंबी यात्रा करता है तो उसका कारण भोजन के अलावा अपनी यौन क्रिया के लिए साथी तलाशना होता है। एक जंगल से दूसरे जंगल में जाने के लिए, तेंदुए प्राकृतिक गलियारों का उपयोग करते हैं, जो ज्यादातर नदियों और खेतों के माध्यम से होते हैं। चूंकि ये कॉरिडोर मानव बस्तियों के अंधाधुंध विस्तार के चलते टूट गए हैं, इसलिए तेंदुए मानव संपर्क की संभावना बन जाती है। हालांकि तेंदुए जितना हो सके मानव संपर्क से बचने की कोशिश करते हैं। तेंदुए को यदि एक बार इंसान के खून की लत लग जाए तो यह खतरनाक होता है। जंगल का अपने एक चक्र हुआ करते था।

चीता हमारे सामने उदाहरण है कि आजादी के बाद कैसे वह हमारे देश से लुप्त हुआ था। आज भले ही तेंदुए की संख्या पर्याप्त है, लेकिन जब उसका इंसान से टकराव बढ़ेगा तो जाहिर है कि उसके प्रजनन, भोजन, पर्यावास सभी पर कुप्रभाव पड़ेगा, खासकर जब जलवायु परिवर्तन की मार अब जानवरों पर बुरी तरह से पड़ रही है। यह बात गौर करने की है कि कुछ साल पहले तक तेंदुए के शावक जनवरी से मार्च तक दिखाई देते थे, लेकिन इस बार भारी बरसात में अर्थात जुलाई में जगह-जगह शावक दिख रहे हैं। जाहिर है कि बदलते मौसम ने तेंदुए के प्रजनन काल में बदलाव कर दिया है। हो यह रहा है कि बाघ के कारण तेंदुए गहन जंगल को छोड़ने पर जब मजबूर होते हैं तो वे बस्ती-शहर के पास डेरा डालते हैं, जहां तापमान बढ़ने का कुप्रभाव सबसे अधिक है और इसने उनके मूल स्वभाव में परिवर्तन ला दिया है। घने जंगल कम होने से तेंदुए के इलाके में बाघ का कब्जा हो गया और जब पानी और घास पर जीने वाले जीव, जोकि मांसाहारी जानवरों के भोजन होते हैं, उनकी पर्याप्त संख्या होने के बावजूद तेंदुए को अधिक गरम इलाके में आना पड़ रहा है। जान लें कि जंगल का जानवर इंसान से सर्वाधिक भयभीत रहता है और वह बस्ती में तभी घुसता है जब वह पानी या भोजन की तलाश में बेहाल हो जाए। चूंकि तेंदुआ कुत्ते से लेकर मुर्गी तक को खा सकता है, अतः जब एक बार लोगों की बस्ती की राह पकड़ लेता है तो सहजता से शिकार मिलने के लोभ में बार-बार यहां आता है। यदा-कदा जंगल महकमे के लोग इन्हे पिंजड़ा लगाकर पकड़ते हैं और फिर पकड़े गए स्थान के करीब ही किसी जंगल में छोड़ देते हैं। चूंकि तेंदुए की याददाश्त बेहतरीन है सो वह लौटकर वहीं आ जाता है। घने जंगल में बिल्ली मौसी के परिवार के बड़े सदस्य बाघ का कब्जा होता है और इसीलिए परिवार के छोटे सदस्य जैसे तेंदुए या गुलदार बस्ती की तरफ भागते हैं। विडंबना है कि जंगल के संरक्षक जानवर हों या फिर खेती-किसानी के सहयोगी मवेशी, उनके के लिए पानी या भोजन की कोई दूरगामी नीति नहीं है। तेंदुआ एक अच्छा शिकारी तो है ही, किसी इलाके के पारिस्थितिकी तंत्र की गुणवत्ता का मानक चिन्ह भी होता है। दुर्भाग्य है कि आज इसका अस्तित्व ही खतरे में है। जंगली बिल्लियों के कुनबे के मूलभूत गुणों से विपरीत इनका स्वभाव हालात के अनुसार खुद को ढाल लेने का होता है। जैसे कि ये चूहों और साही से लेकर बंदरों और कुत्तों तक किसी भी जानवर का शिकार कर सकते हैं। वे गहरे जंगलों और मानव बस्तियों के पास पनप सकते हैं। यह अनुकूलन क्षमता, इन्हें कही भी छिपने और इंसान के साथ जीने के काबिल बना देती है, लेकिन जब तेंदुए जंगलों के बाहर उच्च मानव घनत्व वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं तो हमें लगता है कि वे भटक गए हैं। हम भूल जाते हैं कि यह उनका भी उतना ही घर है, जितना हमारा है।

तेंदुआ अपना जंगल छोड़कर यदि लंबी यात्रा करता है तो उसका कारण भोजन के अलावा अपनी यौन क्रिया के लिए साथी तलाशना होता है। एक जंगल से दूसरे जंगल में जाने के लिए, तेंदुए प्राकृतिक गलियारों का उपयोग करते हैं, जो ज्यादातर नदियों और खेतों के माध्यम से होते हैं। चूंकि ये कॉरिडोर मानव बस्तियों के अंधाधुंध विस्तार के चलते टूट गए हैं, इसलिए तेंदुए मानव संपर्क की संभावना बन जाती है। हालांकि तेंदुए जितना हो सके मानव संपर्क से बचने की कोशिश करते हैं। तेंदुए को यदि एक बार इंसान के खून की लत लग जाए तो यह खतरनाक होता है। जंगल का अपने एक चक्र हुआ करते था। जंगलों की अंधाधुंध कटाई और उसमें बसने वाले जानवरों के प्राकृतिक पर्यावास के नष्ट होने से इंसानी दखल से दूर रहने वाले जानवर सीधे मानव के संपर्क में आ गए। यदि इंसान चाहता है कि वह तेंदुए जैसे जंगली जानवरों का निवाला न बने तो जरूरत है कि नैसर्गिक जंगलों को छेड़ा न जाए, जंगल में इंसानों की गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगे। खासकर जंगलों में नदी-नालों को खनिज या रेत उत्सर्जन के नाम पर नैसर्गिक संरचनाओं को उजाड़ा न जाए।

## प्रसंगवश

# शरद पूर्णिमा का वैज्ञानिक महत्व



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

श्रीमद्भागवत महापुराण के अनुसार चन्द्रमा को औषधि का देवता माना जाता है। इस दिन चांद अपनी 16 कलाओं से पूरा होकर अमृत की वर्षा करता है। मान्यताओं से अलग वैज्ञानिकों ने भी इस पूर्णिमा को खास बताया है, जिसके पीछे कई सैद्धांतिक और वैज्ञानिक तथ्य छिपे हुए हैं।

शरद पूर्णिमा स्वास्थ्य की दृष्टि से एक ऐसी रात्रि मानी जाती है जब क्षितिज से अमृत की रश्मियां संजीवनी बनकर बरसती हैं। तत्व दर्शन यह है कि शरद पूर्णिमा की रात को चूंकि चंद्रमा धरती के सर्वाधिक निकट होता है, इस कारण इसकी किरणें धरती पर छिटक कर अन्न-जल व वनस्पति को अपने औषधीय गुणों से अधिक सघनता से सिंचित करती हैं। इस पूर्णिमा पर चावल और दूध से बनी खीर को चांदनी रात में रखकर प्रातः 4 बजे सेवन किया जाता है। इससे रोग खत्म हो जाते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। एक अन्य वैज्ञानिक शोध के अनुसार इस दिन दूध से बने उत्पाद का चांदी के पात्र में सेवन करना चाहिए। चांदी में प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है। इससे विषाणु दूर रहते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 30 मिनट तक शरद पूर्णिमा का स्नान करना चाहिए। इस दिन बनने वाला वातावरण दमा के रोगियों के लिए विशेषकर लाभकारी माना गया है।

एक अध्ययन के अनुसार शरद पूर्णिमा पर औषधियों की स्पंदन क्षमता अधिक होती है। यानी औषधियों का प्रभाव बढ़ जाता है रसाकर्षण के कारण जब अंदर का पदार्थ सांद्र होने लगता है, तब रिक्तिकाओं से विशेष प्रकार की ध्वनि उत्पन्न होती है। लंकाधिपति रावण शरद पूर्णिमा की रात किरणों को दर्पण के माध्यम से अपनी नाभि पर ग्रहण करता था। इस प्रक्रिया से उसे पुनर्योवन शक्ति प्राप्त होती थी। चांदनी रात में 10 से मध्यरात्रि 12 बजे के बीच कम वस्त्रों में घूमने वाले व्यक्ति को ऊर्जा प्राप्त होती है। सोमचक्र, नक्षत्रीय चक्र और आश्विन के त्रिकोण के कारण शरद ऋतु से ऊर्जा का संग्रह होता है और बसंत में निग्रह होता है। क्यों बनाई जाती है खीर?- वैज्ञानिकों के अनुसार दूध में लैक्टिक अम्ल और अमृत तत्व होता है। यह तत्व किरणों से अधिक मात्रा में शक्ति का शोषण करता है। चावल में स्टार्च होने के कारण यह प्रक्रिया और भी आसान हो जाती है। इसी कारण ऋषि-मुनियों ने शरद पूर्णिमा की रात्रि में खीर खुले आसमान में रखने का विधान किया है और इस खीर का सेवन सेहत के लिए महत्वपूर्ण बताया है। इससे पुनर्योवन शक्ति और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यह परंपरा विज्ञान पर आधारित है। इससे वनस्पतियों में नया प्राणतत्व आ जाता है। इसीलिए प्राचीनकाल में शरद पूर्णिमा की रात को आयुर्वेद के मनीषियों द्वारा विभिन्न जड़ी बूटियों से जीवनदायी औषधियों के निर्माण की परंपरा शुरू की गई थी,जो आज भी कायम है। भगवान श्रीकृष्ण भी गीता में कहते हैं-"पुष्णामि चौषधीः सर्वाः सोमो भूत्वा रसात्मकः।।" अर्थात मैं ही रसस्वरूप अमृतमय चन्द्रमा होकर संपूर्ण औषधियों को अर्थात वनस्पतियों को पुष्ट करता हूं। उनका यह कथन भी शरद पूर्णिमा की उपादेयता को पुष्ट करता है। ऋतु परिवर्तन स्वास्थ्य से जुड़ा है महत्व आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार इस पूर्णिमा के चंद्रमा से एक विशेष प्रकार का अमृत रस झरता है, जो अनेक रोगों में संजीवनी की तरह काम करता है। आयुर्वेद के मनीषियों ने शरद पूर्णिमा के इस चंद्र अमृत का लाभ जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए मिट्टी के बर्तन में खीर बनाकर उसे घरों की छतों पर खुले आकाश के नीचे रखने तथा अगले दिन प्रातः काल इस अमृतमय खीर का प्रसाद के रूप में सेवन करने की परंपरा बनाई थी।

शरद पूर्णिमा की रात को खुले आकाश तले रखी जाने वाली इस खीर की औषधीय महत्ता अब वैज्ञानिक प्रयोगों से भी परखी जा चुकी है। काशी के आयुर्वेदाचार्य शांतनु मिश्र बताते हैं कि शरद पूर्णिमा पर काशी के गढ़वाघाट मठ से अनेक वर्षो से अस्थमा पीड़ितों के लिए खास तरह औषधि का वितरण किया जाता है, जो चंद्रकिरणों से तैयार की जाती है। वे कहते हैं कि शरद पूर्णिमा को ब्रह्म मुहूर्त में चन्द्रमा की किरणों के बीच जब गंगा में स्नान किया जाता है तो मनुष्य के शरीर में अनूठी रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। रोग का कारण त्रुटिपूर्ण जीवनशैली हमारी वैदिक मनीषा द्वारा सदियों पूर्व बनाए गए स्वास्थ्य संरक्षण के नियम-उपनियम आज भी उतने ही कारगर हैं तथा समूची दुनिया इनकी वैज्ञानिकता को जान-परख कर चमत्कृत है। आज के समय में रोगों की भरमार का मूल कारण हमारी त्रुटिपूर्ण जीवन शैली है। इससे उबरने के लिए प्रयोगों पर कसौटी पर खरे उतरे। शरद पूर्णिमा के दिन किए जाने वाले स्वास्थ्य संरक्षण के उपचारों को हर भारतवासी को अपनाना चाहिए।

# आधुनिक समाज में वाल्मीकि के आदर्शों का क्षय



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

यह समय है कि हम इन विचारों को फिर से जीवन में उतारें और सही मायनों में 'रामायण' का सार समझें, ताकि हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें।

वाल्मीकि का महाकाव्य रामायण न केवल साहित्यिक, बल्कि नैतिक आदर्शों का भी प्रतीक है। उनके द्वारा स्थापित धर्म, सत्य, कर्तव्य और करुणा के सिद्धांत, जो कभी मानवता के लिए मार्गदर्शन का स्रोत थे, आज के समाज में कहीं खोए हुए प्रतीत होते हैं। वाल्मीकि ने कहा था, "धर्मो रक्षति रक्षितः" अर्थात धर्म की रक्षा करो, तो धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा, लेकिन आज धर्म की रक्षा नहीं, बल्कि उसका कुशल प्रबंधन किया जाता है, जैसे कि यह कोई व्यावसायिक प्रोडक्ट हो। आज लोग मंदिरों में लंबी कतारों में खड़े होते हैं, धक्का मुक्की के बीच ईष्ट के दर्शन करते हैं पर घर पहुंचते ही 'धर्म' और 'अधर्म' की परिभाषा अपनी सहूलियत के अनुसार बदल लेते हैं। धर्म और सत्य आज के युग में 'वैल्यू प्रोपोजिशन' बन गए हैं। सत्य तब तक सही है जब तक वह हमारे हित में हो और धर्म का पालन तब तक होता है जब तक वह हमारे लाभ में हो। वाल्मीकि अगर आज यह देखते, तो शायद सोचते, "धर्म की रक्षा की बात तो मैंने मानवता की भलाई के लिए की थी, न कि स्वार्थ सिद्धि के लिए।"

वाल्मीकि ने राम के चरित्र के माध्यम से कर्तव्य पालन का आदर्श प्रस्तुत किया था। आज के दौर में हर किसी के पास कर्तव्य के बारे में बात करने का समय है, लेकिन जब इसे निभाने की बात आती है तो लोग अचानक व्यस्त हो जाते हैं। आधुनिक कर्तव्य एक ऐसी 'टू-डू लिस्ट' बन गया है, जिसे हम रोज देखते हैं और फिर कहते हैं, "कल करेंगे।" कर्तव्य पालन अब केवल भाषणों की शोभा रह गया है। असल में इसे निभाने की फुर्सत नहीं है। वाल्मीकि का हृदय करुणा से भरा हुआ था। उन्होंने क्रौंच पक्षी के वध पर जो श्लोक रचा, वह उनकी करुणा और संवेदनशीलता का प्रतीक हैः "मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः, यत्क्रौंचमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्।" (हे निषाद, तुमको कभी शांति प्राप्त न हो, क्योंकि तुमने प्रेम में लगे हुए क्रौंच पक्षी के जोड़े में से एक को मार डाला)।

आज करुणा अब संवेदनशीलता का नहीं, बल्कि 'मौके' का प्रतीक बन गई है। लोगों को मदद करनी हो तो सबसे पहले यह देखा जाता है कि इससे उनका लाभ होगा या नहीं। असहाय की पुकार सुनने से पहले लोग ये सोचने लगते हैं कि इससे उनकी सामाजिक छवि पर क्या असर पड़ेगा। वाल्मीकि ने राम के जीवन को त्याग और संयम का आदर्श माना था। आदर्श जीवन अब माया और दिखावे से घिरा हुआ है। त्याग और संयम जैसी बातें अब केवल कहानियों तक सीमित हो गई हैं। वाल्मीकि ने रामराज्य का आदर्श प्रस्तुत किया था,जहां सत्य, न्याय और धर्म की प्रधानता थी। "रामो विग्रहवान धर्मः" अर्थात राम धर्म के साक्षात स्वरूप हैं, लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि सत्य, न्याय और धर्म की जगह केवल वादों और स्वार्थ ने ले ली है। चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं और चुनाव जीतने के बाद जनता सोचती रह जाती है कि यह वादे थे या सपने। वाल्मीकि के विचारों को जितनी गहराई से समझा जाए, उतने ही विविध पहलू उनके दर्शन में सामने आते हैं। उनके विचार सिर्फ नैतिकता, धर्म और कर्तव्य तक सीमित नहीं थे, बल्कि जीवन के हर पहलू में गहराई से जुड़े हुए थे। उनके आदर्श हमें यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि क्या हम वास्तव में उन सिद्धांतों का पालन कर रहे हैं या फिर वे बस हमारे आभासी जीवन का हिस्सा बन गए हैं।

यह समय है कि हम इन विचारों को फिर से जीवन में उतारें और सही मायनों में 'रामायण' का सार समझें, ताकि हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें। वाल्मीकि का साहित्यिक योगदान केवल उनकी रचनाओं तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने समाज में जो नैतिक और आध्यात्मिक आदर्श स्थापित किए, वे आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने न केवल रामायण के माध्यम से धर्म, सत्य, कर्तव्य और त्याग के मूल्यों को सजीव किया, बल्कि समाज में व्याप्त असमानताओं को भी चुनौती दी।

वाल्मीकि जयंती का यह अवसर हमें उनके आदर्शों और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का मौका देता है। उनका संदेश यह है कि चाहे जीवन कितना भी कठिन क्यों न हो, आत्मसुधार और सत्य का मार्ग अपनाकर हम न केवल स्वयं को, बल्कि समाज को भी एक बेहतर दिशा दे सकते हैं। उनके आदर्श और शिक्षाएं आज के समाज में उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी उनके समय में थीं। इस जयंती पर हम उनके महान साहित्यिक और समाज सुधारक योगदान को नमन करते हैं और उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प करते हैं।

## सोशल फोरम

# देवी लक्ष्मी और उल्लू

इन दिनों जिनके पास लक्ष्मी ज्यादा है, वे कितने अंधे हो चुके हैं और सामान्य संवेदना भी खो चुके हैं, यह अब आम अनुभव है।




शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

हिंदू परिवारों में लक्ष्मी एक बड़ा प्रिय शब्द है, क्योंकि धन-संपत्ति आज के जमाने में किसे प्रिय नहीं है। पर क्या कभी सोचा है कि लक्ष्मी की सवारी उल्लू क्यों है? उल्लू एक अनोखा जीव है जिसे दिन में दिखता नहीं है। फिर जिसने भी लक्ष्मी के साथ उल्लू की कल्पना की, उसका अभिप्राय इसके अलावा क्या होगा कि धन-संपत्ति पाकर अंधे न हो जाओ, बुद्धि के देवता गणेश को थोड़ा याद कर लो।

इन दिनों जिनके पास लक्ष्मी ज्यादा है, वे कितने अंधे हो चुके हैं और सामान्य संवेदना भी खो चुके हैं, यह अब आम अनुभव है। किसी परिवार में लड़की पैदा होने पर कभी सांत्वना पाने के लिए और कभी उसके गोरे सौंदर्य पर खुश होकर कहा जाता है कि लक्ष्मी पैदा हुई है। हिंदू कल्पना में सरस्वती, लक्ष्मी, सीता, राधा, दुर्गा, अधिकांश देवियां गोरी हैं। सभी देवता सांवले या काले हैं। यह इस देश में एक वर्ण-पूर्वग्रह है कि लड़के भले काले हों, पर लड़की गोरी होनी चाहिए। अकसर कहा जाता है, रूप में लक्ष्मी और गुण में सरस्वती। लड़कों के बारे में कहा जाता है कि लड़कों का रूप क्या देखना, उनका गुण देखो। लड़की सुंदर चाहिए, पढ़ी-लिखी और गृहकार्य में निपुण। लक्ष्मी की एक लोकप्रिय छवि विष्णु के चरणों के पास बैठकर उनकी सेवा करने की है। ऐसी धार्मिक छवियों ने भी स्त्रियों का क्या कर्तव्य है, यह निर्धारित करने में एक बड़ी भूमिका निभाई है और उनके अधिकारों को हजारों साल से प्रभावित किया है। यदि नई बहू के आने के बाद कोई दुर्घटना हो गई तो उसे सुनना पड़ता है,'इसका पैर खराब है','तू अलक्ष्मी है, तेरी वजह से नुकसान हुआ'। फिर शिकायतों से लेकर मारने-जलाने तक का कर्मकांड चलता है। स्त्री को अपने रूप-रंग, शकुन-अपशकुन, सुनिर्धारित कर्तव्य-अकर्तव्य आदि के कारण जो दुख-कष्ट झेलने पड़ते हैं। उसके मूल में पुरानी धार्मिक कल्पनाओं की सीमा को समझना चाहिए।

- फेसबुक वॉल से

# सर सैय्यद के मिशन से भटक गया मुस्लिम समाज



मुहम्मद ख़ालिद जीलानी
वरिष्ठ अधिवक्ता, बरेली

अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी (एएमयू) के संस्थापक आधुनिक भारत के निर्माताओं में से एक, सर सैय्यद अहमद खान का जन्म 17 अक्टूबर 1817 को दिल्ली में हुआ था, उन्होंने अपना काम एक लोक सेवक के तौर पर शुरू किया था। सन 1857 की क्रांति सर सैय्यद अहमद के जीवन की अहम घटना थी। उन्होंने इसका अंदाजा लगा लिया था कि मुस्लिम समुदाय के लिए खासकर उत्तर भारत में सामाजिक और राजनीतिक वजूद बनाए रखने के लिए अंग्रेजी भाषा एवं आधुनिक विज्ञान में निपुणता और कौशल प्राप्त करना होगा। सर सैय्यद उन रहनुमाओं में से एक थे, जिन्होंने पिछड़े, निर्धन मुस्लिम समाज के शक्तिकरण में शिक्षा की क्रांतिकारी भूमिका को अहम माना। वे न केवल आधुनिक भारत के महान राष्ट्र निर्माता थे, बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे। विभिन्न स्कूलों की शुरुआत करके उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के निर्माण की भूमिका तैयार कर दी थी। मुसलमानों में वैज्ञानिक चेतना का निर्माण और पश्चिमी ज्ञान को भारतीयों को अपनी भाषा में उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने सन 1863 में 'साइंटिफिक सोसाइटी' की स्थापना की। मार्च 1866 में 'साइंटिफिक सोसाइटी' की मैगनीज 'अलीगढ़ इंस्टिट्यूट गज़ेट' की शुरुआत की, जिसके जरिए पारंपरिक मुस्लिम समाज की सोच बदलने में उन्हें कामयाबी मिली।

सर सैय्यद की महानता की खासियत ये थी कि वह पहले ऐसे भारतीय मुस्लिम थे, जिन्होंने इस्लाम को नए नजरिए से देखने की ज़रूरत को समझा और उसके लिए काम भी किया। सर सैय्यद ने भारतीय उपमहाद्वीप के आधुनिक समाज के विकास में मूलभूत योगदान दिया, उनका मकसद भारत के मुसलमानों को सभ्यता के एक उच्च मुकाम को अपनाने के लिए प्रेरित करना था, ताकि उन्हें नीची नजर से देखने वाला सभ्य समाज भी अपना नजरिया बदल दें और वे भी दुनिया में एक सम्मानित और सभ्य समाज कहलाने के हकदार बन सकें। वर्तमान में देश के मुस्लिम समुदाय की शैक्षिक स्थिति बेहद खराब है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक मुसलमान शिक्षा के कई मानदंडों पर एससी और एसटी से भी पिछड़े हैं। एक निश्चित उम्र वर्ग वाले बच्चों के स्कूलों में अटेंडेंस के मामले में भी मुस्लिम समुदाय अन्य धार्मिक समुदायों की तुलना में पिछड़ा है। प्राइमरी स्तर की बात करें तो हर सौ मुस्लिम का ग्रास अटेंडेंस रेश्यू (गैर) अन्य, एससी, एसटी, ओबीसी, सिख, ईसाई और हिन्दू समाज की तुलना में सबसे कम है। अपर प्राइमरी स्तर पर मुस्लिम समुदाय ही एकमात्र ऐसा समुदाय है, जिसका गैर 90 प्रतिशत से कम है। सेकेंडरी स्तर पर मुसलमानों का गैर 71.9 प्रतिशत है, लेकिन एसटी 79.8 प्रतिशत और ओबीसी की तुलना में यह कम है। हायर सेकेंडरी स्तर पर मुस्लिमों का गैर 48.3 प्रतिशत है, जो एससी (52.8 प्रतिशत) से भी कम है।

मुसलमानों में ड्रॉपआउट का स्तर भी ज्यादा है। हायर सेकेंडरी स्तर से ऊपर की बात करें तो मुसलमानों का गैर 14.5 प्रतिशत है, जो दलितों के 17.8 प्रतिशत आंकड़े से कम है। आदिवासियों की अधिकांश आबादी सुदूर इलाकों में रहती है, मुसलमान उच्च शिक्षा वाले संस्थानों के करीब रहते हैं। बावजूद इसके मुसलमानों में ड्रॉप आउट का स्तर आदिवासी समुदाय के बराबर ही है। मुसलमानों की तीन से पैंतीस आयु वर्ग की आबादी का बड़ा हिस्सा औपचारिक शिक्षा के लिए नामांकन ही नहीं कराता है। इस उम्र समूह के करीब 17 प्रतिशत मुस्लिम पुरुष तो कभी शिक्षा के लिए नामांकन ही नहीं करवाते हैं। इसी तरह इस वर्ग के मुस्लिम महिलाओं का आंकड़ा 21.9 प्रतिशत है जबकि एसटी महिलाओं का औसत 22.4 प्रतिशत है। शिक्षा के क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय की इस दयनीय स्थिति ने आर्थिक और समाज के दूसरे क्षेत्रों व देश की मुख्य धारा से पीछे छोड़ दिया है। मुस्लिम समुदाय की मौजूदा नस्ल का एक बड़ा हिस्सा शिक्षा और सभ्यता से दूर सुबह तड़के खिचड़ी-बिरयानी के खोमचों बात-बात मजहब के नाम पर सड़कों पर जुलूस, गली-दर-गली उर्स मनाते आसानी से देखा जा सकता है। सामाजिक बुराइयों के आडंबर और दहेज की लानत, अशिक्षा, गरीबी और बेरोजगारी ने मुस्लिम समाज की सामाजिक हैसियत को बरबाद करके रख दिया है, सर सैय्यद अहमद खान के मिशन को धूमिल कर दिया है।

## आपका पत्र

# मितव्ययिता जरूरी समझें

अभी कुछ दिन पूर्व लखनऊ से मुंबई की हवाई यात्रा करनी पड़ी। लखनऊ एयरपोर्ट पर पत्नी को चाय की तलब महसूस हुई जब चाय के दाम मालूम किए तो भौच्चका रह गया। यही हाल प्लेन के अंदर मिलने वाली चाय का था। हम दोनों ने हवाई यात्रा में चाय न पीना ही बेहतर समझा। यह स्थिति देश के किसी भी एयरपोर्ट पर मिलेगी। बच्चों की दूर-दूर नौकरी के सिलसिले में अब मां-बाप को उनके पास जाने का मोह तो रहता है, किंतु मिडिल क्लास खासकर समाजवादी सोच के लोगों के लिए सामान्य इंडियन रेस्तरां के मुकाबले 8 गुना महंगी चाय या काफी एयरपोर्ट पर या प्लेन में पीना समझदारी पूर्ण नहीं लगता।

अधिकांश लोग इन खाने-पीने की चीजों पर खर्च नहीं करते, क्योंकि वो न तो दिखावे में विश्वास रखते न अपने बटुए में रखे धन का प्रदर्शन ही करना चाहते हैं। वो मितव्ययिता में यकीन रखने वाले लोग हैं। मितव्ययी होने का मतलब है अपने पैसे और इसे खर्च करने के तरीके के बारे में सावधान रहना,खर्च करने से पहले दो बार सोचना, हालांकि आज की नई पीढ़ी को समझा पाना बड़ा मुश्किल हो रहा है। वो यह नहीं समझते कि छोटी-छोटी बचत एक बड़ी रकम बन सकती है। शायद एक नई कहावत जन्म ले रही है, जिसमें खान-पान में खर्च का तरीका यह तय करेगा कि आप अमीर बन रहे हैं, इनका लहजा बता रहा है कि इनकी दौलत नई-नई है।

-संजीव मेहरोत्रा, बरेली

## लेखपाल समेत अन्य लोगों पर दर्ज होगी एफआईआर

**सिंगाही ,अमृत विचार:** ग्राम पंचायत निबौरिया के ग्राम प्रधान को बुलाकर तहसील में झांसा देकर स्टांप और सादे कागज पर हस्ताक्षर कराने और जाति सूचक गालियां देने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट ने लेखपाल समेत सभी आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश निघासन पुलिस को दिए हैं।

ग्राम पंचायत निबैरिया के प्रधान झगड़ू ने कोर्ट को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसकी ग्राम पंचायत में 70 मकान प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत बने हैं। उसने ग्राम सभा का प्रस्ताव पारित कर भूमि की श्रेणी परिवर्तन का प्रस्ताव सक्षम राजस्व अधिकारी को भेजा था, लेकिन तहसील प्रशासन ने 66(2) राजस्व संहिता के तहत कार्रवाई करने के आदेश पारित किए, लेकिन तहसीलदार ने एक व्यक्ति का घर गिराने का आदेश दिया। पीड़ित पक्ष ने उच्च न्यायालय को याचिका प्रस्तुत की। उच्च न्यायालय ने तहसीलदार निधासन को व्यक्तिगत रूप से मय अभिलेख उपस्थित होने के आदेश दिए। तहसीलदार ने बचने के लिए लेखपाल मोहन कश्यप, उत्तम कश्यप व सुधीर वर्मा के साथ मिलकर योजना बनाई।

# मंडल चैंपियन बनने को खिलाड़ियों में कड़ा मुकाबला

## एक-एक पदक के लिए बहाया पसीना, जेडी ने खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर बढ़ाया उत्साह

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** 68वीं मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का दूसरा दिन खिलाड़ियों के लिए काफी उत्साह भरा रहा। परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम हथौड़ा बुजुर्ग में बुधवार को मंडल के चारों जनपदों से जुटे खिलाड़ियों ने चैंपियन बनने के लिए जी-तोड़ कोशिश की और विजेता बन मेडल पर कब्जा जमाया। संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) राकेश कुमार ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। दूसरे दिन बरेली और बदायूं के खिलाड़ियों का दबदबा रहा।

इस दौरान प्रतियोगिता अध्यक्ष जेडी राकेश कुमार ने खिलाड़ियों और व्यवस्था से जुड़े शिक्षकों से व्यवस्था संबंधी जानकारी भी ली। इतना ही नहीं, उन्होंने प्रतियोगिता संयोजक डीआईओएस हरिवंश कुमार, आयोजक प्रधानाचार्य अनिल कुमार के साथ 400 मीटर बालक हर्डल रेस का आरंभ कराया और विजेताओं को मेडल



पदक दिखाकर खुशियां मनाते बाधा दौड़ के विजेता। साथ में हैं जेडी राकेश कुमार और संयोजक हरिवंश कुमार। ● अमृत विचार

- **मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का दूसरा दिन**

पहनाकर उनका उत्साह बढ़ाया। इससे पहले सुबह आठ बजे से दूसरी दिन की प्रतियोगिताएं शुरू करा दी गईं, ताकि लंबी दूरी की दौड़ में खिलाड़ी धूप और गर्मी से बचे रह सकें। दिनभर चलीं तमाम प्रतियोगिताएं कराने में गुरमीत सिंह, राहुल कुमार सिंह, अनिल मालवीय, राम निरंजन वर्मा, रत्नेश शुक्ला, अंग्रेज सिंह, योगेंद्र कुमार, सचिन प्रेमी, सुमित सिंह, रबी उल्ला, संजय राठौर, अनूप मिश्रा, सौरभ कुमार, रुचि सिंह, सत्यपाल सिंह, चारु पवार, कंचन सक्सेना, सौरभ सक्सेना, शैलेंद्र, गंगाराम प्रेमी, वैभव सिंह, सुदीप दास, रवि कुमार, मनोज कुमार, पवन कुमार राजपूत, सदफ खान आदि खेल शिक्षकों का सहयोग रहा। जबकि विभिन्न व्यवस्थाओं में राकेश कुमार, ब्रजेश सावर्ण, नवाब अली अंसारी, रामफल सिंह, योगेश कुमार, प्रधानाचार्य संजय कुमार मौर्य, डॉ. अमीर सिंह, धनवीर सिंह, मोहम्मद अयूब खां, जेपी मौर्य, ओम प्रकाश, नईम अहमद, सियाराम, विमला देवी, खुशनुमा बानो, गौरी शंकर वर्मा, शिवेंद्र कुमार आदि शिक्षकों और प्रधानाचार्यों का योगदान रहा।

### सब जूनियरः 600 मीटर दौड़ में मुनाजिर और नंदिनी विजयी

सब जूनियर वर्ग की 600 मीटर दौड़ में बरेली के मुनाजिर को प्रथम, अवनीश को द्वितीय, पीलीभीत के पुष्पेंद्र सिंह को तृतीय, बालिकाओं में बदायूं की नंदिनी को प्रथम और अंजू कुमारी को द्वितीय, शाहजहांपुर की प्रांजलि को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह 200 मीटर दौड़ में बरेली के मुनाजिर और पुष्पेंद्र, पीलीभीत के अभय प्रताप सिंह, ऊंची कूद में पीलीभीत के अर्पित कुमार, बदायूं के मोहित, बदायूं के शशांक गुप्ता, बालिकाओं की ऊंची कूद में बदायूं की कविता, पीलीभीत की सलोनी, बदायूं की राज कुमारी, 200 मीटर दौड़ में बदायूं की लक्ष्मी पाल, शाहजहांपुर की रंजना देवी और बदायूं की अनामिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया।

### जूनियरः 3000 मीटर वाक रेस में आदित्य-काजल की जीत

जूनियर वर्ग की प्रतियोगिताओं में हैमर थ्रो में बदायूं के अमृतांक कौशिक को प्रथम, पीलीभीत के समी अखलाक रजा को द्वितीय, बदायूं के शिवराज को तृतीय, बालिकाओं में बदायूं की आशी सैनी को प्रथम, पीलीभीत की गीतिका गिरी को द्वितीय और शाहजहांपुर की अलीशा को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह 3000 मीटर वाक रेस में शाहजहांपुर के आदित्य, पीलीभीत के जीत कुमार और कामरान अली, 200 मीटर दौड़ में पीलीभीत के ताजीम खां, बरेली के फैजान, शाहजहांपुर के आयुष गंगवार, त्रिकूद में बदायूं के रशिक शर्मा, पीलीभीत के रोहित सिंह और मो. अवि, भाला फेंक में शाहजहांपुर के विशाल पटेल, बदायूं के रशिक शर्मा, शाहजहांपुर के अभिनव कुमार, 100 मीटर बाधा दौड़ में बरेली के मोहित शर्मा, पीलीभीत के आर्यराज सिंह, शाहजहांपुर रवि प्रताप सिंह, बालिकाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में बदायूं की मुस्कान, शाहजहांपुर की वंदना, पीलीभीत की काजल, चक्का फेंक में बदायूं की अर्पिता सिंह और स्वाति, शाहजहांपुर की वंदना, त्रिकूद में बदायूं की मुस्कान, पीलीभीत की कशिश और निशा मौर्या, 3000 मीटर वाक रेस में बरेली की काजल, शाहजहांपुर की कावेरी, बदायूं की सलोनी, 3000 मीटर दौड़ में बरेली की अंजलि, पीलीभीत की भावना, बदायूं की मानसी, ऊंची कूद में पीलीभीत की कशिश, बरेली की अंशु और प्राची, 200 मीटर दौड़ में बरेली की रूबी गंगवार, बदायूं की हिना और शाहजहांपुर की राधिका ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाया।

## स्कूली बच्चों से भरा ऑटो पलटा, छह घायल

**एटा/ जैथरा,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के नगला रामराय के पास स्कूली बच्चों से भरा ऑटो पलट गया। हादसा बुधवार सुबह करीब 8 बजे हुआ। ऑटो पलटने के बाद चीख-पुकार मच गई। हादसे में छह बच्चे घायल हुए हैं। राहगीरों ने तुरंत बच्चों को ऑटो से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी घायल बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जैथरा में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल तीन बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। बताया गया कि ये सभी बच्चे जैथरा के ज्ञानदीप विद्यालय के छात्र हैं। सुबह के समय जब वे ऑटो में बैठकर स्कूल जा रहे थे, तभी अचानक सड़क पर एक कुत्ता आ गया, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। घायल बच्चों में आयुष (12 वर्ष), आदर्श (8 वर्ष), अंशुल (5 वर्ष), रजत (12 वर्ष), जानवी (12 वर्ष), हर्ष (4 वर्ष) शामिल हैं। सभी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। इनमें से रजत और आयुष सहित तीन बच्चों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। थाना प्रभारी शम्भूनाथ ने बताया कि सभी घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है।

## सड़क पर खड़े दो कैंटर धूं धूंकर जले, लाखों का हुआ नुकसान

**कासगंज ,अमृत विचार :** गंजडुंडवारा सुजावलपुर सुन्नगढी रोड पर खड़े दो कैंटरों में देर रात अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग पर जैसे तैसे काबू पाया गया, लेकिन तब तक दोनो कैंटर जलकर खाक हो गए।मामले मे वाहन स्वामी ने दो नामजदो पर आग लगाए जाने का आरोपलगाया है।गांव सुजावलपुर निवासी दानिश व अंसार के कैंटर प्रतिदिन की भांति सुजावलपुर सुन्नगढी रोड स्थित मंदिर के पास खड़े थे, रात्रि लगभग 3 बजे दोनों कैंटर से अचानक आग की भीषण लपटें उठने लगीं। आसपास के लोगों द्वारा सूचना वाहन स्वामियो एवं कोतवाली पुलिस को दी गई।


## किसान का बेटा लखनऊ विश्वविद्यालय में बना असिस्टेंट लाइब्रेरियन



एक किसान का बेटा व ग्राम प्रधान पति महिपाल सिंह पटेल के सबसे छोटे भाई हरेंदर पटेल (ग्राम पंचायत भगवतीपुर वि. क्षे बिथरी चैनपुर) का लखनऊ विश्वविद्यालय में असिस्टेंट लाइब्रेरियन के पद पर चयन हुआ है इस उपलब्धि से पिता श्री कालीचरण पटेल व माता श्री माया देवी एवं पूरे परिवार में हर्ष और उल्लास का मौहाल है इनका परिवार अपने पैतृक गांव कमुआ खुर्द में रहता है इनकी इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई जय नारायण सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज, बरेली से हुई। 2012 में इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने के बाद हरेंद्र ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय से बीए (आनर्स) अर्थ शास्त्र की डिग्री 2016 में पूरी की थी। इसके बाद वहीं से लाइब्रेरी व इन्फॉर्मेशन साइंस में परास्नातक की डिग्री वर्ष 2021 में पूरी की थी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सयाजीराव गायकवाड लाइब्रेरी में 1 साल तक ट्रेनी के तौर पर कार्य करने के बाद हरेंद्र का चयन इलहाबाद विश्वविद्यालय में लाइब्रेरी अटेंडेंट के पद पर हुआ था। उन्होंने इस दौरान नेट की परीक्षा क्वालिफाई की और इसके साथ वह इग्नू से पीएचडी भी कर रहे हैं। इस महीने में 3 अक्टूबर को फिर से इलाहाबाद विश्वविद्यालय में लाइब्रेरी असिस्टेंट (लेवल - 4) के पद पर भी चयन हुआ था उनकी लगातार मेहनत और कठिन संघर्ष से 9 अक्टूबर को जारी परीणाम में उनका चयन लखनऊ विश्वविद्यालय में असिस्टेंट लाइब्रेरियन (लेवल - 10) के पद पर हुआ है।। हरेंद्र ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवारजन, मित्रों एवं गुरूजनों को दिया है। Advt.


# ब्रांडेड कंपनी के नाम पर एक्सपायर सीमेंट बेचने का भंडाफोड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **बिलगवां रोड पर लंबे समय से चल रहा था सीमेंट का अवैध कारोबार, एसडीएम ने किया गोदाम सील**

**अमृत विचारः** शहर से सटे बिलगंवा रोड पर विभिन्न कंपनियों का एक्सपायर सीमेंट बेचने का धंधा चल रहा था। ब्रांडेड कंपनी के नए कट्टों में एक्सपायर व गुणवत्ता हीन सीमेंट की बिक्री की जा रही थी। बुधवार को एसडीएम सदर ने छापा मारकर अवैध धंधे का भंडाफोड़ किया। व्यापारी के गोदाम में एक्सपायर सीमेंट के 1200 कट्टे रखे मिले। इस पर एसडीएम ने गोदाम सील कर दिया है। आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को सूचना दे दी गई है।

> बिलगवां रोड पर एक फर्म के गोदाम पर छापा मारा था। यहां पर एक्सपायर सीमेंट लाकर उसे ब्रांडेड कंपनी के नये रैपर में भरकर बेचा जाता था। व्यापारी के गोदाम में ब्रांडेड कंपनी के खाली रैपर भी मिले हैं। गोदाम सील कर दिया गया है। वाणिज्यकर विभाग और संबंधित कंपनी के एरिया मैनेजर को सूचना दे दी गई है।
> – **महिपाल सिंह,** एसडीएम सदर

तहसील प्रशासन को पिछले कुछ दिनों से नकली सीमेंट बिकने की शिकायत मिल रही थी। शिकायत में बताया गया कि बिलगवां रोड स्थित मैसर्स श्री गिरिराज इंडस्ट्री में गुणवत्ता विहीन एक्सपायर सीमेंट ब्रांडेड कंपनी के नाम पर बेचा जा रहा है। एसडीएम सदर महिपाल सिंह ने मंगलवार को राजस्व, पुलिस और बांट माप विभाग की टीम के साथ मैसर्स श्री गिरिराज इंडस्ट्री के गोदाम पर छापा मारा। एसडीएम ने गोदाम खुलवाकर देखा तो अफसर हैरान रह गए। वहां एक तरह से नकली सीमेंट की फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। देर रात तक टीम जांच पड़ताल करती रही। गोदाम में गुणवत्ताविहीन सीमेंट ब्रांडेड कंपनी के कट्टों में भरकर रखा गया था। गोदाम में नकली सीमेंट के करीब 1200 कट्टे रखे मिले। एसडीएम ने अपनी मौजूदगी में गोदाम सील करा दिया। हालांकि गोदाम मालिक मौके से निकल गया। प्रशासनिक अफसरों की मानें को जांच पड़ताल पूरी होने के बाद आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर, छापे का पता लगने पर फर्म संचालक को बचाने के लिए कुछ सफेदपोश मौके पर पहुंच गए। हालांकि अधिकारियों की सख्ती के आगे उनकी नहीं चली।

### कम दामों पर बेचा जाता था एक्सपायर सीमेंट

प्रशासन की शुरुआती जांच में सामने आया है कि फर्म संचालक द्वारा एक्सपायर सीमेंट को खरीदने के बाद उसे री-पैकिंग ब्रांडेड कंपनियों के सीमेंट के नाम वाले कट्टों में कर दिया जाता था। फिर इसकी सप्लाई की जाती थी। खरीदने वाले को पता ही नहीं रहता था कि सीमेंट एक्सपायर है। जांच में यह भी पता चला कि कई बार तो कंपनी के रेट से कुछ कम दाम में सीमेंट की बिक्री कर दी जाती थी। 250 ब्रांडेड कंपनी सीमेंट के पैकेट भी टीम को मौके पर मिले। अफसरों की मानें तो इन्हीं में एक्सपायर सीमेंट की री-पैकिंग की जाती थी। इतना ही नहीं एक्सपायर सीमेंट जम भी चुका था तो उसे श्रमिक लगाकर पिसाई कराकर बोरी में भरा जाता था।

### ग्राम पंचायतों व अन्य विभागों में भी होती थी सप्लाई

इस फर्म की ओर से कई दुकानों मेंमाल भेजा जाता था। ऐसे में माना जा रहा है कि काफी स्टॉक अन्य दुकानों पर भी हो सकता है। वहीं, जिनके मकान व अन्य प्रतिष्ठानों में निर्माण कार्य हुआ है। चूंकि जब एक्सपायर सीमेंट लगाया गया है तो गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ चुके हैं। ऐसे में अब उनको भी चिंता हो रही है। चर्चा ये भी तेज गई है कि कई ग्राम पंचायतों और अन्य विभागों में भी एक्सपायर सीमेंट की सप्लाई की जाती थी। हालांकि अभी इसकी कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। बताते हैं कि सप्लाई से संबंधित अभिलेख फर्म संचालक के ही पास हैं। फिलहाल इसे लेकर भी जांच पड़ताल हुई तो मुश्किल और बढ़ेगी।

## 4.20 करोड़ से बदायूं में बनेगा साइबर थाना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पुरानी फायरिंग रेंज के पास होगा निर्माण**
- **लोक निर्माण विभाग ने एस्टीमेट भेजा**

**अमृत विचार :** बदायूं में साइबर थाने का निर्माण होगा। लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड ने भवन निर्माण का एस्टीमेट बनाकर पुलिस मुख्यालय भेजा है। निर्माण पर करीब 4.20 करोड़ रुपये का खर्च आंका है।

बदायूं में सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के चित्रांश नगर के पीछे पुरानी फायरिंग रेंज के पास की भूमि साइबर थाना के लिए आवंटित की गई है। अप्रैल में भूमि चिह्नित करने के बाद बदायूं के पुलिस अधीक्षक ने पुलिस मुख्यालय को जानकारी दी थी। कुछ दिन पहले पुलिस मुख्यालय ने लोक निर्माण विभाग को एस्टीमेट तैयार कर भेजने को कहा था। अब निर्माण खंड ने दो मंजिला थाने के भवन का एस्टीमेट बनाकर प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति के लिए पुलिस मुख्यालय भेजा है। आवंटित होने वाले बजट से भूतल पर मुख्य प्रशासनिक भवन, सीओ, प्रभारी और एसआई कार्यालय, लाकअप, मालखाना, स्टोर, प्रथम तल पर पुरुष और महिला विश्राम कक्ष, कान्फ्रेंस रूम, साइबर लैब आदि का निर्माण होगा। निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता शशांक भार्गव ने कहा कि उम्मीद है कि जल्द ही एस्टीमेट को प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति मिल जाएगी।

# बरेली पुलिस ने टायर व्यापारी के घर दी दबिश,लटका मिला ताला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नकली नोटों की तस्करी करने वाले टायर व्यापारी के घर बरेली की पुलिस ने दबिश दी। पुलिस को मकान में ताला लटका मिला। पड़ोसियों से पूछताछ करने के बाद पुलिस लौट गयी। टायर व्यापारी और उसके बेटे के खिलाफ बरेली के एक थाने में नकली नोट प्रकरण में मुकदमा दर्ज है। बरेली पुलिस ने एक आरोपी को नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया था और बाप-बेटे कार समेत भाग निकले थे।

बरेली के इज्जतनगर थाने की पुलिस ने 11 अक्टूबर को चौक कोतवाली के मोहल्ला सिंजई निवासी विवेक मौर्या को नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 500 रुपये के तीन नकली नोट बरामद किए थे। जबकि चौक कोतवाली के मोहल्ला बक्सरिया निवासी टायर व्यापारी रवि अरोड़ा व उसका बेटा आयुष अरोड़ा मौका पाकर कार से भाग गए थे। मामले में टायर व्यापारी और उसके बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोपी की चारखंभा पर टायर की दुकान है। विवेक पूर्व में भी जेल जा चुका है। एसओजी व तिलहर पुलिस ने एक अप्रैल 2023 को तिलहर क्षेत्र के अखिलेश और सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस ने सचिन को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों के पास 100-100 के 4200 नकली नोट बरामद हुए थे। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया था कि विवेक मौर्या ने उसे नकली नोट दिए थे। मंगलवार की शाम बरेली की इज्जतनगर थाना की पुलिस फरार टायर व्यापारी रवि अरोड़ा के घर पर दबिश दी तो मकान में ताला लटका मिला। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि बरेली पुलिस की दबिश के दौरान आरोपी के मकान में ताला लटका मिला।

## कंपाइन से दबकर 10 वर्षीय बच्चे की जान चली गई

**उचौलिया(खीरी), अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के ग्राम किरियारा में कंपाइन मशीन से एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। गांव में एक खेत में धान की कटाई के लिए कंपाइन आई थी। उस खेत में एक ट्रैक्टर भी था। गांव के सकीम का पुत्र निहाल (10) खेत में था। बुधवार की शाम करीब पांच बजे उसकी कंपाइन से कुचलने से मौत हो गई। घटना के समय कोई चश्मदीद नहीं था। कंपाइन चलाने वाला कंपाइन छोड़कर भाग गया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। छह भाई बहनों में निहाल की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। कंपाइन मोहम्मदी क्षेत्र की बताई गई है।

# वारंटी को पहुंचा लाभ तो पुलिस जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **एक फैक्ट्री में तोड़फोड़ के मामले में सात लोगों पर 2013 में दर्ज की गई थी रिपोर्ट**
- **आरोपी ने जमानत ली न ही कोर्ट में हुआ हाजिर, कोर्ट ने एसएसपी को भेजा पत्र**

> वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वारंटियों को पकड़कर कोर्ट के समक्ष पेश किया जा रहा है। कोर्ट के नोटिस के बारे में जानकारी की जाएगी। इन वारंटियों को भी पकड़ा जाएगा। – **डॉ. बृजेश कुमार सिंह,** एसएसपी।

**अमृत विचार :** बलवा का वारंटी फरार है। वह शहर के एक मैरिज लॉन में चल रही अश्लील डांस पार्टी मामले में भी पकड़ा जा चुका है। अन्य छह आरोपी भी फरार हैं। सप्तम अपर सिविल जज, जूनियर डिवीजन ने एसएसपी को पत्र जारी किया है जिसमें आरोपियों को वारंट व 82 सीआरपीसी का तामीला कराने के निर्देश दिए हैं। तामीला प्राप्त न होने पर पत्रावली अग्रिम कार्रवाई के लिए नीयत करने की चेतावनी दी। कहा कि अगर मुख्य अभियुक्त को लाभ पहुंचता है तो उसके लिए एसएसपी व पुलिस विभाग उत्तरादायी होंगे।

साल 2013 में सिविल लाइन कोतवाली में राजेंद्र मथुरिया, वशीर खां, मनोज मूसा, देवेंद्र कुमार मिनोचा, संजय साहू, अमित कुमार मूहा, कंचन लता के खिलाफ बलवा, आपराधिक अतिचार करने, नुकसान पहुंचाने, लोकसेवक को उसके कर्तव्यों से रोकने, दो या दो से ज्यादा लोगों के अपराध करने आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उस दौरान एक नेता के कहने पर पुलिस ने राजेंद्र मथुरिया को छोड़ दिया था लेकिन आरोपियों ने जमानत नहीं कराई न ही कोर्ट में उपस्थित हुए। पुलिस भी आरोपियों को पेश नहीं कर सकी। आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी हैं। आरोपियों के उपस्थित न होने की वजह से पत्रावली का लंबे समय से निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

सप्तम अपर सिविल जज, जूनियर डिवीजन ने एसएसपी को पत्र भेजकर आरोपियों को वारंट का तामीला कराते हुए खुद या संबंधित अधिकारी को आख्या प्रस्तुत करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि वांरटी को किसी तरह का लाभ पहुंचेगा तो पुलिस व एसएसपी जिम्मेदार होंगे। बताया जा रहा है कि आरोपी राजेंद्र मथुरिया सत्तापक्ष के नेताओं का करीबी है। शहर में जगह-जगह उसके होर्डिंग लगे हैं।राजेंद्र मथुरिया को पुलिस ने 26 जनवरी की रात शहर के एक मैरिज लॉन में अश्लील डांस व शराब पार्टी के दौरान भी पकड़ा था। जिसमें 29 लोगों के अलावा नर्तकियां भी पकड़ी गई थीं।


## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी

मुरादाबाद मंडल के बरेली, मुरादाबाद, हरिद्वार एवं देहरादून स्टेशन के पार्सल कार्यालयों में **सभी आउटगोइंग पार्सल की स्कैनिंग के लिए पार्सल स्कैनर मशीन के अनुबंध** हेतु **05 साल** के लिए ई-नीलामी के तहत दिनांक **30.10.2024** (समय **10:30 am**) को बोली **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर ही उपलब्ध है। **3202/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## फरारी की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि थाना नवाबगंज बरेली पर मु.अ.सं. 80/23 धारा 392 आईपीसी पंजीकृत है। जिसकी विवेचना मुझ स्वयं उ.नि. द्वारा सम्पादित की जा रही है। मुकदमा उपरोक्त प्रकाश में आया अभि. बब्लू उर्फ वीरेन्द्र गंगवार पुत्र श्री अनोखे लाल नि. ग्राम सिसेई थाना शेरगढ़ बरेली का मा. न्यायालय के उक्त अभियुक्त के खिलाफ NBW/82 CRPC कार्यवाही कर ली गयी है। उद्घोषणा 82 CRPC की कार्यवाही करा ली गयी है। उक्त अभि. के खिलाफ थाना नवाबगंज बरेली पर मु.सं. 605/23 धारा 174 A IPC पंजीकृत किया जा चुका है।

**बिजेन्द्र सिंह, उ.नि.**
**थाना नवाबगंज, जनपद बरेली।**
**मो. 9458013735**

## कार्यालय क्षेत्र पंचायत विकासखंड सिंधौली जनपद शाहजहांपुर

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत सिंधौली वि.खं. सिंधौली तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर में वर्ष 2024-25 में पंद्रहवें वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग / मनरेगा के अंतर्गत के निम्न कार्य कराया जाना है। इच्छुक निविदा / कोटेशनदाता दिनांक 21.10.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक निविदायें डाल सकते हैं। तो उसी दिनांक सायं 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | उल्लिया गांव से ग्राम राजपुर सम्पर्क मार्ग की ओर खडन्जा | 500X3.30 मी. | 9.99 लाख |
| 2. | ग्राम नगला शाहजहां में गौशाला की बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 300 मी. | 8.50 लाख |
| 3. | ग्राम रामनगरिया से शिवनगर गांव तक खडण्जा निर्माण कार्य। | 500X3.30 मी. | 9.99 लाख |
| 4. | घाटबोझ गांव से महुराइन मार्ग पर खडण्जा निर्माण कार्य। | 500X3.30 मी. | 9.99 लाख |
| 5. | भानपुर गांव से मेन रोड की ओर खडण्जा निर्माण कार्य। | 500X3.30 मी. | 9.99 लाख |

**देव कुमार चतुर्वेदी**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**वि.क्षे. सिंधौली (शाहजहांपुर)**

**मछला सिंह**
**प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत सिंधौली**


# तालाब में डूबी 14 माह की बच्ची, मौत

संवाददाता, निगोही/ शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** थाना निगोही क्षेत्र के गांव मधवामई में बुधवार सुबह 14 माह की बच्ची की तालाब में डूबकर मौत हो गई। ढाई घंटे बाद उसका शव तालाब में उतराता मिला, तब परिजनों को जानकारी हो पाई।

गांव मधवामई निवासी नरेंद्र सिंह की 14 माह की बच्ची नेहा सुबह सात बजे घर के बाहर गांव के बच्चों के साथ खेल रही थी। नरेंद्र सिंह व उनकी पत्नी व तीन अन्य बेटियां अपने-अपने काम में लगे हुए थे। नेहा गांव के छोटे बच्चों के साथ खेलते-खेलते अचानक कुछ दूरी पर बने तालाब के पास पहुंच गई, जहां वह तालाब में गिर गई। करीब ढाई घंटे बाद 9:30 बजे जब काम से निपटने के बाद नरेंद्र ने बेटी नेहा के बारे में पूछा तो कोई बता नहीं पाया। उसके गायब हुए ढाई घंटा हो चुका था, इसलिए परिवार के सभी लोग परेशान हो गए और उसकी तलाश शुरू कर दी। तभी तालाब में मासूम बच्ची का शव उतराता दिखाई दिया। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बच्ची के शव को देखकर उसकी मां सबसे अधिक बिलख रही थी।



घटना के बाद गुमसुम बैठीं परिवार की महिलाएं।

- **निगोही क्षेत्र के गांव मधवामई में बुधवार सुबह हुई घटना**
- **ढाई घंटे बाद उतराता मिला शव तब हुई जानकारी**

### घायल वृद्ध की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव उधौपारा निवासी शिवराज(68) पांच अक्टूबर को साइकिल से कहीं से शाम को लौट रहा था। हाईवे पर बरेली मोड़ और गर्रा पुल के बीच अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मंगलवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# मिट्टी मिला खाद्यान्न बांटने पर एफसीआई और खाद्य विपणन के छह अफसर निलंबित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मिट्टी मिला खाद्यान्न बांटने के मामले में डीएम ने कार्रवाई करते हुए एफसीआई और खाद्य एवं विपणन विभाग के छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

जिले में मिट्टी मिला खाद्यान्न बंट रहा था, लेकिन लोग आवाज नहीं उठा रहे थे। कोटेदार ऊपर से ही गंदा राशन आने की बात कहते हुए अपना पल्ला झाड़ रहे थे। एफसीआई और विपणन के अधिकारी भी ऊपर से ही मिलावटी खाद्यान्न आने की बात कहकर जिम्मेदारी से बच रहे थे। शिकायत मिलने पर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पूर्ति विभाग, खाद्य सुरक्षा और विपणन विभाग की संयुक्त टीम बनाकर जांच कराई तो भांडा फूट गया। जांच के दौरान कई ग्राम पंचायतों में खाद्यान्न की गुणवत्ता बहुत खराब पाई गई। इसके बाद जनता को मिट्टी मिला खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर गाज गिर गई।

बुधवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत वितरित होने वाले गेहूं के भंडारण स्थल भारतीय खाद्य निगम के गोदाम रौसरकोठी पर जिलाधिकारी की ओर से गठित टीम से जिला पूर्ति अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी व अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी पहुंचे। संयुक्त टीम की ओर से रखे खाद्यान्न (गेहूं) का भौतिक सत्यापन व जांच की गई। जांच में एफसीआई गोदाम, रौसरकोठी में रखे गेहूं की गुणवत्ता सही मिली। एफसीआई टीम की ओर से मौके पर मौखिक रूप से बताया गया कि तीन दिन पहले एफसीआई गोदाम में रखे गेहूं की डस्टर से सफाई कराई गई है। प्रकरण में जांच के दौरान जिम्मेदार पाए गए एफसीआई के गुण नियंत्रक विशाल शर्मा, तकीनीकी सहायक प्रथम पूनम व हरिकांत को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को लिखा गया। इसके साथ ही विपणन विभाग के प्रेषण प्रभारी विपणन निरीक्षक रामकृष्ण दुबे, रविकांत मिश्रा, मोहित कुमार को भी निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई करने की संस्तुति जिलाधिकारी की ओर से उच्चाधिकारियों व शासन से की गई है।


## कार्यालय नगर पंचायत अल्हागंज जनपद शाहजहांपुर

पत्रांक: 148/न.प.अ./ई.नि.सू./2024-25 दिनांक: 12.10.2024

### ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों / पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से GIS survey & MIS work for the Nagar Panchayat हेतु दिनांक 18.10.2024 से दिनांक 08.11.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक ऑनलाईन ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। जिसकी समस्त कार्यवाही वेवसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। आमंत्रित ई-निविदायें दिनांक 08.11.2024 को दोपहर 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी। टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। तथा लिये गये निर्णय पर किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं होगा।

| | |
|---|---|
| बिड प्रकाशित करने की तिथि | दिनांक 18.10.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे |
| ऑनलाइन बिड अपलोड करने की तिथि | दिनांक 18.10.2024 से 08.11.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |
| बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 08.11.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |
| बिड खुलने की तिथि | दिनांक 08.11.2024 को दोपहर 12:00 बजे |

**शैलेश कुमार**
**अधिशासी अधिकारी**

**शिवानी वर्मा**
**अध्यक्ष**

# मुरादाबाद के युवक की हत्या तेजाब डाल घूरे में दबाया शव

## मां का आरोप, बेटे को शनिवार को बुलाकर लाए थे उसके ममेरे भाई

संवाददाता, आसफपुर(बदायूं)



मृतक आकाश



गांव बसौमी में शव मिलने वाले स्थान पर जांच करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

● चेहरा जला हुआ था, प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका

**अमृत विचार :** ननिहाल में आए मुरादाबाद निवासी युवक की हत्या कर दी गई। पहचान छिपाने को उसके ऊपर तेजाब डाला और प्राइवेट पार्ट का कुछ हिस्सा काटा गया। शव को घूर में दबा दिया गया। बुधवार सुबह घूर के बाहर एक हाथ और सिर देखा तो ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। शव तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। युवक की मां की तहरीर पर उसके दो ममेरे भाइयों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मुरादाबाद के थाना कुंदरकी क्षेत्र के गांव नानकपुर निवासी आकाश (21) पुत्र गुलजारी एक एक्सपोर्ट कंपनी में काम करता था। उसके ममेरे भाई फैजगंज थाना क्षेत्र के गांव बसौमी निवासी पान सिंह, नेम सिंह और चोखे लाल भी उसी कंपनी में काम करते थे। जिसकी वजह से आकाश अक्सर ननिहाल में आता रहता था। उसका ननिहाल की किसी लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आकाश की मां मुन्नी देवी के अनुसार शनिवार को ममेरे भाई आए और आकाश को बसौमी ले गए जिसके बाद आकाश वापस नहीं लौटा। परिजनों ने मंगलवार को थाना फैजगंज बेहटा पुलिस को सूचना दी थी। बुधवार सुबह लोगों ने घूरे से एक हाथ और सिर बाहर निकला देखा तो दहशत में आ गए। पुलिस को सूचना दी। फैजगंज बेहटा प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा पहुंचे। शव को बाहर निकलवाया। शव निर्वस्त्र था। चेहरा जला हुआ था। प्राइवेट पार्ट का कुछ हिस्सा काटा गया था। शव तीन से चार दिन पुराना लग रहा था। उसकी शिनाख्त आकाश के रूप में हुई। प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका जताई जा रही है।

## नेपाल भागने की फिराक में बहराइच कांड का मुख्य आरोपी

**बहराइच, अमृत विचार :** महराजगंज में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई हिंसा और बवाल के मुख्य आरोपी अब्दुल हामिद पूरे परिवार के साथ नेपाल भागने की फिराक में है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अब्दुल बेटों के साथ बेहड़ा में छिपे होने की सूचना मिली है। वहीं रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल (22) की हत्या में नामजद आरोपी के सहयोगी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

हरदी थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि राम गोपाल मिश्रा हत्याकांड में चौथे नंबर पर नामजद मोहम्मद दानिश उर्फ राजा उर्फ साहिर पुत्र अली निवासी महराजगंज बाजार को बुधवार शाम चार बजे राजी चौराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वह भी नेपाल भागने की फिराक में था। गोली कांड का मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मुख्य आरोपी अब्दुल नेपाल जाने के लिए अपने सहयोगियों से संपर्क कर रहा है।

# हाईवे पर खड़े ट्राला में घुसी कार, तीन की मौत

संवाददाता, फतेहपुर



मौजूद पुलिस व लोगों की भीड़।

● प्रयागराज जाते समय फतेहपुर में हुआ हादसा, तीनों कन्नौज के रहने वाले थे

**अमृत विचार:** कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर बुधवार सुबह हाईवे पर खड़े ट्राला ट्रक के पीछे तेज रफ्तार कार जा घुसी, जिसमें कार सवार तीन लोगों में दो की मौके पर मौत हो गई और एक व्यक्ति की जिला अस्पताल में मौत हो गई। कार सवार लोग कन्नौज से प्रयागराज जा रहे थे। तीनों मृतक कन्नौज जिले के रहने वाले थे।

फतेहपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के हाईवे पर सुबह तेज रफ्तार बलेनो कार हाईवे पर खड़े ट्राला में पीछे से जा घुसी। इससे कार के परखचे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। कार में सवार मनोज शुक्ला (65) पुत्र जीवन शुक्ला व अविनाश चन्द्र (64) पुत्र ओमकार नाथ की मौके पर मौत हो गई। कार चला रहे कौशल कुमार त्रिपाठी उर्फ श्यामू ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। मनोज शुक्ला के पिता डॉ. जीवन शुक्ला कन्नौज के पीएसएम डिग्री कॉलेज में अंग्रेजी के प्रोफेसर रहे हैं। वह वरिष्ठ साहित्यकार हैं और शहर के प्रतिष्ठित लोगों में उनकी गिनती होती है।

अविनाश चन्द्र कन्नौज के गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रबंधक थे। साथ ही ऐतिहासिक सिंहवाहिनी देवी मंदिर व कालेश्वरनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष भी थे। थाना प्रभारी रमा शंकर सरोज ने बताया कि परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है।

## सार-संक्षेप

### सरकारी अस्पतालों में कार्यरत एनएचएम के संविदा कर्मियों को तीन साल बाद फिर स्थानान्तरण की सुविधा

**लखनऊ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में संविदा पर कार्यरत चिकित्सक समेत अन्य कर्मियों को तीन साल बाद एक बार फिर स्थानान्तरण की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा संविदा कर्मचारियों को आपस में म्यूचुअल स्थानान्तरण के तहत मिलेगी। इसके लिए मिशन निदेशक पिंकी जोवेल द्वारा स्थानांतरण खोले जाने हेतु पत्र जारी कर दिया गया है। तबादलों के लिए 5 नवंबर से 20 नवंबर तक आवेदन मांगे गए हैं। दरअसल, एनएचएम के द्वारा सरकारी अस्पतालों में संविदा में चिकित्सक समेत विभिन्न योजनाओं के संचालन में विभिन्न पदों पर संविदा कर्मी सेवाएं दे रहे हैं। इन कर्मियों में म्यूचुअल स्थानान्तरण की मांग की जा रही थी, कर्मियों की मांग पर मिशन निदेशक द्वारा आपसी सहमति से एक दूसरे के स्थान पर तबादले की सुविधा प्रदान की गई है।

### महाकुंभ में बनेंगे डिजिटल खोया-पाया केंद्र

**लखनऊ, अमृत विचार :** महाकुंभ 2025 में तीर्थयात्रियों के लिए राज्य सरकार ने डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की स्थापना की मंजूरी दी है। इस नई सुरक्षा व्यवस्था से खोए हुए व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए तकनीक और सोशल मीडिया मंचों का सहारा लिया जाएगा। इसमें हर खोए हुए व्यक्ति का पंजीकरण तुरंत किया जाएगा और उसकी जानकारी को अन्य केंद्रों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक और एक्स पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह व्यवस्था महाकुंभ मेले को न केवल सुरक्षित बनाएगी, बल्कि परिवारों को जल्दी और आसानी से अपने प्रियजनों से जोड़ने का काम करेगी।

### पीएमआईएस के निवेशकों को मिलेंगी सुविधाएं

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार निवेशकों की सहूलियतों में इजाफा करने की दिशा में व्यापक कदम उठा रही है। औद्योगिक प्राधिकरणों की वेबसाइट निवेश मित्र के साथ जोड़कर प्रॉपर्टी मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम से सीधी मॉनिटरिंग होगी। यहां निवेशकों को लैंड बैंक और उसके सभी दस्तावेजों समेत तमाम जानकारियों तक निवेशकों की आसान पहुंच होगी। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा), यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा), नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) व ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में प्रॉपर्टी मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम को लागू करने और उसके जरिए निवेशकों से चरणबद्ध संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की योजना पर कार्य हो रहा है।

### इस बार अक्टूबर में कम बरसे बादल

**लखनऊ, अमृत विचार :** झमाझम बारिश और मानसून की देर से विदाई होने के बाद भी इस बार अक्टूबर में बारिश कम हुई। वर्ष 2022 में 65 .8 और 2021 में 34 .4 मिलीमीटर बारिश हुई थी। जून के अंतिम सप्ताह में मानसून ने इस बार दस्तक दी थी। हालांकि बारिश का दौर जुलाई से शुरू हुआ। अगस्त और सितंबर में अच्छी बारिश हुई। सितंबर माह के अंत में बारिश होने के कारण उम्मीद थी कि अक्टूबर में भी बारिश होगी। मानसून की विदाई भी इस बार देर से हुई। 15 दिन बीतने के बाद भी इस माह महज 5 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार अब बारिश होने की संभावना कम ही है।

### श्रीकृष्ण जन्म भूमि विवाद : रिकॉल पर सुनवाई पूरी



**मथुरा, अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्म भूमि विवाद के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को हिंदू और मुस्लिम पक्षों के अधिवक्ताओं को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित कर लिया। रिकॉल प्रार्थना पत्र सुनवाई हुई थी। फैसला सुरक्षित होने के बाद लोगों में बेचैनी दिखाई दे रही है और वे न्यायालय के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। श्रीकृष्ण जन्म भूमि विवाद के पक्षकार एवं श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया, न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ के समक्ष मंदिर और मस्जिद पक्ष की तरफ से बहस की गई। दोपहर दो बजे से हाईकोर्ट में सुनवाई शुरु हुई जो साढ़े तीन बजे तक चली।

### जम्मू-कश्मीर में इंडिया की जीत है : अखिलेश यादव

**लखनऊ, अमृत विचार।** जम्मू-कश्मीर में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि देशप्रेमी एकमत हुए है, नयी शपथ, नया पथ ये इंडिया की जीत है। अब जम्मू-कश्मीर में सियासत से नहीं जज्बात से चलेगा, जुड़ेगा और आगे बढ़ेगा, बढ़ता ही रहेगा।

### स्कार्पियो ने तीन दोस्तों को रौंदा

**कुशीनगर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर कसया थाना क्षेत्र की पकवाइनार के पास बुधवार को तेज रफ्तार स्कार्पियों ने टहलने निकले तीन दोस्तों को रौंद दिया। इस दर्दनाक सड़क हादसे में दो की मौके पर मौत हो गई, वहीं तीसरे ने गोरखपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मौके से दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस ने बिहार नंबर की स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई। जानकारी के अनुसार कसया थाना क्षेत्र स्थित पकवाइनार गांव के तीन दोस्त सुबह घर से टहलने निकले थे।तीनों नेशनल हाईवे 28 के किनारे टहल रहे थे, इसी दौरान एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो नं बीआर 28 एइ 4242 ने तीनों युवकों को को रौंदते हुए आगे निकल गई।सड़क हादसे में अंशु गुप्ता पुत्र स्व मुन्नर गुप्ता उम्र लगभग 17 वर्ष व अमन भारती पुत्र सीताराम भारती उम्र लगभग 18 वर्ष निवासी पकवाइनार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में तीसरा युवक साहिल पटेल पुत्र विनोद पटेल उम्र 16 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया।

# विधायक व विधायिका का सम्मान बढ़ाने का प्रयास जारी रहेगा: महाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधायक व विधायिका का सम्मान बढ़ाने का प्रयास जारी रहेगा। वह बुधवार को विधानभवन के समिति कक्ष में आयोजित याचिका समिति और नियम समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि विधानसभा समितियां संवैधानिक व्यवस्था के अंतर्गत होती हैं। इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। 18वीं विधानसभा में इन समितियों की भूमिका और भी अधिक बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जनता से चुनकर आता है, वह बहुत ही कठिन परिस्थितियों में विधानसभा पहुंचता है, इसलिए इन समितियों के माध्यम से उनकी कार्य क्षमता और भी बढ़ाई जाती है। उन्होंने कहा कि समितियां सरकार के सहयोग के लिए होती हैं, इसलिए विधायकों को सार्वजनिक कार्यक्रमों में यह जानकारी दी जानी चाहिए। विकास कार्यों व जनसेवा के साथ-साथ लोगों को यह भी समझाने की आवश्यकता है कि विधायिका किस प्रकार कार्य करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अपने क्षेत्र के लोगों को विधानसभा लेकर आएं ताकि विधायिका के प्रति उनकी नकारात्मक धारणाएं बदल सकें।

## निर्वाचन याचिका वापस लेने की अर्जी पर सुनवाई आज

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और भाजपा नेता गोरखनाथ की ओर से दाखिल निर्वाचन याचिका को वापस लिए जाने के लिए अर्जी दाखिल की गयी है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने उक्त अर्जी को गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 के प्रदेश के विधान सभा चुनावों में मिल्कीपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ सपा के अवधेश प्रसाद से चुनाव हार गए थे।

# सरकारी कर्मियों के वैवाहिक विवाद में गुजारा भत्ता नियम बनाने का निर्देश

विधि संवाददाता,प्रयागराज



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकारी कर्मचारियों के अलग रह रहे जीवनसाथी को भरण-पोषण भत्ते के भुगतान के लिए दिशा निर्देश तैयार करने के संबंध में कहा है कि अगर भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के कर्मचारियों के अलग रह रहे जीवनसाथियों को गुजारा भत्ता भुगतान के लिए उचित नियम बनाए जाते हैं तो यह उपाय सरकारी कर्मचारियों को वैवाहिक मतभेद से उत्पन्न होने वाले अनावश्यक मुकदमेबाजी से काफी सीमा तक दूर रखने में सहायक होंगे।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने नीरज कुमार धाकरे उर्फ पिंटू की प्रथम अपील को निस्तारित करते हुए पारित किया। अपीलकर्ता भारतीय सेना में लांस नायक/सिपाही है , जिसका वेतन 50,000/- रुपये प्रति माह है। वैवाहिक विवाद में सेना अधिनियम के तहत अपीलकर्ता के वेतन की 22% कटौती पत्नी को देय थी। इसके बाद पत्नी ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 24 के तहत तलाक की कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान भरण-पोषण के लिए आवेदन किया। पत्नी ने घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम, 2005 के तहत भी कार्यवाही शुरू की, जिसमें उसने फिर से भरण-पोषण की मांग की थी।

# साजिश रचने वालों को सिखाएंगे सबक : जयाप्रदा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा स्वार के आचार संहिता मामले में बुधवार को कोर्ट से बरी हो गईं। कोर्ट से बाहर आने के बाद उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि हमारे खिलाफ साजिश रची गई। साजिश रचने वालों को सबक सिखाएंगे। मुझे चुनाव लड़ने से रोका गया। रामपुर से दूर रखने के लिए किया गया। चुनाव लड़ने के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वह रामपुर से चुनाव लड़ना चाहेंगी।

स्वार थाना क्षेत्र में आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में पूर्व सांसद और फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। एसपी एमएलए कोर्ट में इसकी सुनवाई हुई। बुधवार को इस मामले में फैसला आया। इसके चलते जयाप्रदा एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश हुईं। जहां कोर्ट ने उनको साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। इसके बाद वह राहत की सांस लेकर कोर्ट से बाहर आईं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मैं कोर्ट का धन्यवाद देती हूं, मुझे विरोधियों ने चुनाव लड़ने से रोका है। षडयंत्र के तहत फेक वीडियो वायरल किया गया था।

### आचार संहिता उल्लंघन के दूसरे मामले में भी जयाप्रदा बरी



**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर की एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने बुधवार को पूर्व सांसद जयाप्रदा को आचार संहिता उल्लंघन के दूसरे मामले में भी बरी कर दिया है। साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने उन्हें यह राहत दी है। सुनवाई के दौरान वह कोर्ट में पेश हुईं। फैसला आने पर वह कार से रवाना हो गईं। इससे पहले वह केमरी थाने में दर्ज आचार संहित उल्लंघन के मामले में बरी हो चुकी हैं। वर्ष-2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान स्वार क्षेत्र के गांव नूरपुर में बनवाई गई सड़क का उद्घाटन करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। उस समय आचार संहिता लागू थी। आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए फ्लाइंग स्क्वायड मजिस्ट्रेट नीरज कुमार पाराशरी ने थाना स्वार में पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ 22 अप्रैल 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## राजधानी में बनेगा इंटरनेशनल एग्जीबिशन कम कन्वेंशन सेंटर

**लखनऊ, अमृत विचार।** अब राजधानी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों की मेजबानी कर सकेगी। वृंदावन योजना में 32 एकड़ के विशाल परिसर में भव्य कन्वेंशन कम एग्जीबिशन सेंटर बनाया जाएगा। इसकी क्षमता 10 हजार व्यक्तियों की होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके निर्माण को बुधवार को सैद्धांतिक सहमति दे दी। मुख्यमंत्री ने अफसरों को दो साल के भीतर तैयार करने का निर्देश दिया। बुधवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित इंटरनेशनल कन्वेंशन कम एग्जीबिशन सेंटर के स्वरूप, निर्माण प्रक्रिया, लागत आदि विषयों पर विमर्श किया।

# नए कॉलेजों, पाठ्यक्रमों की समय सारिणी जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● अनापत्ति प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर

**अमृत विचारः** नए महाविद्यालयों और संस्थानों की स्थापना और मौजूदा कॉलेजों में नए स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की शुरुआत के लिए शैक्षिक सत्र 2025-26 की समय सारिणी जारी कर दी गयी है । सारिणी के अनुसार विश्वविद्यालयों को नए पाठ्यक्रमों के लिए अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2024 तक अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करना होगा। भूमि अभिलेखों के सत्यापन और निरीक्षण रिपोर्ट समेत अन्य प्रक्रियाओं के निर्धारण की समय सीमा निर्धारित है।

यह जानकारी देते हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बुधवार को बताया कि 16 दिसंबर से 20 जनवरी 2025 तक भूमि अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाएगा। प्राप्त अनापत्ति प्रस्तावों को सात दिनों के भीतर जिलाधिकारी को सत्यापन के लिए भेजा जाएगा और एक महीने के भीतर सत्यापन रिपोर्ट संबंधित विश्वविद्यालय को ऑनलाइन भेज दी जायेगी। 31 जनवरी 2025 तक अनापत्ति आदेश ऑनलाइन जारी किया जाएगा। प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को भूमि संबंधी अभिलेखों के सत्यापन के निर्देश दिए।

## उत्तराखंड

# सोने का हार चुराने वाली महिला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



● ब्यूटी पार्लर से उड़ाया था बैंक मैनेजर की पत्नी का हार

**अमृत विचार :** ब्यूटी पार्लर में तैयार होने गई महिला के गले का हार एक शातिर महिला ने चोरी कर लिया था। पुलिस सीसीटीवी की मदद से आरोपी के घर तक पहुंची और कूड़ेदान से हार बरामद कर लिया, लेकिन आरोपी फरार हो गई। बुधवार को पुलिस ने आरोपी महिला को चोरगलिया रोड से पकड़ लिया। महिला न सिर्फ शातिर है, बल्कि उसका पुराना आपराधिक इतिहास भी है।

पंचवटी कॉलोनी निवासी विकास जोशी पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में मैनेजर हैं। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने लिखा कि 14 अक्टूबर को उन्हें परिवार के साथ अन्न प्राशन के कार्यक्रम में जाना था। उनकी पत्नी तैयार होने के लिए पंचवटी कॉलोनी स्थित स्टार ब्यूटी पार्लर में गईं थी। वह तैयार हो रही थी कि तभी एक महिला सर्वे के बहाने ब्यूटी पार्लर में दाखिल हुई। उसकी नजर बैंक मैनेजर की पत्नी के सोने के हार पड़ी, जो बैग में रखा था। उसने हार चोरी किया और चुपके से निकल गई। हार गायब होने की खबर से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची टीपीनगर पुलिस ने घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सीसीटीवी की मदद से पुलिस आवास विकास निवासी जसलीन कौर उर्फ प्रीति के घर पहुंच गई। चोरी किया हार जसलीन के घर में रखे कूड़ेदान से बरामद कर लिया, लेकिन जसलीन भाग निकली। टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट ने टीम के साथ जसलीन को चोरगलिया रोड स्थित नंधौर द्वितीय गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## मुख्य चुनाव आयुक्त के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के हेलीकॉप्टर की पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। पायलट ने आपात स्थिति में हेलीकॉप्टर की खेत में सकुशल लैंडिंग कराई। मुख्य चुनाव आयुक्त समेत हेलीकॉप्टर में मौजूद सभी लोग सुरक्षित हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और प्रदेश के उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार मुनस्यारी के मिलम के लिए निकले थे।

# तस्करों ने की वन कर्मियों पर फायरिंग

संवाददाता, नानकमत्ता



अस्पताल में उपचाराधीन घायल वन कर्मचारी

● वन कर्मी को लगी गोली, तस्करों की पिकअप व चार बाइक बरामद

**अमृत विचार :** खैर की लकड़ी पिकअप में लादकर ले जा रहे तस्करों ने रोके जाने पर वन कर्मियों पर फायरिंग कर दी। इसमें एक वन कर्मी गोली लगने से घायल हो गए। इसके बाद तस्कर मौके से फरार हो गए। वन कर्मियों ने खैर की लकड़ी से लदी पिकअप व तस्करों की चार मोटर साइकिलें जब्त कर ली। वन क्षेत्राधिकारी की ओर से तीन लोगों को नामजद कराते हुए आठ-नौ लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है।

तराई पूर्वी वन प्रभाग रनसाली रेंज के वन क्षेत्राधिकारी महेन्द्र सिंह रैकुनी के मुताबिक एक सूचना पर वन विभाग की टीम ग्राम कैथुलिया निवासी अमरीक सिंह पुत्र मान सिंह के घर पर दबिश देने गए थे। वन विभाग की टीम अमरीक सिंह के घर के पास पहुंची तो वहां बलजीत सिंह, भगवान सिंह, मलकीत सिंह व पांच-छह अन्य लोग पिकअप वाहन में खैर की लकड़ी लाद रहे थे। वन विभाग की टीम ने तस्करों को ललकारा तो वहां हड़कंप मच गया। वन कर्मियों को मौके से खदेड़ने की नीयत से तस्करों ने अवैध असलहों से फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें एक गोली वन कर्मी जितेंद्र बिष्ट के पैर में लगी और वह घायल होकर वहीं गिर गया।

## बीआरओ के महानिदेशक को वारंट जारी

**विधि संवाददाता, नैनीताल।** हाईकोर्ट ने बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन की ओर से प्रभावित को मुआवजा नहीं देने के मामले में सुनवाई की।

न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने पूर्व के आदेश पर बीआरओ की ओर से शपथपत्र पेश नहीं करने एवं कोर्ट के आदेशों की बार-बार अवहेलना पर बीआरओ के महानिदेशक के खिलाफ जमानती वारंट जारी करते हुए 6 नवंबर को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है।

# मुकेश बोरा को नहीं मिल सकी जमानत

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने एक महिला के साथ दुराचार करने व नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी लालकुआं दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा के जमानत प्रार्थन पत्र पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने फिलहाल उन्हें राहत नहीं देते हुए राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

बुधवार को हुई सुनवाई में आरोपी पक्ष की ओर से कहा गया कि उन्हें जमानत दी जाए, क्योंकि इस मामले में उन्हें साजिशन फंसाया गया है। यह घटना वर्ष 2021 की है। एफआईआर में कहीं भी छेड़छाड़ का आरोप नहीं है, इसलिए उन पर पॉक्सो नहीं लग सकती है। महिला उन पर बार-बार दवाब डाल रही थी कि उसे नियमित किया जाए। जबकि वह दुग्ध संघ की कर्मचारी नहीं होकर मैन पावर सप्लाई करने वाली कंपनी की कर्मचारी थी।

## आढ़ती ने अवैध पिस्टल से खुद को मारी गोली, मौत

**काशीपुर, अमृत विचारः** गृह क्लेश के चलते एक आढ़ती ने अवैध पिस्टल से खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची कुंडा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुंडा गांव हाल निवासी शिवनगर कॉलोनी नवजीत सिंह पुत्र अमरजीत सिंह ने घरेलू कलह के चलते बुधवार की शाम खुद को पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

# पिता ने किया पुत्री के साथ दुष्कर्म, गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक पिता द्वारा पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में यूपी का एक परिवार पिछले कई वर्षों से निवास करता आ रहा है। आरोपित व्यक्ति अपनी 15 वर्षीय पुत्री पर बुरी नजर रख रहा था। विगत दिवस भी व्यक्ति ने पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। यह बात जब उसने पड़ोस में रहने वाली अपनी सहेली को बतायी तो आसपास के लोगों का वहां जमावड़ा लग गया। इस दौरान पड़ोसियों ने हंगामा भी काटा। साथ ही पुलिस बुलाकर मामले की जानकारी भी दी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पुलिस पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि उसके साथ एक सप्ताह से उसके पिता दुष्कर्म करते आ रहे हैं।

## रोपवे खराब, हवा में लटकीं दो जिंदगी

**नैनीताल।** मल्लीताल स्थित रोपवे में तकनीकी खराबी आने से ट्रॉली बीच राह रुक गई। ट्राली में सवार बिजली विभाग के दो कर्मचारी आधे घंटे तक हवा में अटके रहे। एनडीआरफ, एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग और अन्य विभागों की संयुक्त टीम ने रेस्क्यू अभियान चला कर दोनों को रस्सी के सहारे ट्राली से उतारा। जिनको तत्काल बीडी पांडे अस्पताल ले जाया गया। विभिन्न विभागों की ओर से आयोजित की गई मॉकड्रिल में आपातकालीन स्थिति से निपटने के इंतजामों को परखा गया।

# ट्रांजिट कैंप में फर्जी पुलिस कर्मी गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** पुलिस ने ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक व्यक्ति को फर्जी तरीके से पुलिस की वर्दी पहने पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के पास से खाकी वर्दी यूपी पुलिस के बैज, बेल्ट और टोपी बरामद किए हैं।

पुलिस के मुताबिक बुधवार को डायल 112 पर एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक व्यक्ति फर्जी तरीके से पुलिस की वर्दी पहन कर घूम रहा है। इस पर कांस्टेबर कमल जोशी और तारा दत्त पंत गंगापुर रोड पंचवटी के पास मौके पर पहुंचे। यहां यूपी पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति से पूछताछ की। इस पर वह टालमटोल जवाब देने लगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर पुलिस कर्मी उसे थाना लेकर गया। यहां पुलिस पुछताछ में उसने अपना नाम अरविन्द कुमार निवासी मोहल्ला नकाशा थाना सुनगड़ी जिला पीलीभीत बताया।

### उप चुनाव में भाजपा को लगेगा झटका या होगी भरपाई, अधिसूचना जारी होते ही प्रचार में जुटे राजनीतिक दल


# सीटें बचाने के साथ सेंध लगाने उतरेगी भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भाजपा के लिए 9 सीटों पर उप चुनाव में जीत की डगर आसान नहीं है। लोकसभा चुनाव परिणाम ने साबित किया है कि प्रदेश में सपा-कांग्रेस की प्रमुखता वाला इंडी गठबंधन और पीडीए फार्मूला सिर्फ जुबानी नहीं था। ऐसे में भाजपा को अपनी सभी सीटें बचाने के साथ विपक्षी खेमा की सीटों में सेंधमारी करके लोकसभा चुनाव की भरपाई करनी होगी। हालांकि मतदाता अभी भी भाजपा से प्रत्याशी का ऐलान होने के इंतजार में है।

भाजपा के लिए उपचुनाव अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। सुरक्षित सीट मिल्कीपुर (अयोध्या) को छोड़ कटेहरी (अंबेडकरनगर), करहल (मैनपुरी), कुंदरकी (मुरादाबाद), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), खैर (अलीगढ़), मझवां (मीरजापुर), गाजियाबाद (गाजियाबाद), फूलपुर (प्रयागराज) व सीसामऊ (कानपुर नगर) में चुनाव का ऐलान हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पहले से ही दोनों उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह को दो-दो सीटों की कमान सौंपी गई है। इसके साथ 30 मंत्रियों की फौज लगाई गई है। इनमें 14 कैबिनेट और 16 राज्यमंत्री हैं। भाजपा उप चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर लोकसभा चुनाव का हिसाब चुकता करने के साथ ही विधानसभा चुनाव 2027 के लिए बड़ा संदेश देना चाहती है।

जिन 9 सीटों पर उप चुनाव घोषित हुआ है, वहां लड़ाई भाजपा-सपा गठबंधन की आमने-सामने है। 6 विधानसभा सीट ऐसी हैं, जहां भाजपा का कड़ा इम्तिहान होगा। पार्टी को यहां सपा से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सांसद बनने के बाद अपनी करहल सीट से परिवार के तेजप्रताप यादव, विधायकी रद होने से इरफान सोलंकी की सीसामऊ से उनकी पत्नी नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, अंबेडकरनगर के सांसद बनने पर लालजी वर्मा की खाली हुई कटेहरी सीट से उनकी पत्नी शोभावती वर्मा और मझवां से पूर्व विधायक और भदोही से पूर्व सांसद रमेश बिंद की पुत्री डॉ. ज्योति बिंद को मैदान में पहले ही उतार दिया है। इसमें दो सीटें फूलपुर और मझवां पर 2022 में भाजपा का कब्जा था। जबकि मीरापुर सीट सहयोगी रालोद के कब्जे में थी। सपा को अभी गठबंधन को साधते हुए कुंदरकी, खैर, मीरापुर और गाजियाबाद पर प्रत्याशी की घोषणा करनी है।



#### प्रत्याशी की घोषणा न होने से प्रचार फीका

भाजपा से कहीं भी प्रत्याशी की घोषणा न होने से वोटरों के बीच धरातल पर चुनाव प्रचार फीका चल रहा है। हालांकि दिल्ली में पिछली बैठक के दौरान केंद्रीय नेतृत्व ने हर सीट पर प्रत्याशी के नाम तय कर लिए थे। देखना होगा कि इसकी घोषणा कब होती है। जबकि सपा 6 सीटों पर प्रत्याशी तय कर चुकी है बाकी की चार सीटों पर कांग्रेस के साथ गठबंधन पर समीकरण बन-बिगड़ रहे हैं। बसपा ने भी पांच सीटों पर प्रभारी तय करके प्रचार गरमा रखा है।

#### पांच सीटों पर बसपा प्रत्याशी ठोंक रहे ताल

बसपा सुप्रीमों मायावती अब तक पांच सीटों पर प्रत्याशी का ऐलान कर चुकी हैं। मीरापुर सीट से शाह नजर, मिल्कीपुर से राम गोपाल कोरी, कटेहरी से अमित वर्मा, मझवां से दीपू तिवारी, और फूलपुर से शिव वरन पासी को प्रभारी बनाकर मैदान में उतारा है।

## वायुसेना परिसर में फ्लाइट लेफ्टिनेंट ने की आत्महत्या

**आगरा,एजेंसी:** आगरा में वायुसेना परिसर स्थित आवास में एक फ्लाइट लेफ्टिनेंट ने न फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस उपायुक्त (नगर) सूरज कुमार राय ने बुधवार को मीडिया को बताया कि मंगलवार दोपहर वायुसेना स्टेशन से एक अधिकारी के आत्महत्या करने की सूचना पुलिस को दी गयी। इसके बाद थाना शाहगंज से एक टीम मौके पर पहुंची। बताया गया कि फ्लाइट लेफ्टिनेंट दीनदयाल (32) सोमवार रात अपने आवास में सोने गए थे और मंगलवार सुबह देर तक नहीं उठे तो स्टाफ ने दरवाजा तोड़कर देखा तो उनका शव फंदे से लटका हुआ था। राय के मुताबिक, पुलिस को वायुसेना कर्मियों ने बताया कि दीनदयाल साथियों के साथ सोमवार रात को खाना खाकर कमरे में गये थे। वह नालंदा के निवासी थे।

### प्रियंका के विरोध में बयान देने पर भड़के कांग्रेसी

# राज्यमंत्री के आवास पर स्प्रे से कालिख पोती






राज्यमंत्री के आवास पर चोर लिखता एक व्यक्ति और गेट को पेपर से ढांकता कर्मचारी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी पर राज्यमंत्री की अमर्यादित टिप्पणी से नाराज थे**

**अमृत विचार :** कांग्रेस के एक नेता ने बुधवार को राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के आवास पर अपशब्द लिखे। उनकी नेम प्लेट पर कालिख पोत दी। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी पर राज्यमंत्री की अमर्यादित टिप्पणी से नाराज थे। आनन-फानन में सरकारी कर्मियों ने आवास पर लिखी टिप्पणी व नेम प्लेट की कालिख साफ कराई।

कांग्रेस के प्रदेश संगठन महासचिव अनिल यादव दोपहर में राज्यमंत्री के आवास पर पहुंचे। उनके साथ कांग्रेस के कई नेता भी शामिल थे। नेताओं ने आवास के गेट पर लिखना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि उनकी नेता प्रियंका गांधी के विरुद्ध राज्यमंत्री ने अभद्र टिप्पणी की। वे कोई भी गलत बात बर्दाश्त नहीं करेंगे।

प्रियंका गांधी के वायनाड लोकसभा सीट से उप चुनाव लड़ने की घोषणा होने के बाद राज्यमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये उन पर तंज किया था। उन्होंने प्रियंका गांधी के वायनाड से चुनाव लड़ने को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। इस पर कांग्रेस नेताओं ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

कांग्रेस नेताओं ने राज्यमंत्री की पोस्ट पर लिखा कि ये यूपी सरकार में मंत्री और बुरी तरह सांसदी का चुनाव हारे हुए भाजपा नेता हैं। उन्होंने राज्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा कि महिलाओं के बारे में इनकी भाषा और ख्याल देखिये। महिलाएं चुनाव लड़ने के लिए जब उतरती हैं, तो उन्हें सैकड़ों ऐसे किस्म के लोगों की अमर्यादित भाषा सुननी पड़ती है। ऐसे लोग भाजपा सरकार में मंत्री बने बैठे हैं, इसलिए महिला सुरक्षा का प्रदेश में बुरा हाल है। मालूम हो कि प्रियंका गांधी केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस पार्टी ने प्रियंका को प्रत्याशी बनाने की औपचारिक घोषणा कर दी है। इसको लेकर भाजपा व कांग्रेस के बीच 'सोशल मीडिया वार' शुरू हो गया है।

#### भाजपा महिलाओं का सम्मान करना नहीं जानती-अजय राय

**लखनऊ, अमृत विचार।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि भाजपा महिलाओं का सम्मान करना बिल्कुल नहीं जानती है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश कुमार सिंह ने भाजपा का असली चरित्र और चेहरा एक बार फिर जनता के समक्ष रख दिया है। भाजपा महिलाओं का सम्मान करना बिल्कुल नहीं जानती।

# प्रदेश में लगेंगे 74 लाख प्रीपेड मीटर

### बिजली चोरी रोकने सहित राजस्व घाटे को खत्म करने के लिए नए प्रयास तेज

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को गलत बिलिंग के झंझट से निकालने और बिजली चोरी रोकने सहित राजस्व घाटे को खत्म करने के लिए नए प्रयास तेज कर दिए है। मध्याचंल विद्ययुत वितरण निगम लिमिटेड के अंतर्गत आने वाले 19 जिलों के सभी उपभोक्ताओं के यहां प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जायेंगे।

राजधानी के करीब 10 लाख और अन्य जिलों में 64 लाख उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने की योजना है। मध्याचंल विद्ययुत वितरण निगम ने इसके लिए टेंडर की प्रकिया पूरी करने जा रहा है। इसके बाद नवंबर माह से मीटर लगाने की यह योजना जमीन पर दिखने लगेगी। निदेशक वाणिज्य योगेश कुमार ने बताया कि इस व्यवस्था के बाद उपभोक्ताओं को मोबाइल की तरह पहले मीटर को रीचार्ज करना होगा। जिसके बाद ही उपभोक्ता बिजली का उपभोग कर पायेगा। इस नई शुरूआत के बाद हर जिले में मीटर बिलिंग से आने वाला राजस्व मे बेहतरी आयेगी।



- **उपभोक्ताओं को गलत बिलिंग के झंझट से मुक्ति मिलेगी**

इसके साथ ही आने वाले समय में विभाग को मीटर रीडर्स की जरूरत भी नही पड़ेगी। इससे उपभोक्ताओं को भी गलत बिलों के समायोजन के लिए कार्यालयों के चक्कर भी नही लगाने पड़ेंगे।

बिजली विभाग को लाइन लॉस रोकने के लिए ऐसे उपभोक्ताओं पर निगाह रखनी होगी, जो बाईपास व कटिया लगाकर बिजली की चोरी कर रहे हो। इसके साथ ही समय-समय पर प्रीपेड उपभोक्ताओं की जांच भी करनी जरूरी होगा। जांच करने के लिएअभियंताओं और बिजली कर्मियों की टीम को औचक चेकिंग अभियान को अपने-अपने क्षेत्रों में तेजी से चलाना होगा। इससे बिजली चोरी पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

उन्होने आगे बताया कि अभी बकायेदार का कनेक्शन काटने के लिए टीम को मौके पर भेजना पड़ता है,लेकिन प्रीपेड मीटर में पैसा खत्म होने से पहले ही उपभोक्ता के मोबाइल पर मैसेज आएगा जिससे उपभोक्ता रीचार्ज खत्म होने से पहले ही मीटर को रीचार्ज कर सकेगा। इस नई व्यवस्था से बिजली खर्च करने से पहले पैसा बिजली विभाग के पास आ जायेगा। बिजली चोरी करने वाले इलाकों में यह व्यवस्था पहले लागू की जायेगी।

# 18 जिलों के किसानों को मखाने की खेती पर मिलेगा अनुदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने मखाने की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना शुरू की है, जिसके तहत किसानों को प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपये का अनुदान दिया जायेगा। इस योजना का उप्र. के 18 जिलों में शुरूआत की गई है। योजना का उद्देश्य रोजगार सृजन के साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि करना है।

उद्यान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि मखाना खेती की विभाग द्वारा अनुमन्य इकाई की लागत 80 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर है, जिसमें सरकार 50 प्रतिशत यानी 40 हजार रुपये का अनुदान देगी। इसके लिए किसानों को जिला उद्यान अधिकारी के पास पंजीकरण कराना होगा।

#### बरेली सहित इन जिलों में लागू होगी योजना

योजना के तहत प्रत्येक चिन्हित जिले में 10 हेक्टेयर मखाना उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे प्रदेश में कुल 180 हेक्टेयर में मखाने की खेती होगी। प्रदेश के लखनऊ, सीतापुर, सुल्तानपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, बस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, बलिया, कुशीनगर, महाराजगंज, मिर्जापुर, बरेली, अयोध्या और गोरखपुर जिलों में इस योजना को लागू किया जा रहा है। इन जिलों में मखाने की खेती के लिए उपयुक्त जलवायु और संसाधन उपलब्ध हैं।

## यूपी बोर्ड में अगले सत्र से लागू हो सकती है नई शिक्षा नीति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अगले सत्र से नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रमों की शुरुआत की जा सकती है। इसके लिए परिषद ने खाका तैयार कर लिया है। इसके साथ ही यूपी बोर्ड नई शिक्षा नीति -2020 लागू करने वाला देश का पहला माध्यमिक शिक्षा बोर्ड बन जाएगा।

नई शिक्षा नीति लागू होने पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के पाठ्यक्रमों में बदलाव होगा। परीक्षा प्रणाली से लेकर अंक पत्रों में भी परिवर्तन किया जाएगा। अंकपत्र में केंद्रीय बोर्ड की तरह ग्रेडिंग और क्रेडिट दिए जाएंगे। नई शिक्षा नीति के तहत होने वाले बदलावों के लिए बोर्ड ने विशेषज्ञों का पैनल बनाया गया है। इसे लेकर अगस्त में कार्यशाला हो चुकी है। 28 और 29 अक्टूबर को कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

#### बगैर अनुमति कनेक्शन संबंधी आदेश जारी करने पर हो शीघ्र कार्रवाई

**लखनऊ, अमृत विचार :** बिजली चोरी प्रकरण में चार किलोवाट तक का नया बिजली कनेक्शन जारी करने के आदेश के मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बुधवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से मुलाकात कर यह मांग उठाई। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है। इस संवैधानिक संकट पर कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नियामक आयोग एक अर्धन्यायिक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है।

## आटे में पेशाब मिलाने के आरोप में नौकरानी गिरफ्तार

गाजियाबाद,एजेंसी

जिले में एक रियल एस्टेट कारोबारी के घर में काम करने वाली नौकरानी को आटे में पेशाब मिलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि शांति नगर कॉलोनी की रहने वाली रीना (32) नामक घरेलू सहायिका की यह हरकत कैमरे में कैद हो गयी। उनके मुताबिक, यह घटना तब सामने आई जब घर के मालिक नितिन गौतम की पत्नी रूपम ने देखा कि उनके परिवार के सदस्यों को यकृत में समस्या हो रही है।गड़बड़ी का संदेह होने पर उसने रसोई में घरेलू सहायिका की गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी।

अधिकारियों ने बताया कि गौतम ने चुपके से अपने मोबाइल फोन से एक वीडियो रिकॉर्ड कर लिया, जिसमें सहायिका आटे में पेशाब मिलाती हुई नजर आयी। उन्होंने बताया कि परिवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत और सुबूतों के आधार पर पुलिस ने सोमवार को मामले में प्राथमिकी दर्ज की और मंगलवार को रीना को गिरफ्तार कर लिया। वेव सिटी की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) लिपि नगाइच ने बताया कि पूछताछ के दौरान घरेलू सहायिका ने शुरू में आरोपों से इनकार किया। हालांकि, वीडियो सामने आने पर उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया।

उसके मुताबिक, आरोपी ने दावा किया कि वह छोटी-छोटी गलतियों के लिए अक्सर डांटे जाने के कारण अपने मालिक से नाराज थी और बदला लेने की नीयत से उसने आटे में पेशाब मिलाया था।

#### रोटी पर थूकने का वीडियो सामने आने के बाद रिपोर्ट दर्ज

**सहारनपुर,एजेंसी :** जिले में नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक होटल में एक युवक का तंदूर से रोटी निकालकर उस पर कथित रूप से थूकने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि इस बाबत बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार शाम को तहरीर दी जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए होटल मालिक और उसके कारीगर को हिरासत में ले लिया गया है।

## बच्ची से दुष्कर्म-हत्या का आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज,एजेंसी

- **आरोपी ने की पुलिस पर की फायरिंग, मुठभेड़ में पकड़ा गया**

जिले के गंगा नगर के सोरांव थाना अंतर्गत एक नाबालिग बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने के आरोपी को मंगलवार की रात पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गंगा नगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि पुलिस को चार अक्टूबर को सूचना मिली थी कि एक बच्ची का शव खेत में पड़ा है। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था जिसमें बच्ची से दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के लिए पांच टीम का गठन किया गया था और 150 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए और 65 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की गई। इसी दौरान एक सीसीटीवी फुटेज में एक साइकिल सवार व्यक्ति को लड़की को ले जाते हुए देखा गया।

गुनावत ने बताया कि व्यक्ति की पहचान सराय बोगी, थाना सोरांव निवासी मुकेश के रूप में हुई। पुलिस व्यक्ति की तलाश में जुटी थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार की देर रात सूचना मिली कि व्यक्ति जुड़ापुर दादू में हाइवे के पास मौजूद है। इसी सूचना पर पुलिस टीम वहां पहुंची और उसे हिरासत में लेने के लिए आगे बढ़ी। इसी दौरान, व्यक्ति ने तमंचे से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। गुनावत ने बताया कि जवाबी फायरिंग में अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया।


### वर्ग पहेली-224

**बाएं से दाएं**

3. मानव के छह विकार
5. एक साथ रखना, लगाव या संपर्क स्थापन।
6. दृढ़ किया हुआ।
8. 1. वृक्ष की रेशेदार जड़ 2. कमल की जड़, भसींड 3. लता 4. कलगी, शिखा 5. हल्दी 6. नदी।
9. 1. आवेश, उत्साह, जोश, गरमजोशी 2. तेज़ी; वेग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सरपट आदि से छाकर बनाया गया स्थान 2. मंडप, शामियाना 3. किसी मंडप के अंदर होने वाला तमाशा या खेल।
2. 1. ढीला कराना 2. बंधन से छुड़ाना।
4. 1. कर्मकांड आदि जानने वाला व्यक्ति जो अपने यजमान के यहां मुंडन करता है
5. 1. उत्पन्न, दूसरे के साथ उत्पन्न 2. युक्त, सहित, संपन्न 3. योग्य, उपयुक्त 4. सदृश, समान, बराबर।
7. 1. प्यारा 2. हमदर्द 3. अनुग्रहकर्ता।




### वर्ग पहेली -223 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ने | ग | 2 चा | र | | |
| | | ट | | 3 मां | |
| | | का | | ड | |
| | 4 भा | र | 5 जी | वी | |
| | रि | | वा | | 6 पा |
| | त | | धा | | व |
| | | 7 बी | र | बा | नी |

### सुडोकू -137

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | 9 | | 3 | | |
| 6 | 3 | | 2 | 5 | | | 4 | |
| 5 | | | | | 8 | | | |
| | 9 | | | | 3 | 5 | | |
| 8 | 7 | | 5 | | 9 | | 2 | 6 |
| | | 1 | 8 | | | | 7 | |
| | | | 4 | | | | | 7 |
| | 6 | | | 1 | 5 | | 9 | 8 |
| | | 2 | | 6 | 7 | | | |

### सुडोकू - 136 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 6 | 2 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 3 |
| 5 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 2 | 1 |
| 7 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 | 2 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 | 5 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 अक्टूबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 16 .55 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष:** आज पेपर वर्क को लेकर सावधानी रखनी चाहिए। आर्थिक मामलों को लेकर परेशानी होगी। शोध संबंधी कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। सड़क पर ट्रैफिक नियमों का सावधानी से पालन करें आर्थिक दंड भुगतना पड़ सकता है।

**वृष:** आज आपके मन में नए व्यापारिक आइडियाज आ सकते हैं। विश्वासघाती मित्रों की पहचान हो सकती है। नौकरी में आपको उच्च पद मिल सकता है। धर्म-कर्म के प्रति आपका मन लगेगा। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। अपने गुरु के प्रति निष्ठा भाव रखें।

**मिथुन:** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। संतान की नौकरी संबंधी परेशानी का समाधान होगा। नव विवाहितों का विवाह तय हो सकता है। योजनाओं को अच्छी तरह से कार्यान्वित कर पाएंगे।

**कर्क:** आज बड़े सरकारी ऑर्डर आपको मिलने की संभावना है। विवादित मुद्दों का कूटनीतिक समाधान मिलेगा। घर का माहौल अच्छा रहेगा। अधिकारी आपके तर्कों से प्रभावित होंगे। पेट में वायु विकार उत्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह:** आज दुष्ट लोगों की संगत से बचें। प्रियजनों से विवाद करने से बचें। कार्यक्षेत्र में अपनी कार्यशैली को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बच्चों की पढ़ाई में ज्यादा ध्यान देना होगा।

**कन्या:** आज परिवार को लेकर आ रही समस्या दूर होगी। नई योजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। धैर्यपूर्वक आपको काम करना चाहिए। दैनिक दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रहेगी। व्यापार में बिक्री बढ़ने की संभावना है।

**तुला:** आज ऑफिस में आपका अपमान हो सकता है। स्वास्थ्य खराब हो तो मेडिकल चेकअप अवश्य कराएं। आपकी कोई योजना उजागर हो सकती है। अपनी उपलब्धियों को लोगों से साझा न करें। बातचीत और कौशल का परिचय देंगे।

**वृश्चिक:** आज धन को बचाने का प्रयास करेंगे। जीवन में आ रहे बदलावों को स्वीकारें। पति-पत्नी के बीच सहयोगात्मक और प्रेम व्यवहार बढ़ेगा। आपकी सफलताओं की सर्वत्र चर्चा होगी। धन-समृद्धि में वृद्धि होगी। लंबे समय से चला आ रहा तनाव दूर होगा।


**धनु:** आज योग और प्राणायाम को अपनी दिनचर्या को हिस्सा बना लें। आपकी प्रबंधन क्षमता की प्रशंसा होगी। शेयर मार्केट में अंधाधुंध निवेश न करें। आलस्य आपके ऊपर हावी हो सकता है। गलतफहमी के कारण संबंधों में कटुता आ सकती है।

**मकर:** आज व्यवसाय में नया प्रयोग लाभकारी सिद्ध होगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। अच्छी संगत के कारण आपके कार्य आसानी से बन जाएंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। ज्ञानवर्धक साहित्य का अध्ययन और चिंतन करेंगे।

**कुंभ:** आज नई स्किल्स सीखने के लिए बहुत अच्छा समय है। दिल की अपेक्षा दिमाग से निर्णय लें। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। आपको कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकार प्राप्त हो सकते हैं। अभिमान से आपको दूर रहना चाहिए।

**मीन:** आज मार्केटिंग संबंधी व्यवसाय में उच्च लाभ होने की संभावना है। बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। अधिकारों के साथ उत्तरदायित्व में वृद्धि होगी। कर्मचारियों के साथ विवाद की स्थिति दूर होगी। घरेलू समस्याओं का समाधान होगा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 16 .20 तक तत्पश्चात अश्विनी।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
प्लेटफॉर्म
सुबह : 09 .40
गॉड तुस्सी ग्रेट हो
रात : 07 .24

&pictures
सिंबा
सुबह : 10 .59
कोई... मिल गया
रात : 07 .30

SONY PIX
एज ऑफ टूमारो
सुबह : 11 .27
जर्नी 2
रात : 09 .00

ZEE CINEMA
शिवम
सुबह : 09 .30
भीमा
रात : 08 .00

ZEE ACTION
थानेदार
सुबह : 10 .58
द हीरो
रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

देवर- आप बहुत सुंदर हो।
भाभी- देवर जी क्या कर रहे हो?
देवर- पढ़ रहा हूं भाभी
भाभी- बहुत अच्छे, क्या पढ़ रहे हो?
देवर- आपकी होने वाली देवरानी के मैसेज...
देवर की बात सुनकर भाभी हुई हैरान!

डॉक्टर- आपके तीन दांत कैसे टूट गए?
मरीज- पत्नी ने कड़क रोटी बनाई थी।
डॉक्टर- तो खाने से इंकार कर देते
मरीज- जी, वही तो किया था।

## एक नजर



**फैशन का है जलवा...:** न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में विक्टोरियाज सीक्रेट फैशन शो के दौरान रैंप पर एड्रियाना लीमा ने बिखेरा अपनी अदाओं का जलवा।

### तुर्किये में महसूस हुए भूकंप के झटके

**अंकारा।** पूर्वी तुर्किये में बुधवार को मध्यम तीव्रता के भूकंप महसूस किए गए। एएफएडी नाम की सरकारी आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी के अनुसार, 5.9 तीव्रता का भूकंप मालाट्या प्रांत के काले शहर में पूर्वाह्न 10 बजकर 46 मिनट पर आया। हेबरतर्क टेलीविजन के अनुसार, भूकंप का असर निकटवर्ती शहरों दियारबाकिर, एलाजिग, सनलीउर्फा और टुन्सेली में भी महसूस हुआ। मालाट्या और एलाजिग में स्कूलों को बंद करने का आदेश है।

### पाकिस्तान में बम विस्फोट पांच पुलिसकर्मी घायल

**पेशावर।** अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को पुलिस के वाहन को निशाना बनाकर रिमोट के जरिये किए गए विस्फोट में कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। आतंकियों ने पहाड़ी जिले बुनेर के कानकोई मंदनार इलाके में मोबाइल पुलिस वैन को निशाना बनाया।

### बेटी के हत्यारे की मौत की सजा कोर्ट ने की कम

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को उस व्यक्ति की मौत की सजा को कम करके 20 साल जेल में तब्दील कर दिया, जिसने परिवार की इच्छा के विरुद्ध अंतरजातीय विवाह करने वाली गर्भवती बेटी की हत्या कर दी थी। न्यायमूर्ति बीआर गवई, अरविंद कुमार और केवी विश्वनाथन की पीठ ने बेटी के गुनहगार महाराष्ट्र के नासिक जिले के निवासी एकनाथ किसान कुंभारकर की दोषसिद्धि को बरकरार रखा, लेकिन उसकी मौत की सजा को खारिज कर दिया।

### ऑक्सफोर्ड के चांसलर के उम्मीदवारों में भारतीय

**लंदन।** ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने बुधवार को अपने नए चांसलर के चुनाव के लिए दौड़ में शामिल 38 प्रतिभागियों के नाम की घोषणा की जिनमें भारतीय मूल के उम्मीदवार भी हैं लेकिन पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का नाम नहीं है। बर्कशायर में ब्रेकनेल फॉरेस्ट के भारतीय मूल के पहले मेयर अंकुर शिव भंडारी, प्रोफेसर निरपाल सिंह पॉल भंगल और चिकित्सा पेशे से जुड़े प्रतीक तरवाडी इस दौड़ में अन्य शिक्षाविदों, राजनेताओं और उद्यमियों से मुकाबला करेंगे।

### सलमान की हत्या की साजिश में वांछित व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई।** नवी मुंबई पुलिस ने अभिनेता सलमान खान की हत्या की कथित साजिश के सिलसिले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि आरोपी सुक्खा को हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार किया गया। सुक्खा को नवी मुंबई लाया जा रहा है और गुरुवार को उसे अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस ने जून में दावा किया था कि उसने सलमान को निशाना बनाने की साजिश का पर्दाफाश किया है।

## कनाडा विवाद : कानूनी प्रक्रिया के साथ भारत का सहयोग सही कदम : ब्रिटेन

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन ने भारत और कनाडा के बीच जारी राजनयिक विवाद के संदर्भ में बुधवार को कहा कि कनाडा की कानूनी प्रक्रिया के साथ भारत सरकार का सहयोग गंभीर घटनाक्रम पर अगला सही कदम है। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने कहा कि वह भारत सरकार से जुड़ी कनाडाई जांच को लेकर कनाडा के साझेदारों के संपर्क में है और उसने ओटावा की न्यायिक प्रणाली पर विश्वास जताया।

यह बयान तब आया है जब इससे पहले भारत ने कनाडा के छह राजनयिकों को निष्कासित कर दिया और कनाडा में अपने उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा को वापस बुला लिया। भारत ने इस सप्ताह की शुरुआत में कनाडा के आरोपों को बेतुका बताते हुए इन्हें जस्टिन ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे से जुड़ा बताया, जो वोट बैंक की राजनीति पर केंद्रित है। एफसीडीओ के बयान से दो दिन पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने सोमवार को कनाडा के अपने समकक्ष जस्टिन ट्रूडो से फोन पर बातचीत की थी।

### सिख नेता जगमीत ने की आरएसएस पर प्रतिबंध की मांग

**वाशिंगटन।** कनाडा के राष्ट्रीय पुलिस बल (आरसीएमपी) द्वारा भारतीय राजनयिकों पर एक सिख अलगाववादी की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को कनाडा के सिख नेता जगमीत सिंह ने आरएसएस और भारतीय राजनयिकों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। सिंह एनडीपी के नेता हैं, जिसने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सत्तारूढ़ सरकार का पूर्व में समर्थन किया था।

## वैवाहिक दुष्कर्म मामले पर आज होगी सुनवाई

- अपराध की श्रेणी में डालने का अनुरोध करने वाली याचिका पर केंद्र के विरोध के मद्देनजर यह सुनवाई महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय गुरुवार को इस प्रश्न से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करेगा कि क्या किसी व्यक्ति को पत्नी, जो नाबालिग नहीं है, को उसके साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करने पर कानूनी संरक्षण मिलना रहना चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला व मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को कहा कि वह गुरुवार को याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करेगी। वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध की श्रेणी में डालने का अनुरोध करने वाली याचिका पर केंद्र के विरोध के मद्देनजर यह सुनवाई महत्वपूर्ण है। केंद्र ने शीर्ष अदालत में दलील दी कि अगर किसी व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के साथ यौन संबंध को दुष्कर्म के रूप में दंडनीय बना दिया जाता है, तो इससे वैवाहिक संबंधों पर गंभीर असर पड़ सकता है।

## एससीओ सम्मेलन में चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का भारत ने फिर किया विरोध

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



- रूस, बेलारूस, ईरान, पाकिस्तान कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान ने चीनी पहल का किया समर्थन

भारत ने बुधवार को एक बार फिर चीन की वन बेल्ट वन रोड (ओबीओआर) पहल का समर्थन करने से इनकार कर दिया। वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का एकमात्र देश बन गया है, जिसने इस विवादास्पद संपर्क परियोजना का समर्थन नहीं किया है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बैठक में अपने संबोधन के दौरान चीनी परियोजना का विरोध जताया है।

ओबीओआर परियोजना में तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) शामिल है जो कश्मीर के, पाकिस्तान के कब्जे वाले हिस्से से गुजरता है। इस्लामाबाद द्वारा आयोजित एससीओ के शासनाध्यक्ष परिषद के सम्मेलन के अंत में जारी संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया कि रूस, बेलारूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान ने चीनी संपर्क पहल के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की। इसमें कहा गया कि देशों ने परियोजना के कार्यान्वयन पर चल रहे कार्य पर ध्यान दिया, जिसमें यूरेशियाई आर्थिक संघ को ओबीओआर से जोड़ने के प्रयास भी शामिल हैं। भारत ओबीओआर, जिसे पहले बीआरआई के नाम से जाना जाता था, की कड़ी आलोचना करता रहा है, क्योंकि इस परियोजना में तथाकथित सीपीईसी शामिल है।

# लेबनान में फिर हवाई हमला, 21 की मौत

## प्रधानमंत्री मिकाती ने लगाया आरोप, इजराइल ने राहत सहायता समन्वय बैठक को बनाया निशाना

**कना (लेबनान), एजेंसी**

- लेबनान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री बोले- अंतर्राष्ट्रीय समुदाय हमलों के बारे में जानबूझकर रहा चुप
- लेबनान के दक्षिणी हिस्से में एक शहर के मेयर की भी हमले में मौत, इजराइली सेना ने बिना सबूत किए हमले



दक्षिण लेबनान के काना गांव में इजरायली हवाई हमले से नष्ट हुई इमारतों से उठता धुंआ। ● एजेंसी

लेबनान में किये गए इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 21 लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इन हमलों में, एक दक्षिणी शहर पर की गई बमबारी भी शामिल है जिसमें एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई। लेबनान के दक्षिणी हिस्से में एक अन्य स्थान पर, एक शहर के मेयर की भी हमले में मौत हो गई।

लेबनानी अधिकारियों ने बताया कि यह हमला राहत प्रयासों में समन्वय के लिए आयोजित बैठक स्थल को निशाना बनाकर किया गया। दक्षिणी शहर कना में मंगलवार देर रात किए गए हमलों पर इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई, जहां 15 लोग मारे गए हैं। लेबनान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने इजराइल पर, राहत प्रयासों पर चर्चा करने के लिए आयोजित नगर परिषद की बैठक को जानबूझकर निशाना बनाने का आरोप लगाया और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय उन इजराइली हमलों के बारे में जानबूझकर चुप रहा है, जिसमें नागरिक मारे गए हैं। उन्होंने एक बयान में कहा इस वास्तविकता के आलोक में किस समाधान की उम्मीद की जा सकती है? इजराइली सेना ने बिना कोई सबूत दिए कहा कि उसने बुधवार के हमलों में नबातियेह के नागरिक क्षेत्रों में स्थित हिज्बुल्ला के कमांड केंद्रों और हथियार भंडारों को निशाना बनाया।

इजराइल ने छह दिन के विराम के बाद बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर भी बमबारी शुरू कर दी और एक अपार्टमेंट भवन के नीचे स्थित हथियारों के गोदाम को निशाना बनाया। सेना ने हमले से पहले निवासियों को घर खाली करने की चेतावनी दी थी और किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। मंगलवार देर रात दक्षिणी शहर कना पर किए गए हमलों पर इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। घटनास्थल से एसोसिएटेड प्रेस की तस्वीरों और वीडियो में कई इमारतें जमींदोज नजर आ रही हैं तथा कुछ की ऊपरी मंजिलें ढही हुई दिख रही हैं।

### 1996 और 2006 के युद्ध के दौरान भी निशाने पर आईं रिहायशी इमारतें

वर्ष 1996 में, कना में सैकड़ों विस्थापित लोगों के आवास वाले संयुक्त राष्ट्र परिसर पर इजराइली गोलाबारी में कम से कम 100 नागरिक मारे गए थे और चार संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों सहित कई लोग घायल हुए थे। वर्ष 2006 के युद्ध के दौरान एक रिहायशी इमारत पर इजराइल के हमले में करीब 36 लोग मारे गए थे जिनमें से एक तिहाई बच्चे थे। इजराइल ने उस समय कहा था कि उसने हिजबुल्ला के एक रॉकेट लॉन्चर को निशाना बनाकर यह हमला किया था।

### ईरान के तेल क्षेत्रों पर हमला करे इजरायली सरकार : लैपिड

**यरुशलम।** इजरायल की संसद में विपक्षी नेता यायर लैपिड ने सरकार से जवाबी हमले में ईरान की अर्थव्यवस्था को तबाह करने के लिए उसके तेल क्षेत्रों को निशाना बनाने की अपील की है। द वाशिंगटन पोस्ट अखबार ने सोमवार को सूत्रों का हवाला से अपनी रिपोर्ट में बताया कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन से कहा कि वह तेल या परमाणु प्रतिष्ठानों के बजाय ईरान की सैन्य केंद्रों पर हमला करने के लिए तैयार हैं। लैपिड ने मंगलवार को द यरुशलम पोस्ट अखबार से कहा हमें तेल क्षेत्रों से शुरुआत करनी चाहिए। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका इसलिए चिंतित है कि इस तरह के हमले से वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें प्रभावित होने से डर रहा है, क्योंकि अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है और वह इससे पहले केअंतिम हफ्तों में अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान होने से डर रहा है। मैं अमेरिकी प्रशासन से असहमत हूं। मुझे नहीं लगता है कि चुनाव से कुछ समय पहले इसके कारण दुनिया में तेल की कीमतों में काफी वृद्धि होगी। सऊदी अरब जैसे अन्य तेल उत्पादक देशों के साथ तेल उत्पादन को बढ़ाने को लेकर बातचीत की जा सकती है।

## नाइजीरिया : पेट्रोल टैंकर में विस्फोट से 140 की मौत

**अबुजा (नाइजीरिया), एजेंसी**

- वाहन से गिर रहे ईंधन को निकालने की कोशिश कर रहे थे लोग तब हुआ हादसा
- टैंकर चालक के नियंत्रण खोने पर पलटा वाहन, जिगावा राज्य के माजिया नगर में हुआ विस्फोट

नाइजीरिया में पेट्रोल टैंकर के पलट जाने और उसमें विस्फोट होने से बच्चों सहित 140 से अधिक लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। आपातकालीन सेवाओं की तरफ से बुधवार को बताया गया कि यह घटना उस समय हुई जब लोग वाहन से गिर रहे ईंधन को निकालने की कोशिश कर रहे थे।

स्थानीय पुलिस प्रवक्ता लॉन एडम ने बताया कि यह विस्फोट मध्य रात्रि के बाद जिगावा राज्य के माजिया नगर में हुआ, जब राजमार्ग पर टैंकर चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और ईंधन इकट्ठा करने लगे, उसी समय भयंकर आग भड़क उठी। क्षेत्र में राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी की प्रमुख नूरा अब्दुल्लाही ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया अन्य स्थानों पर दफनाए गए लोगों के अलावा करीब 140 लोगों को सामूहिक कब्र में दफनाया गया। बुधवार की सुबह माजिया कस्बे के निवासी शोक में थे और स्थानीय लोगों ने पीड़ितों के लिए सामूहिक अंतिम संस्कार किया था। आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि ज्यादातर शव पहचानने लायक नहीं थे। अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश नाइजीरिया में घातक टैंकर दुर्घटनाएं आम बात हैं, जहां कई स्थानों पर यातायात नियमों का कड़ाई से पालन नहीं किया जाता और माल परिवहन के लिए कुशल रेलवे प्रणाली जैसे विकल्पों का अभाव है।

### ईंधन की बढ़ी कीमतें भी हैं हादसे की जिम्मेदार

ऐसी दुर्घटनाओं के बाद लोगों द्वारा ईंधन इकट्ठा करना भी आम बात है, विशेषकर नाइजीरिया में ईंधन की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर। सरकार ने ईंधन पर सब्सिडी खत्म कर दी है जिसके बाद पिछले साल की शुरुआत से ईंधन के दाम तीन गुना हो चुके हैं। पुलिस ने बताया कि नवीनतम दुर्घटना में शामिल चालक पड़ोसी राज्य कानो से लगभग 110 किलोमीटर की यात्रा करके आया था। जिगावा राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने शुरू में मृतकों की संख्या 105 बताई थी, जिनमें अस्पताल में इलाज के दौरान मरने वाले लोग भी शामिल थे। जिगावा आपातकालीन सेवाओं के प्रमुख डॉ. हारुना मैरिगा ने बताया कि अधिकांश पीड़ित दुर्घटना स्थल पर ही जलकर राख हो गए।

## पेड़ों की कटाई : दिल्ली के उपराज्यपाल को व्यक्तिगत हलफनामा देने का निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- डीडीए और अन्य के खिलाफ अवमानना मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के रिज इलाके में पेड़ों की कथित कटाई के मुद्दे पर बुधवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अध्यक्ष एवं उपराज्यपाल वीके सक्सेना को 22 अक्टूबर तक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने को कहा।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व मनोज मिश्रा की पीठ रिज क्षेत्र में पेड़ों की कथित कटाई के मुद्दे पर डीडीए और अन्य के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई कर रही है। न्यायालय ने उपराज्यपाल को दोषी अधिकारियों पर की कार्रवाई सहित अन्य का विवरण देने को कहा है। सीजेआई ने कहा कि पीठ ने डीडीए अध्यक्ष को निर्देश दिया कि क्या पेड़ों की कटाई की अनुमति पर चर्चा के बारे में कोई जानकारी थी। दूसरा, उपराज्यपाल को कब सूचित किया गया कि अनुमति की जरूरत है। तीसरा, सुधारात्मक उपायों के रूप में क्या किया गया और चौथा, रिज की मूल प्रकृति को संरक्षित करने को कोर्ट के आदेश के बाद से दोषी अधिकारियों पर क्या कार्रवाई की गई। कोर्ट ने उपराज्यपाल को सुनवाई की अगली तारीख 22 अक्टूबर तक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। रिज क्षेत्र में पेड़ों की कथित कटाई को लेकर डीडीए के उपाध्यक्ष सुभाशीष पांडा और अन्य के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई अब सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ कर रही है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने पूर्व में इस विषय की सुनवाई की थी।

## कनाडाई वायु सेना ने एअर इंडिया के यात्रियों को पहुंचाया शिकागो

- विमान में चालक दल के 20 समेत 211 यात्री थे सवार, 18 घंटे बाद मिली मदद

**नई दिल्ली।** कनाडाई वायु सेना के विमान एअर इंडिया की उड़ान के 191 यात्रियों को इकालुइट हवाई अड्डे से शिकागो पहुंचा। एअर इंडिया की इस उड़ान को, विमान में बम होने की धमकी मिलने के बाद उसका मार्ग परिवर्तित कर इकालुइट ले जाया गया था। विमान में चालक दल के 20 सदस्यों समेत 211 यात्री सवार थे। विमान को इकालुइट ले जाने के 18 घंटे से अधिक समय बाद यात्रियों को शिकागो ले जाया गया।

एअर इंडिया ने बुधवार को बताया कि 15 अक्टूबर को कनाडा के इकालुइट ले जायी गई उड़ान एआई127 के यात्री अपने गंतव्य शिकागो की ओर जा रहे हैं। एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों को कनाडाई वायु सेना के विमान से ले जाया जा रहा है, जिसने 3 बजकर 54 मिनट यूटीसी (समन्वित वैश्विक समय) पर इकालुइट से उड़ान भरी। इकालुइट में मंगलवार को 3 बजकर 54 मिनट का समन्वित वैश्विक समय रात 11 बजकर 54 मिनट था। विमान सुबह 5 बजकर 21 मिनट पर इकालुइट हवाई अड्डे पर उतरा था।

## मस्जिद में जय श्रीराम का नारा लगाना अपराध नहीं, धार्मिक भावना कैसे हुई आहत : हाईकोर्ट

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- कोर्ट ने दो लोगों के खिलाफ दर्ज किए गए आपराधिक मामले को किया खारिज



कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बुधवार को मस्जिद के अंदर जय श्रीराम के नारे लगाने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि यह समझ से परे है कि जय श्री राम के नारे लगाने से किसी की धार्मिक भावनाएं कैसे आहत होंगी।

न्यायालय ने फैसले में कहा कि मस्जिद में जय श्रीराम का नारा लगाना धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने या सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना नहीं है। कोर्ट ने यह फैसला सुनाते हुए धार्मिक मान्यताओं का अपमान करने के दो आरोपियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने दक्षिण कन्नड़ के कीर्तन और सचिन के खिलाफ आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह समझ से परे है कि जय श्रीराम का नारा लगाना किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को कैसे ठेस पहुँचाएगा, जबकि शिकायतकर्ता खुद कहता है कि इलाके में हिन्दू और मुसलमान सद्भाव से रह रहे हैं। न्यायालय ने कहा कि धारा 295ए धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्यों से संबंधित है। इस धारा के तहत कोई भी कार्य तब तक अपराध नहीं माना जाएगा जब तक कि वह शांति या सार्वजनिक व्यवस्था को भंग न करता हो। सार्वजनिक व्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़ने और घटना में किसी भी तरह की वास्तविक संलिप्तता न होने के कारण, न्यायालय ने निष्कर्ष निकाला कि इन याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आगे की कार्रवाई की अनुमति देना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

## बच्चे के सामने यौन संबंध बनाना उत्पीड़न के समान

**कोच्चि, एजेंसी**



- पॉक्सो के तहत दर्ज मामले को रद करने की याचिका पर केरला हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

केरल हाईकोर्ट ने कहा है कि नाबालिग के समक्ष यौन संबंध बनाना या निर्वस्त्र होना बच्चे का यौन उत्पीड़न है और यह यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दंडनीय है। न्यायमूर्ति ए बदरुद्दीन ने यह फैसला एक याचिका पर सुनाया, जिसमें पॉक्सो और किशोर न्याय अधिनियम के तहत दर्ज मामले को रद करने का अनुरोध किया गया था।

याचिकाकर्ता पर आरोप था कि उसने कमरे का दरवाजा बंद किए बिना लॉज में नाबालिग की मां से यौन संबंध बनाए और इस कृत्य को देखने वाले लड़के की पिटाई की, क्योंकि उसने इस पर सवाल उठाया था। आरोपी ने याचिका में दावा किया कि उसके खिलाफ कोई भी अपराध नहीं बनता। हाईकोर्ट ने कहा कि जब कोई व्यक्ति किसी बच्चे को अपना निर्वस्त्र शरीर दिखाता है, तो यह बच्चे पर यौन उत्पीड़न करने के इरादे से किया गया कृत्य है। इसलिए, पॉक्सो अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध होगा। आरोप यह है कि आरोपी ने निर्वस्त्र होकर कमरे को बंद किए बिना यौन संबंध बनाए और नाबालिग को कमरे में प्रवेश करने दिया, जिससे नाबालिग ने यह कृत्य देखा। प्रथम दृष्टया, इस मामले में आरोपी के खिलाफ पॉक्सो का आरोप बनता है। चूंकि व्यक्ति ने बच्चे की पिटाई की और नाबालिग की मां ने उसे नहीं जो अपराध है। न्यायालय ने कहा कि व्यक्ति को पॉक्सो और आईपीसी की धारा 323 व 34 के तहत मुकदमे का सामना करना होगा।

## जन औषधि नाम के गलत प्रयोग पर 10 लाख का लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने मध्य प्रदेश की कंपनी को जन औषधि से मिलते-जुलते नाम के उपयोग पर जुर्माना लगाते हुए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) को 10 लाख रुपये का हर्जाना देने का आदेश दिया है।

रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने बताया कि नई दिल्ली की जिला अदालत ने मध्य प्रदेश के भोपाल में जन औषधि संघ के नाम से संचालित संगठन के नाम में साम्यता को लेकर उसे इस नाम का इस्तेमाल करने पर रोक दिया है। यह कंपनी इरादतन पीएमबीजेपी के ट्रेडमार्क जन औषधि से मिलते-जुलते नाम का इस्तेमाल कर रही थी। इसका मकसद जनता के मन में भ्रम पैदा करना और जन औषधि की साख को नुकसान पहुंचाना था। अदालत ने उल्लंघनकर्ता और उसके मालिकों, साझेदारों को उक्त चिह्न जन औषधि का उपयोग करने से रोकने का आदेश दिया है।

**खगोल विज्ञान** | पीने का पानी, हवा व रॉकेट ईंधन बनाने के लिए होगा बर्फ का उपयोग

## चांद की सतह में दबे हैं बर्फ के विशाल भंडार

**अमृत विचार, नैनीताल**



चंद्रमा के काले हिस्सों में बर्फ का मानचित्र।

चांद की सतह नीरस नही, बल्कि बर्फ के अकूत भंडारों के साथ गिली है। नासा के लूनर रिकोनिसेंस ऑर्बिटर से इसका पता चला है। चंद्रमा पर बर्फ होना होना तरल जल की समस्या का हल है। इसका उपयोग पीने का पानी, हवा और यहां तक कि रॉकेट ईंधन बनाने के लिए भी किया जा सकता है।

चंद्रमा अंतरिक्ष के सफर का केंद्र बिंदु है। इस उपग्रह पर बुनियादी सुविधाओं का होना नितांत जरूरी है। इस कड़ी में पानी का बर्फ के रूप में मौजूद होना, खगोलविदों के किये अत्यंत खुशी की खबर है। पानी जीवन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण जरूरत है। इस खोज के बाद चुनौती भोजन के साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं को जुटाना है। बहरहाल चांद पर बर्फ का मिलना वैज्ञानिकों के हौसलों को बुलंद करना है। खोजकर्ता नासा के वैज्ञानिक कहते हैं कि विभिन्न देशों के चंद्रमा की परिक्रमा करने वाले अंतरिक्ष यानों ने 2000 के दशक की शुरुआत में चंद्रमा के ध्रुवों पर पानी की बर्फ की उपस्थिति की पुष्टि कर दी थी।

पानी की बर्फ का भंडार गहरे छाया वाले चंद्रमा क्रेटर में मौजूद हैं। नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एलआरओ) के नए डेटा से बर्फ के पुख्ता सबूत हाथ लगे हैं। सूर्य की रोशनी की कमी व अत्यधिक ठंड के कारण बर्फ जमी रहती है। चंद्रमा पर बर्फ भविष्य के चंद्रमा खोजकर्ताओं के लिए अत्यधिक रुचि का विषय है। इसका उपयोग पीने का पानी के अलावा हवा और रॉकेट ईंधन बनाने के लिए भी किया जा सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी की तुलना में चंद्रमा अत्यंत शुष्क स्थान है। वहाँ नदियाँ या झीलें नहीं हैं, यहाँ तक कि पोखर भी नहीं। मगर मिट्टी में पानी के अणु मौजूद हैं। बर्फ के भंडार मुख्य रूप से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि अभी तक ठीक से पता नहीं है कि वहां कितनी अधिक बर्फ है या कितनी गहराई तक दबी हुई है। इसका पता भी जल्द लगाने की कोशिश की जाएगी।

### चांद पर बर्फ कैसे पहुंची

**नैनीताल :** चंद्रमा पर न तो तरल पानी है और न ही बर्फ के लायक कोई वातावरण है, फिर वहां बर्फ कैसे पहुंची। यह बेहद रोचक विषय है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि इसकी तीन मुख्य संभावनाएँ हैं। संभवत: धूमकेतु के जरिए आयी होगी है। दूसरी संभावना चंद्रमा के आंतरिक भाग से ही गैस के रूप में निकलती है जो सतह पर जम जाती है। तीसरी संभावना सौर वायु में हाइड्रोजन और चंद्र रेजोलिथ में ऑक्सीजन के बीच रासायनिक प्रतिक्रिया से भी बर्फ उत्पन्न हो सकती है।

## तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में मॉरिटानिया पहुंचीं राष्ट्रपति

**नुआकशोत (मॉरिटानिया)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अफ्रीका के तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत यहां पहुंचीं। इस दौरान वह मॉरिटानिया के अपने समकक्ष मोहम्मद औलद गजौनी के साथ कई मुद्दों पर वार्ता करेंगी। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से एक्स पर जारी किए गए एक पोस्ट में कहा गया कि राष्ट्रपति मुर्मू मॉरिटानिया पहुंची गईं हैं। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की मॉरिटानिया की पहली यात्रा है।

राष्ट्रपति के नुआकशोत-ओमटौन्सी हवाई अड्डे पर पहुंचने पर राष्ट्रपति गजौनी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मुर्मू दोनों पक्ष संस्कृति, विदेश कार्यालय संस्थानों, विदेश कार्यालय परामर्श और राजनयिक व आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा छूट समझौतों के क्षेत्रों में चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करेंगे।